# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 31 जुलाई 2025


भारी बारिश और बाढ़ से घिरा आधा प्रदेश

# सेना ने करीब 3 हजार लोगों को बचाया

## किसी के घर बह गए तो कई गांव बन गए टापू, सड़कों पर चल रही नाव, बचाव दल रात-दिन कर रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल
गुना/अशोक नगर/श्योपुर

प्रदेश में बीते तीन दिनों को लगातार भारी बारिश हो रही है। गुना, शिवपुरी समेत कुछ जिलों में लोगों के रेस्क्यू के लिए सेना को बुलानी पड़ी। करीब 3 हजार लोगों को बचाया गया। शिवपुरी के कोलारस में पचावली गांव में बाढ़ में फंसे 27 स्कूली बच्चों को सेना ने बोट से 30 घंटे बाद सुरक्षित निकाला।

भारी बारिश के अलर्ट के चलते शिवपुरी में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। जबलपुर में ही 9 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा 1 इंच पानी गिरा। मुरैना में चंबल नदी उफान पर है। इसका जलस्तर 140.90 मीटर पर पहुंच गया है। मुरैना, सबलगढ़, अंबाह तहसील सहित जिलेभर में 500 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। मुरैना तहसील के दो गांव भानपुरा और बरबासीन में ▸▸शेष पेज 4 पर

कोलारस में पचावली गांव में बाढ़ में फंसे 27 स्कूली बच्चों को सेना ने बोट से 30 घंटे बाद सुरक्षित निकाला

मुरैना, सबलगढ़, अंबाह तहसील सहित जिलेभर में 500 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया



अशोक नगर में राजघाट डैम के 16 गेट खुले

भोपाल में 92.9 मिमी बारिश हुई। भोपाल में अब तक कुल 699.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 192.8 मिमी अधिक



शिवपुरी में रेस्क्यू में जुटी सेना

» बुधवार तक प्रदेश में सर्वाधिक बारिश गुना में 323 मिमी रही

» गुना और अशोकनगर जिले के अधिकांश क्षेत्रों में 150 से 200 मिमी बारिश हुई

### धुआंधार बारिश के बाद अब पांच दिन राहत के

#### दो दर्जन जिलों में अत्यधिक भारी से अति भारी बारिश

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बुधवार से धुआंधार बारिश में कमी रही। शुक्रवार से अगले 5 दिन प्रदेश के अधिकांश जिलों में भारी बारिश से राहत रहेगी। इस बीच मामूली बौछारें और रिमझिम जारी रहेगी। इससे दिन के तापमान में बढ़त होगी। 24 घंटे में दो दर्जन से अधिक जिलों में अत्यधिक भारी से अति भारी बारिश हुई। गुना में रिकॉर्ड तोड़ सर्वाधिक 323 मिमी बारिश हुई। रायसेन में 158.8, श्योपुर 150, शिवपुरी 100, नौगांव में 94.2, भोपाल में 92.9, नर्मदापुरम में 50 मिमी ▸▸शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री ने कहा-सरकार प्रशासन, सेना, आपदा प्रबंधन दल सब साथ, कलेक्टरों से ली जानकारी



## सजग रहें, ऐहतियात बरतें वर्षा प्रभावितों के भोजन-पानी और दवा सबकी व्यवस्था करें

जरूरी हुआ तो सरकार हेलिकॉप्टर से प्रभावितों को एयरलिफ्ट कराएगी

कलेक्टरों को निर्देश दिए कि बाढ़ का पानी कम होते ही जल्द से जल्द सर्वे करा लें और जिन वर्षा प्रभावितों का जिस तरह का भी नुकसान हुआ है, उन्हें समुचित मुआवजा देने के लिए विधिवत प्रस्ताव तैयार कर लें

हरिभूमि न्यूज ▸▸भोपाल

मप्र विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। इस बीच बुधवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधानसभा जाने से पहले आपदा नियंत्रण कक्ष पहुंचे। जिलों में चल रहे राहत एवं बचाव कार्यों का लाइव ऑपरेशन देखा।

उन्होंने आपदा बचाव दल में तैनात अधिकारियों से बात की और राहत एवं बचाव कार्यों के बारे में जानकारी ली। बाढ़ से बचाव दल अधिकारियों ▸▸शेष पेज 4 पर

### पूरी क्षमता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे

मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों से कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है, सरकार हर कदम पर आपके साथ है। पीड़ितों के घर सामान, फसल, पशु जिसकी भी हानि हुई है, सरकार उसकी समुचित भरपाई करेगी। सीएम को बताया गया कि बीते तीन दिनों से भारी वर्षा हो रही है। जिससे कुछ जिलों में गांव और घरों में पानी भर जाने से अब तक करीब 3 हजार से अधिक लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। प्रदेश में जहां-जहां अतिवर्षा की सूचना और लोगों के बाढ़ के पानी फंस जाने की जानकारी मिलीं हैं, वहां पूरी क्षमता से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं।









### खबर संक्षेप

#### पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के सेमीफाइनल में भारत चैम्पियंस ने पाकिस्तान चैम्पियंस के खिलाफ खेलने से इनकार कर दिया है। यह मैच गुरुवार को होना था। भारतीय टीम का कहना है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी तरह का मुकाबला नहीं खेलना चाहते। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में यह फैसला लिया है।



#### बिहार: यात्रा पर निकलेंगे राहुल और तेजस्वी

**पटना।** बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों का महागठबंधन राज्य में यात्रा निकालने जा रहा है। तेजस्वी यादव के घर बुधवार को बिहार चुनाव को लेकर हुई समन्वय समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। बिहार विस में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के साथ राहुल गांधी भी शामिल होंगे।



#### हाइवे पर अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसले में कहा कि ड्राइविंग करते हुए हाइवे पर अचानक ब्रेक लगाना लापरवाही है। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई कार चालक बिना किसी चेतावनी के नेशनल हाइवे पर अचानक ब्रेक लगाता है तो उसे सड़क दुर्घटना की स्थिति में लापरवाही माना जा सकता है।



राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई चर्चा में गृहमंत्री शाह ने कहा- वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण नहीं चलेगा

# मोदी सरकार का संकल्प-जम्मू कश्मीर में आतंकियों का खात्मा होकर ही रहेगा

शाह ने कहा कि मुझे मालूम है कि ये लोग (विपक्ष) क्यों भाग रहे हैं, क्योंकि इतने सालों तक अपने वोटबैंक के चक्कर में आतंकवाद को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया

शाह ने कहा कि कल यानी मंगलवार को आप (कांग्रेस) पूछ रहे थे कि वे (पहलगाम के आतंकवादी) आज ही क्यों मारे गए? उन्हें कल क्यों नहीं मारा जाना चाहिए था। क्योंकि, राहुल गांधी को अपना भाषण देना था

एजेंसी ▸▸नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का बुधवार को आठवां दिन था। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दूसरे दिन की चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल यानी मंगलवार को आप (कांग्रेस) पूछ रहे थे कि वे (पहलगाम के आतंकवादी) आज ही क्यों मारे गए। उन्हें कल क्यों नहीं मारा जाना चाहिए था। क्योंकि, राहुल गांधी को अपना भाषण देना था। ऐसा नहीं चलता।

पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का खात्मा नहीं, बल्कि राजनीति, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति है। राज्यसभा में केंद्रीय गृह ▸▸शेष पेज 4 पर

आतंकियों के पास से 44 कारतूस भी बरामद किए गए जिसकी जांच की गई और उसी का इस्तेमाल पहलगाम हमले में किया गया था

चेहरे की पहचान भी कैमरे से हुई, आतंकियों के चेहरे का मिलान हो चुका है



### राज्यसभा से विपक्षी सांसदों ने किया वॉकआउट

#### खरगे बोले- पीएम का न आना सदन का अपमान



शाह के भाषण के बीच विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया। विपक्ष की मांग थी कि पीएम मोदी के तमाम मुद्दों पर खुद आकर जवाब देना चाहिए। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि अगर पीएम खुद सदन में आकर जवाब नहीं देते तो यह सदन का अपमान है। इसके साथ ही विपक्षी सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर लिया। शाह के भाषण पर हंगामा हुआ तो अमित शाह ▸▸शेष पेज 4 पर

और, क्या बोले शाह

#### सुरक्षा बलों ने भारत का सम्मान बढ़ाया

ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव। इन दोनों के लिए जिन सुरक्षा बलों ने भारत का सम्मान बढ़ाया है, उन सभी को हम हृदयपूर्वक बहुत बहुत साधुवाद देना चाहता हूं। मैं पीएम मोदी का भी बहुत बहुत अभिनंदन करना चाहता हूं, जिन्होंने देश की 140 करोड़ जनता की जो इच्छा थी उसके अनुरूप सटीक जवाब देने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई। पहलगाम में हमारे देश के नागरिकों को धर्म पूछकर और चुन-चुन कर उनके परिवार के सामने मारा गया, मैं उन सभी दिवंगत नागरिकों के परिवार के साथ अपनी संवेदना व्यक्त ▸▸शेष पेज 4 पर ▸▸पढ़ें पेज 07 भी

सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर हुआ भारी भूस्खलन

## केदारनाथ यात्रा पर तीन दिन के लिए लगा 'ब्रेक'

पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढह गया



एजेंसी ▸▸ रुद्रप्रयाग

सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते केदारनाथ यात्रा पर ब्रेक लग गया है। मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढहने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। यहां दोनों तरफ से आवाजाही ठप हो गई है।

मौसम के ठीक होने पर बुधवार सुबह तक सड़क बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन भारी भूस्खलन के चलते सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग बंद हो गया। हाईवे बंद होने पर पुलिस ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग से दोतरफा आवाजाही को रोक दिया है। मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे बारिश के बीच मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे ऊपरी तरफ चट्टान का बड़ा हिस्सा भरभराकर सड़क आ गिरा। उस दौरान हाईवे से वाहन नहीं गुजर रहे थे, अन्यथा नुकसान हो सकता था।

### मार्ग पर बोल्डर और मलबा गिरा

सोनप्रयाग कोतवाली प्रभारी राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि बड़े-बड़े बोल्डर के साथ ही मलबा भी गिरा है, जिससे आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इससे गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रियों को रोक दिया गया है। एनएच के अधिशासी अभियंता ओंकार नाथ पांडे ने बताया कि दो मशीनों की मदद से मलबा साफ करने का काम शुरू कर दिया गया है। रुक-रुककर होती बारिश और अंधेरे के चलते कार्य में दिक्कत हो रही है। मौसम ने साथ दिया तो हाईवे पर यातायात बहाल होगा। दिनभर हुई बारिश के बीच सोनप्रयाग से 2000 श्रद्धालु पैदल मार्ग से धाम रवाना हुए। वहीं 1300 यात्री शाम 5 बजे तक सोनप्रयाग पहुंच गए थे।

**महामंडलेश्वर बोले-** फकीर की पूजा क्यों करें?

मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण खत्म होना चाहिए

## साईं बाबा की मूर्ति कुए में डाल दो और फोटो जला दो

हरिभूमि न्यूज ▸▸उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज ने साईं बाबा की पूजा करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वेद और सनातन परंपरा में साईं बाबा की पूजा मान्य नहीं है। कोई भी पुजारी, पंडित और मंदिरों के पदाधिकारी उनकी पूजा न करें। अगर, किसी हिंदू के घर में साईं बाबा की मूर्ति या फोटो है, तो उसे हटा देना चाहिए। मूर्ति को कुए में डाल दो और फोटो को आग लगा दो। हमारे हिंदू धर्म में 84 करोड़ देवी-देवता हैं, फिर हम एक फकीर की पूजा क्यों करें? उन्होंने ▸▸शेष पेज 4 पर

**जबलपुर हाईकोर्ट में** आयोजित हुआ शपथ ग्रहण समारोह

अब जजों की संख्या 44 हुई, जबलपुर हाईकोर्ट में 53 पद स्वीकृत हैं

## मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने 11 नए जजों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸जबलपुर



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में बुधवार को 11 जजों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सभी जजों को मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा ने शपथ दिलाई। इन जजों के नियुक्त होने के बाद मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में जजों की संख्या 44 हो गई है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में पहली बार इतनी संख्या में जज काम करेंगे। अभी तक प्रदेश हाई कोर्ट में 33 जज काम कर रहे थे। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में कुल मिलाकर 53 जजों के पद स्वीकृत ▸▸शेष पेज 4 पर






### गुजरात एटीएस को मिली बड़ी सफलता

झारखंड निवासी शमा पिछले 5 साल से बेंगलुरु में रह रही थी

# 'अलकायदा मॉड्यूल' की पहली बार कोई महिला गिरफ्तार, कट्टरपंथी गतिविधियों को दे रही थी बढ़ावा

**डीएसपी वीरजीतसिंह परमार के नेतृत्व में गुजरात एटीएस की एक टीम ने केंद्रीय एजेंसियों और बेंगलुरु शहर पुलिस की सहायता से 29 जुलाई को परवीन का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया**

एजेंसी ▸▸अहमदाबाद

गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने कुछ दिन पहले 4 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया था। अब अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) मॉड्यूल से जुड़े पांचवें व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। झारखंड की रहने वाली 30 वर्षीय शमा परवीन (पिछले 5 सालों से बेंगलुरु में रह रही ▸▸शेष पेज 4 पर



#### देशद्रोहियों के इंस्टाग्राम व फेसबुक अकाउंट चला रही थी

गुजरात एटीएस के अनुसार परवीन के मोबाइल फोन की शुरुआती जांच से पता चला है कि वह पूर्व आरोपियों की जांच से जुड़े इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट चला रही थी। उसने मौलाना असीम उमर और अनवर अल-अवलाकी जैसे एक्यूआईएस नेताओं के भाषण अपलोड किए थे, जो हिंसक जिहाद और गजवा-ए-हिंद को बढ़ावा देते थे। उसने कथित तौर पर लाहौर की लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज के वीडियो भी शेयर किए थे, जिनके बारे में ▸▸शेष पेज 4 पर

#### उल्फा से भी जुड़ी हो सकती है परवीन

*परवीन सोशल मीडिया के माध्यम से यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (यूएलएफए) से जुड़े व्यक्तियों के संपर्क में भी थी। परवीन की ऑनलाइन गतिविधियों का उद्देश्य लोगों को कट्टरपंथी बनाना और चरमपंथी आंदोलनों के लिए समर्थन हासिल करना था। गिरफ्तारी के बाद परवीन को आगे की कानूनी कार्यवाही* ▸▸शेष पेज 4 पर

# 'समंदर' सा नजारा



राजधानी में लगातार तीन दिन की बारिश और कोलांस नदी का पानी आने से बड़े तालाब में समुद्र की तरह नजारा दिखाई दे रहा है। उस पर उछलती बड़ी-बड़ी लहरें भी मन मोह रही हैं।

# जुलाई बीता, अब अगस्त का पहला सप्ताह हल्की धूप, कुछ उमस और रिमझिम का

## अगस्त के दूसरे सप्ताह की शुरुआत में फिर झमाझम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार से मौसम ने करवट बदलना शुरू कर दी है। सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे तक भोपाल में केवल एक मिमी बारिश हुई, जिससे टूटी और उखड़ी सड़कों पर वाहनों के आते-जाते वक्त धूल का असर रहा। दिन का पारा 2.3 डिग्री बढ़कर 27.1 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री कम है।

गुरुवार को जुलाई के अंतिम दिन तक बारिश पर काफी हद तक ब्रेक होने से पारा और बढ़ेगा। वहीं, अगस्त के पहले सप्ताह में भी मौसम का यही मिजाज रहेगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगस्त का पहला सप्ताह आमतौर पर कम बारिश का रहेगा, लेकिन दूसरे सप्ताह की शुरूआत से ही फिर से तेज से मध्यम बारिश होने का अनुमान है।

**बारिश थमते ही टूटी उखड़ी सड़कों पर उड़ी धूल**



बाणगंगा क्षेत्र में सड़क पर उड़ती धूल

### 30 जुलाई तक कोटे से 91 मिमी अधिक बारिश

शहर में बुधवार शाम तक जुलाई के कोटे से अधिक बारिश हो चुकी है। जुलाई में औसतन 367.7 मिमी तक बारिश का कोटा है, जबकि अब तक 459.1 मिमी बारिश हो चुकी है। यह कोटे से करीब 91.4 मिमी अधिक है। बुधवार शाम से गुरुवार शाम तक जो बारिश होगी, वह इसमें प्लस ही होगी। हालांकि, यहां एक जून से अब तक कुल 699.1 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य से 192.8 मिमी अधिक है। अब अगस्त में भी औसत बारिश का कोटा पूरा होने की पूरी संभावना है।

### कई जगह सड़कों पर पानी होने से लोग हुए परेशान

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार गुरुवार को भी शहर में बारिश का ज्यादा असर नहीं रहेगा। अगस्त में औसत बारिश की उम्मीद है। हालांकि, 7 से 13 अगस्त के बीच बारिश कुछ तेज रह सकती है। अगस्त में बारिश के दो से तीन दौर तेज हो सकते हैं। इधर, बुधवार को कई जगह सड़कों पर बारिश का पानी भरा रहने से लोगों को परेशान हुई।



एमपी नगर के जोन 2 में सड़क पर भरा पानी।

## सुरक्षा व्यवस्था नाकाफीः झरनों और पिकनिक स्पॉट तक बेझिझक पहुंच रहे लोग



बोट क्लब

राजधानी और आसपास के पिकनिक स्पॉट पर बारिश के बीच लोग पहुंच रहे है, लेकिन पुलिस की तरफ से अभी तक कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। दरअसल, डैम, तालाब में लोगों के डूबने के कारण मौत का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद पुलिस की तैनाती नहीं की गई है। साथ ही पुलिस द्वारा कोई भी बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। पुलिस का कहना है कि यह काम नगर निगम और जिला प्रशासन का है। पिकनिक स्पॉट पर पुलिस समय पर समय पर गश्त करती है। यहां पूरे समय पुलिस की तैनाती नहीं की जा सकती। पुलिस के पास इतना बल नहीं है। जिला प्रशासन ने तालाब के आसपास और डैम के आसपास गोताखोर तैनात कर रखें हैं। यह लोगों को पानी से दूरी बनाने की हिदायत देते हैं।

**बैरसिया में हादसा**

## खेत जाते समय नाले के तेज बहाव में बहा किसान

*बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया नरेंद्र में मंगलवार सुबह एक किसान नाला पार करते समय तेज बहाव में बह गया। घटना में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार प्रदीप मीणा पिता धर्मनारायण मीणा (30) गांव इमलिया नरेंद्र में रहते थे और खेती किसानी करते थे। मंगलवार सुबह वह घर से खेत जाने के लिए निकले थे। इस दौरान घर से कुछ दूरी पर स्थित नाले को वह पार कर रहे थे। नाले में पानी का बहाव तेज था। नाले में उतरते ही वह तेज बहाव में बहने लगे। उनसे कुछ दूरी पर उनके चाचा थे। प्रदीप को बहता देख चाचा ने दौड़ लगाई और वह पुल पर पहुंच गए। पुल से किसी तरह प्रदीप को बाहर निकाला और आसपास की लोगों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर प्रदीप को मृत घोषित कर दिया।*

## बचाव कार्य में जुटी रेस्क्यू टीमें, अशोकनगर में हेलीकॉप्टर से राहत व बचाव कार्य जारीः सीएम



राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष में मुख्यमंत्री ने बैठक की

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में जारी भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए राज्य सरकार पूरी गंभीरता और तत्परता से कार्य कर रही है। संकट की इस घड़ी में सरकार पूरी तरह से प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। बाढ़ प्रभावित जिलों में राहत और बचाव के कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राहत कार्यों को गति देने के लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय रक्षा मंत्रालय से सेना के हेलीकॉप्टरों की मांग की है। अशोकनगर जिले में लखनऊ से भेजा गया एक हेलीकॉप्टर राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को भोपाल स्थित राज्य आपदा नियंत्रण कक्ष से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन का लाइव निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मीडिया को दिए संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक मुरैना, गुना, शिवपुरी, रीवा, रायसेन, दमोह और अशोकनगर से करीब 2,900 लोगों को रेस्क्यू कर राहत शिविरों तक पहुंचाया गया है। पीड़ितों को भोजन, कपड़े, दवाएं और सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

**सीएम रख रहे अति वर्षा में राहत और बचाव कार्यों पर नजर**

### सरकार हर नागरिक की सुरक्षा और सहायता के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रेस्क्यू टीमों को पूरी क्षमता और संसाधनों के साथ मैदान में लगाया गया है। उन्होंने बताया कि अगले दो से तीन दिनों तक प्रदेश में बारिश की स्थिति बनी रहने की संभावना है, जिसे देखते हुए सभी जिलों में प्रशासन को हाई अलर्ट पर मुस्तैद और आल टाईम रेडी रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे सतर्कता बरतें, नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से दूरी बनाए रखें, करंट और जर्जर मकानों से सावधानी बरतें और किसी भी आपदा की स्थिति में अपनी तहसील या जिले के बाढ़ नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) को तुरंत सूचना दें। हमारी सरकार हर नागरिक की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय स्थिति या बाढ़ आदि में फंसे लोग बिलकुल न घबराएं, सरकार सबकी सुरक्षा में हर समय तत्पर है।

---

**खबर संक्षेप**



### गैस्ट्रो केयर और फ्रैक्चर अस्पताल के सामने से हटाई पार्किंग

**भोपाल।** नगर निगम ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के निर्देश पर बुधवार को अरेरा कॉलोनी स्थित गैस्ट्रो केयर और फ्रैक्चर अस्पताल के सामने ग्रीन बेल्ट पर किए गए अतिक्रमण को हटा दिया। भवन अनुज्ञा शाखा के अधिकारियों ने यह कार्रवाई दोपहर करीब एक बजे शुरू कराई। निगम अमले ने अस्पताल के सामने ग्रीन बेल्ट पर कब्जा कर बनाई गई पार्किंग, बेंचें, गुमठियां और अन्य सामान हटाया। फ्रैक्चर अस्पताल के सामने से भी ग्रीन बेल्ट पर रखे पेविंग ब्लाक और बेंचों को हटाकर पौधरोपण कराया गया। दरअसल, एनजीटी ने निगम को सख्त निर्देश दिए हैं कि शहर की ग्रीन बेल्ट से हर प्रकार का अतिक्रमण हटाया जाए और वहां हरित क्षेत्र को पुनः बहाल किया जाए। गुरुवार को होने वाली सुनवाई में निगम को इस कार्रवाई की रिपोर्ट पेश करनी है। निगम ने जवाहर चौक, कटारा हिल्स, अमलतास, मंदाकिनी और कबाड़खाना मैकेनिक मार्केट में भी कार्रवाई की है।

## बारिश में पौधों में पानी डालने के वायरल वीडियो को नगर निगम ने बताया गलत

### कहा, नगर निगम की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भरी बरसात में नगर निगम के वाटर टैंकर से पौधों को पानी देने का एक वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो से निगम की अच्छी खासी किरकिरी हुई, तो निगम ने शाम को इसका खंडन जारी कर वीडियो को भ्रामक बताया।

निगम ने दावा किया कि टैंकर से पौधों में पानी नहीं डाला जा रहा, बल्कि नगर निगम द्वारा चौराहों पर स्थापित फाउंटेन जिन्हें रोज चलाया जाता है, उसमें पानी डाला जा रहा है। फाउंटेन नोजल्स में गंदगी जमने से रोकने के लिए फाउंटेन को रोज चलाना होता है। वीडियो सात नंबर चौराहे की रोटरी का है, जहां फाउंटेन लगा हुआ है। उसमें टैंकर से पानी डाला जा रहा है। इंटरनेट मीडिया पर कथित वीडियो जारी कर आम शहरी को भ्रामक जानकारी देने और नगर निगम की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई है।



**मुख्य सचिव जैन से मामले की शिकायत**

## कार पर गिरा मेट्रो के पिलर का प्लास्टर शिकायत के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी जोन-2 स्थित प्रगति पेट्रोल पंप के पास मेट्रो पिलर 107 नंबर का प्लास्टर एक कार पर अचानक से गिर गया। इस मामले में कार चालक ने मुख्य सचिव अनुराग जैन को ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद मुख्य सचिव ने ये शिकायत कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह के पास भेज दी। उन्होने इस मामले की जांच के लिए एमपी नगर एसडीएम एलके खरे को मौके पर भेजा। एसडीएम ने बताया कि मौके पहुंचकर जांच की गई। इस दौरान पाया कि पिलर का प्लास्टर अचानक से गिर गया था। इस मामले में मेट्रो कंपनी के अफसरों को बता दिया गया है। उनको प्लास्टर दुरस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।



फाइल फोटो

**लैप्रोस्कोपिक तकनीक से हुआ ऑपरेशन**

## हमीदिया अस्पताल में ओ ब्लड ग्रुप के पति को बी ग्रुप की पत्नी ने दी किडनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के हमीदिया अस्पताल में पहली बार एक ऐसा किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है, जिसमें मरीज और डोनर का ब्लड ग्रुप मेल नहीं खाता था। ओ ब्लड ग्रुप के मरीज को बी ब्लड ग्रुप की पत्नी की किडनी लगाई गई। हमीदिया अस्पताल प्रदेश का पहला सरकारी अस्पताल है, जहां मिसमैच ब्लड ग्रुप किडनी ट्रांसप्लांट किया गया है, जिसमें मरीज और डोनर का ब्लड ग्रुप अलग था।

इस तरह के ट्रांसप्लांट में किडनी रिसेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है। ऐसे में मरीज को इसके लिए दवाओं की मदद से विशेष रूप से तैयार किया गया, जिसमें 15 दिन लगे। जिससे उसका शरीर नई किडनी को स्वीकार कर ले। शरीर की एंटी बॉडी का स्तर 29 जुलाई की शाम तय सीमा में आ गया। ऐसे में डॉक्टरों ने 30 जुलाई को सर्जरी करने का फैसला लिया।

43 वर्षीय मनुज कुमार परिवर्तित नाम नीमच निवासी को दो साल पहले किडनी की गंभीर बीमारी का पता चला था। मनुज ने गुर्दा प्रत्यारोपण की इच्छा जताई, लेकिन एकमात्र डोनर उनकी पत्नी थी, जिनका ब्लड ग्रुप बी था, जबकि मरीज का ओ। आमतौर पर इस स्थिति में ट्रांसप्लांट संभव नहीं होता, लेकिन हमीदिया अस्पताल की ट्रांसप्लांट टीम ने चुनौती स्वीकार की सफल ट्रांसप्लांट किया।



### पांच घंटे में हुई सर्जरी

इस ट्रांसप्लांट की विशेषता यह भी रही कि डोनर की किडनी लैप्रोस्कोपिक तकनीक से निकाली गई, जिससे कम दर्द और जल्दी रिकवरी संभव हुई। इसके बाद इसे मरीज में प्रत्यारोपित किया गया। **ट्रांसप्लांट टीम में शामिल रहे ये विशेषज्ञ :** डॉ. हिमांशु शर्मा, डॉ. आर.आर. बर्डे, डॉ. सौरभ जैन, डॉ. अमित जैन, डॉ. समीर व्यास, डॉ. नरेंद्र कुर्मी, डॉ. आर.पी. कौशल, डॉ. बृजेश कौशल, डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ. उर्मिला केसरी, डॉ. असीम, डॉ. सौरभ, डॉ. अजय, डॉ. स्कंद, डॉ. अभिषेक, डॉ. शुभम, डॉ. शिवासमय, डॉ. दीपक, डॉ. पायल, डॉ. रीनू, डॉ. सुष्मिता, डॉ. राशिका, डॉ. श्रावणी।

### उम्मीदों का रास्ता खुला

यह टांसप्लांट सिर्फ तकनीकी रूप से नहीं, बल्कि सरकारी संस्थानों में नई चिकित्सा संभावनाओं का रास्ता खोलने वाला कदम भी है। इससे आने वाले समय में अधिक मरीजों को लाभ मिल सकेगा, खासकर उन लोगों को जो ब्लड ग्रुप मिसमैच के कारण प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते थे।

डॉ. कविता सिंह, डीन, जीएमसी

**हादसों को लेकर कलेक्टर ने प्रतिबंधात्मक आदेश किए जारी**

## कल से बिना हेलमेट दोपहिया चालकों को नहीं मिलेगा पेट्रोल

### आदेश नहीं मानने पर पंप का लाइसेंस होगा रद्द, मेडिकल और इमरजेंसी में रहेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुए कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के सभी पेट्रोल पंपों से पेट्रोल भरवाने वाले दो पहिया वाहनों चालकों के लिए हेलमेट के पेट्रोल और सीएनजी नहीं देने के प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

अगर कोई पेट्रोल पंप इस आदेश का पालन नहीं करता, तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जमानत राशि जब्त कर लाइसेंस रद्द किया जा सकता है। कलेक्टर के आदेश में ऐसे दो पहिया वाहन चालक, जिन्होंने हेलमेट नहीं पहना है, उन्हें भोपाल जिले के किसी भी पेट्रोल पंप या सीएनजी पम्प पर पेट्रोल और सीएनजी नहीं दी जाएगी। बिना हेलमेट वाहन चलाने से यह जानलेवा हो सकता है। यह प्रतिबंध एक अगस्त से लागू होकर 29 सितंबर तक लागू रहेगा। यह प्रतिबंध मेडिकल संबंधी स्थितियों में लागू नहीं होगा।

### खाद्य विभाग का अमला करेगा पेट्रोल पंपों की निगरानी



वर्तमान में अधिकतर पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ऐसे में खाद्य विभाग इन पेट्रोल पंपों के सीसीटीवी फुटैज की जांच कर सकता है। इसके साथ आकस्मिक निगरानी भी की जा सकती है। बिना हेलमेट के पेट्रोल और सीएनजी देने वाले पेट्रोल पंप संचालकों पर एक्शन लिया जाएगा।

**रोजाना 21 लाख लीटर की खपत**

भोपाल में कुल 192 पेट्रोल पंप हैं। जहां हर रोज पेट्रोल और डीजल की खपत 21 लाख लीटर है। इनमें से आधी से ज्यादा पेट्रोल की खपत होती है। अब बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। यानी, मोटरसाइकिल चलाते समय हेलमेट पहनना अनिवार्य हो गया है।

### बिना हेलमेट आने वालों पर क्या कार्रवाई होगी?


पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन बिना हेलमेट के पेट्रोल देने पर पंप संचालक पर तो कार्रवाई करेगी, लेकिन जो पेट्रोल ले रहा है, उस पर क्या कार्रवाई होगी? सड़क पर पुलिस बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों को नहीं पकड़ पा रही है। इस पर भी सख्ती से कार्रवाई होनी चाहिए।




# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## रूस की धरती थर्राई, 30 बार महसूस किए गए झटके

# 8.7 तीव्रता का भूकंप, अमेरिका और जापान में 'सुनामी' का अलर्ट

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के पूर्वी तट पर कामचटका प्रायद्वीप के पास आए भूकंप ने तबाही मचा दी है। रिक्टर स्केल पर 8.7 तीव्रता वाले भूकंप से धरती कांपी तो लोग भी दहशत में आ गए। रूसी एजेंसी का कहना है कि भूकंप के बाद कामचटका में 30 से अधिक बार झटके महसूस किए गए। पलभर में तबाही के मंजर की आशंका को भांपते हुए लोग घरों से बाहर भागने लगे। वहीं, भूकंप के बाद रूस के कुरील द्वीप समूह और जापान के बड़े उत्तरी द्वीप होक्काइडो के तटीय इलाकों में सुनामी आ गई। तमाम इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। रूस के कामचटका में आए भूकंप के झटकों के वीडियो सोशल मीडिया पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

» *रूस के कुरील द्वीप समूह और जापान के बड़े उत्तरी द्वीप होक्काइडो के तटीय इलाकों में सुनामी आ गई*

भूकंप से घरों के अंदर अलमारियां गिर गईं, शीशे टूट गए, कारें सड़क पर क्षतिग्रस्त हो गईं और इमारतों में कांपती नजर आईं, कोई जनहानि नहीं हुई



### घरों के अंदर गिरी अलमारियां

भूकंप के बाद रूस के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की में लोग सड़कों पर आ गए। घरों के अंदर अलमारियां गिर गईं, शीशे टूट गए, कारें सड़क पर क्षतिग्रस्त हो गईं और इमारतों में कांपती नजर आईं। इससे पहले जुलाई में कामचटका ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुनामी का अलर्ट सायरन बजे

रूस के कामचटका में आए भूकंप के बाद रूस के कुरील द्वीप समूह और जापान के बड़े उत्तरी द्वीप होक्काइडो के तटीय इलाकों में सुनामी आ गई। होनोलूलू में मंगलवार को सुनामी चेतावनी सायरन बजने लगे और लोगों को ऊंचे स्थानों पर ▶▶ शेष पेज 4 पर

### » क्या है रिंग ऑफ फायर ?

दुनिया में मौजूदा समय में बड़े हिस्सों में ज्वालामुखी जमीन के ऊपर मौजूद हैं। हालांकि, इनकी एक बड़ी संख्या महासागर और समुद्रों की गहराई में भी है। खासकर प्रशांत महासागर में कई सदियों से ज्वालामुखी मौजूद हैं। इतना ही नहीं, एक विशाल क्षेत्र होने की वजह से प्रशांत महासागर में कई टेक्टॉनिक प्लेट्स (विवर्तनिक प्लेट्स) भी हैं, जिनका समय-समय पर जगह बदलना भूकंप का कारण बनता है। प्रशांत महासागर में जहां-जहां यह ज्वालामुखी भूकंप के केंद्रों के करीब हैं, उन्हें जोड़ने वाली रेखा को रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। यह एक अर्धचंद्र या घोड़े की नाल ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 08 भी


## खबर संक्षेप

### एक्ट्रेस नंदिनी गिरफ्तार कार से कुचलने का आरोप



**गुवाहाटी।** मशहूर असमिया एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप को गुवाहाटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर हिट एंड रन का आरोप है। पुलिस ने 29 जुलाई को उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की थी और 30 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 25 जुलाई की रात नंदिनी ने गुवाहाटी में 21 साल का छात्र को एसयूवी से टक्कर मार दी थी, जिसमें छात्र की मौत हो गई थी।

### एक्टर राजकुमार राव ने कोर्ट में किया सरेंडर



**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने अभिनेता राजकुमार राव के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द कराने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। यहां सरेंडर करने के बाद जमानत मिल गई। 2017 में फिल्म 'बहन होगी तेरी' के विवादास्पद प्रचार के दौरान धार्मिक भावनाएं भड़काने का केस दर्ज हुआ था।

### मुकेश अंबानी ला रहे 52 हजार करोड़ का आईपीओ



**नई दिल्ली।** एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज भारत के इतिहास के सबसे बड़े आईपीओ की तैयारी कर रही है। कंपनी अपनी टेलीकॉम यूनिट, जियो इन्फोकॉम को सार्वजनिक करने पर विचार कर रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह ग्रुप कंपनी में 5% हिस्सेदारी बेचकर 52,200 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहा है। यह लिस्टिंग न केवल पिछले सभी घरेलू आईपीओ रिकॉर्डों को पीछे छोड़ सकती है।

## आखिरकार, मछली 'जाल' में : भोपाल में ड्रग्स माफिया शारिक मछली पर बड़ी कार्रवाई

# 'मछली कुनबे' का अवैध साम्राज्य ध्वस्त 'सौ करोड़' की प्रॉपर्टी पर चला बुलडोजर



*सरकारी जमीन पर बिना इजाजत के बनाए गए मदरसा मैरिज लॉन, रिसॉर्ट, कारखाना, फार्महाउस और गोदाम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में जिला प्रशासन ने मछली परिवार की अवैध संपत्तियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को हताईखेड़ा डैम इलाके सहित 7 स्थानों पर बुलडोजर चलाकर करीब 100 करोड़ रुपये कीमत की अवैध संपत्तियों को ध्वस्त किया गया।

इन संपत्तियों में सरकारी जमीन पर बिना इजाजत के बनाए गए मदरसा, मैरिज लॉन, रिसॉर्ट, कारखाना, फार्महाउस और गोदाम शामिल हैं। एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया ने बताया कि यह कार्रवाई शकील अहमद (पिता शरीफ), शारिक (पिता शरीफ), इरशाद (पिता सरफराज), अताउल्लाह (पिता मुफ्ती), शारिक उर्फ मछली, सोहेल अहमद और शफीक अहमद के खिलाफ की ▶▶ शेष पेज 4 पर

जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माणों को ढहाया मकान, फॉर्म हाउस, फैक्ट्री को तोड़ा



### » लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो बरामद

बीते दिनों यासीन अहमद (25) और शाहवर अहमद (42) को भोपाल पुलिस क्राइम ब्रांच ने 3 ग्राम से ज्यादा एमडी के साथ गिरफ्तार किया था। दोनों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपियों के पास से नशीली दवा के अलावा एक पिस्तौल और लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो भी बरामद किए गए हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कुछ पुलिस अधिकारियों के साथ आरोपियों की कथित तस्वीरें एक्स ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

### परिवार पर क्या हैं आरोप


- *ड्रग तस्करी, महिलाओं के यौन शोषण और जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों में शामिल*
- *आरोपियों के पास से एक पिस्तौल और लड़कियों के आपत्तिजनक वीडियो भी बरामद किए गए*
- *बीते दिनों यासीन अहमद और शाहवर अहमद को भोपाल पुलिस ने एमडी के साथ गिरफ्तार किया था*

### हथाईखेड़ा-कोकता स्थित 7 ठिकानों पर हुई कार्रवाई

- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का फार्म हाउस खसरा नंबर 55 शासकीय भूमि में स्थित वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता
- शारिक पिता शरीफ अहमद का वेयर हाउस 40000 वर्ग फीट पर वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता
- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का सुमन फार्म शासकीय भूमि पर वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता
- इरशाद अहमद पिता सरफराज मोहम्मद खान द्वारा कारखाना शासकीय भूमि पर वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता
- अता उल रहमान पिता मुफ्ती रईस अहमद खान द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध मदरसा वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता
- शारिक अहमद उर्फ मछली ,सोहेल अहमद ,शफीक अहमद तीनों के पिता शरीफ अहमद तीन मंजिल कोठी शासकीय भूमि पर निवासी वार्ड नंबर 62, व बकरा मुर्गी पालन, कोकता

## ऐसी 146 कोयला खदानों का चयन किया गया

# देश की बंद हो चुकी कोयला खदानों में अब विकसित होंगे अलग तरह के पर्यटक स्थल



» *एडवेंचर टूरिज्म के तहत विकसित कर रहा पर्यटन मंत्रालय और कोयला मंत्रालय*

» *ग्वालियर के आईआईटीटीएम ने तैयार की है फिजिबिलिटी रिपोर्ट*

जावेद खान ▶▶ ग्वालियर

अलग खबर

एडवेंचर टूरिज्म के लिए मिनिस्ट्री आफ कोल यानी कोयला मंत्रालय ने पर्यटन मंत्रालय के सहयोग से ऐसी प्रोजेक्ट पर तैयारी शुरू कर दी है, जो बहुत ही आश्चर्यचकित करने वाला है। इसके तहत देश की ऐसी 146 कोयला खदानों का चयन किया गया है, जो अब बंद हो गई हैं और वहां कोयले के भंडार समाप्त हो चुके हैं। लेकिन इन बंद हो चुकी कोयला खदानों में काम करने वाले मजदूर और लेबर कॉलोनी अभी भी बसी हुई है, जहां अलग-अलग तरह की समस्याएं उत्पन्न हो रही है। कहीं अपराध बढ़ रहे हैं तो रोजगार की समस्या भी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### सुझाए गए विकास मॉडल में शामिल

- ईको-पर्यटन पार्क
- औद्योगिक विरासत संग्रहालय
- सांस्कृतिक और जनजातीय हब
- हस्तशिल्प गांव
- तीर्थ यात्रा सर्किट
- शैक्षणिक पर्यटन केंद्र

### पायलट प्रोजेक्ट के तहत 14 कोयला खदानों का चयन

पायलट प्रोजेक्ट के तहत देश की देश के अलग-अलग राज्यों में स्थित 14 कोयला खदानों का चयन किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की चार कोयला खदान भी शामिल हैं। प्रोफेसर आलोक ▶▶ शेष पेज 4 पर

कांग्रेस का आरोप
आदिवासियों को उनकी ही जमीन से किया जा रहा बेदखल

## गिरगिट, भैंस के सामने बीन बजाने के बाद बुधवार को नया प्रदर्शन

# कांग्रेस विधायक पत्तों की माला पहनकर पहुंचे विधानसभा, रामेश्वर बोले-यह ड्रामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा में सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस विधायकों द्वारा रोजाना प्रदर्शन किया जा रहा है। गिरगिट, भैंस के सामने बीन बजाने के बाद बुधवार को कांग्रेस विधायक पत्तों की माला पहनकर विधानसभा पहुंचे। कांग्रेस विधायकों ने गांधी प्रतिमा के सामने आदिवासियों की बेदखली और वन पट्टे निरस्त करने को लेकर प्रदर्शन किया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ▶▶ शेष पेज 4 पर



### कांग्रेस ने आदिवासियों की कभी भलाई नहीं की : रामेश्वर

विधानसभा में कांग्रेस द्वारा जल, जंगल और जमीन को लेकर किए गए प्रदर्शन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस अब आदिवासियों के नाम पर ड्रामा कर रही है, जबकि उनके शासन में ही आदिवासियों के अधिकार सबसे ज्यादा छीने गए। रामेश्वर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने कभी आदिवासियों की भलाई नहीं की, अब केवल ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

पीएम मोदी ने किया स्वागत

## पिपरहवा निशानियां 1898 में खोजी गई थीं

# भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के बाद भारत में 'वापसी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देश में वापसी की सराहना करते हुए इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गौरवपूर्ण और खुशी का क्षण बताया। 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए एक वक्तव्य में पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सरकार के प्रयास से मिले अवशेष

उल्लेखनीय है कि ये अवशेष, जिसमें अस्थि के टुकड़े, सोपस्टोन और क्रिस्टल के ताबूत, एक बलुआ पत्थर का संदूक, सोने के आभूषण और रत्न जैसे चढ़ावे शामिल हैं, 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेप्पे द्वारा खुदाई की गई थी। ब्राह्मी लिपि में एक शिलालेख इनकी पुष्टि ▶▶ शेष पेज 4 पर

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सरकार ने उठाया था बड़ा कदम

# डिजिटल मीडिया पर 1,400 से ज्यादा फर्जी यूआरएल ब्लॉक करने के दिए थे निर्देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

» इनमें भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ भड़काऊ सामग्री शामिल थी



सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान डिजिटल मीडिया पर 1,400 से ज्यादा यूआरएल ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए, क्योंकि इनमें झूठी, भ्रामक, भारत विरोधी समाचार सामग्री, सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील सामग्री (मुख्य रूप से पाकिस्तान स्थित सोशल मीडिया अकाउंट्स से) और भारतीय सशस्त्र बलों के खिलाफ भड़काऊ सामग्री शामिल थी। यह जानकारी बुधवार को संसद को दी गई। केंद्रीय रेल और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि यह देखा गया कि कुछ सोशल मीडिया हैंडल, जिनमें से कई भारत के बाहर से संचालित हो रहे थे, पहलगाम आतंकी हमले और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सक्रिय रूप से झूठी और संभावित रूप से हानिकारक जानकारी का प्रचार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धारा 69ए के तहत, सरकार ने भारत की संप्रभुता और अखंडता, ▶▶ शेष पेज 4 पर





## निसार सैटेलाइट लॉन्च: इसरो-नासा ने पहली बार मिलकर बनाया सैटेलाइट, पूरी धरती पर रखेगा नजर

यह पृथ्वी का एमआरआई स्कैनर

# कामचटका जैसे भूकंप-सुनामी से पहले बजेगा खतरे का सायरन, बच सकेंगी लाखों जिंदगियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बादलों का सीना चीरता हुए बुधवार को निसार अपने सफर में निकला। जब निसार सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5 बजकर 40 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो और नासा की इस साझेदारी ने एक ऐसा सैटेलाइट पृथ्वी की कक्षा में भेजा, जो भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी, और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की पहले से चेतावनी देगा।

इसे पृथ्वी का एमआरआई स्कैनर कहा जा रहा है, क्योंकि यह ▶▶ शेष पेज 4 पर

निसार की सफल लॉन्चिंग भारत और दुनिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि



### इसका नाम निसार क्यों?

इस सैटेलाइट को बनाने में करीब डेढ़ दशक का लंबा समय लगा है और साथ ही यह पहली बार है, जब भारतीय एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साथ मिलकर संयुक्त रूप से इस सैटेलाइट का निर्माण किया है। इस सैटेलाइट का नाम है एनआईएसएआर (नासा-इसरो सिंथेटिक अपरचर रडार सेटेलाइट)। इस सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग से अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और अमेरिका की साझेदारी की शुरुआत हुई।

### क्या है मिशन निसार?

- सैटेलाइट को सूर्य समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जहां से पूरी पृथ्वी पर नजर रखी जा सकेगी
- सैटेलाइट का कुल वजन 2,393 किलोग्राम है और यह 51.7 मीटर लंबा है।
- पहला चरण लॉन्चिंग का , दूसरा चरण सैटेलाइट की अंतरिक्ष में तैनाती का होगा, फिर इसके बाद सैटेलाइट को कमीशन किया जाएगा और फिर आखिरी विज्ञान चरण होगा।

## खबर संक्षेप

### माशिमं: द्वितीय परीक्षा के फेल विद्यार्थी ओपन बोर्ड की दे सकेंगे परीक्षा

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवीं-बारहवीं की द्वितीय परीक्षा 2025 के परिणाम जारी कर दिए हैं। द्वितीय परीक्षा के फेल हुए करीब सवा लाख विद्यार्थी अब ओपन बोर्ड की परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। दिसंबर में ओपन बोर्ड द्वारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि माशिमं की द्वितीय परीक्षाओं में कक्षा बारहवीं में कुल 1 लाख 35 हजार 675 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। कुल 78 हजार 151 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 57 हजार 517 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हैं। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में 1 लाख 19 हज़ार से अधिक नियमित विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिसमें से कुल 50 हजार 789 (42.67 प्रतिशत) विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 68 हजार 250 नियमित और 24 हजार 685 स्वाध्यायी विद्यार्थी फेल हुए हैं।

### प्रदेश के 57 केंद्रों पर 3 अगस्त को आयोजित होगी सुपर-100 परीक्षा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा सुपर-100 योजना में इस वर्ष परीक्षा का आयोजन 3 अगस्त को किया जा रहा है। परीक्षा जिला स्तर पर बनाये गए विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर होगी। रविवार को प्रथम पारी में सुबह 10:30 बजे से दोपहर एक बजे तक कक्षा-11वीं में जेईई की तैयारी के लिये एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2:30 से शाम 5 बजे तक कक्षा-11वीं में नीट की तैयारी के लिये प्रवेश परीक्षा का आयोजन होगा। परीक्षा के लिए जिला स्तर पर 57 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 10 हजार 727 है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जाएगा। सुपर-100 परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।

### एक दर्जन ट्रैफिक सिग्नल खराब, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

**भोपाल।** मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में कई अहम जगहों के ट्रैफिक सिग्नलों के खराब होने के मामले में संज्ञान लिया है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, सुबह-शाम पीक ऑवर्स में ऑफिस जाने और आने वाले लोगों को ट्रैफिक सिग्नल खराब होने कारण रोजाना कई घंटों तक परेशान होना पड़ता है। शहर के सात बड़े चौराहों के ट्रैफिक सिग्नल खराब हो गये है। मामले मेंआयोग ने डीसीपी, ट्रैफिक भोपाल एवं नगर निगम आयुक्त को जांच कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही आवागमन को सुधार करने के लिये की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन भी मांगा है।

### सत्यनारायण श्रीवास्तव का निधन, कायस्थम ने दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल से सेवानिवृत सत्य नारायण श्रीवास्तव 'मुन्ना भैया' पुत्र स्व. महानारायण श्रीवास्तव का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 2/2 चौबदार पुरा, तलैया से निकली तथा भदभदा विश्राम घाट पर अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर कायस्थम मप्र ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष आरपी श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, विनोद श्रीवास्तव, सचिव डॉ.रश्मि सक्सेना, संयुक्त सचिव अजय भटनागर, कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना सहित अन्य सदस्यों ने सत्यनारायण श्रीवास्तव मुन्ना भैया को अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव जागरूक रहने वाले, कर्मठ और जिंदादिल इंसान बताया। कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव के अनुसार स्व., श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में भोजपुर मंदिर, भीमबैठका, कमला पार्क किला, मनावर का शिव मंदिर,सांची स्तूप स्थल के जीर्णोद्धार में जो महत्वपूर्ण योगदान किया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।



## नशे से दूरी-है जरूरी अभियान का समापन

# पुलिस कमिश्नरेट ने 1567 स्थानों-संस्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर करीब 90 हजार लोगों को किया नशे से दूरी बनाने के लिए जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 जुलाई से 30 जुलाई तक मनाया गया 'नशे से दूरी-है जरूरी' अभियान का पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र, एडिशनल पुलिस कमिश्नर अवधेश गोस्वामी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर पंकज श्रीवास्तव ने बुधवार शाम कार्यालय प्रांगण में समापन किया।

उक्त अभियान भोपाल कमिश्नरेट के समस्त थाना क्षेत्रों में संचालित किया गया, जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तक नशे के खिलाफ जागरुकता पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, जनप्रतिनिधियों और आम जन के सहयोग से एकजुट होकर कार्य किया गया। इस अभियान में विशेष ध्यान युवाओं और विद्यार्थियों पर केंद्रित किया गया, क्योंकि यही राष्ट्र का भविष्य हैं। हमारा प्रयास रहा है कि यह संदेश प्रत्येक घर, गली, मोहल्ले और विद्यालय तक पहुंचे कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को बबार्दी की ओर ले जाता है। समारोह में पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल आर्थिक नुकसान पहुंचाता है, बल्कि जीवन की दिशा भी भटका देता है, और हमारे देश की प्रगति में भी बाधा बनता है।

इसलिए यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर दृढ़ संकल्प लें- न तो स्वयं किसी भी प्रकार के नशे का सेवन करेंगे और न ही अपने आस-पास किसी को ऐसा करने देंगे। समाज तभी सुरक्षित, स्वस्थ और समृद्ध बन सकेगा, जब हम मिलकर इस नशे के जहर को जड़ से समाप्त करने का बीड़ा उठाएंगे। उक्त अभियान को सफल बनाने के लिए आप सभी का धन्यवाद।





### इन कार्यक्रमों से किया जागरूक

*अभियान के दौरान स्कूल, कॉलेजों, कोचिंग, शैक्षणिक संस्थाओं एवं सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित चित्रकला, रंगोली, पोस्टर मेकिंग, निबंध एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं आयोजित किए गये, साथ ही थाना प्रभारियों द्वारा आयोजित विविध गतिविधियों में खेल, संवाद, शपथ, नुक्कड़ नाटक, रैली, चित्रांकन, सोशल मीडिया पोस्टिंग आदि ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाया। समापन समारोह के अवसर पर संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा मंत्रोच्चार किया तथा झाबुआ से आई कलाकारों की टीम द्वारा नशा मुक्ति पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मनमोहक मंचन एवं नृत्य किया गया उपरांत नशा मुक्ति संदेश आधारित गीत गाया।*

## प्रभारी प्राचार्य निलंबित, 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस, बीमा कंपनी पर अर्थदंड

# लंबित न रहें नागरिकों की समस्याएं, समाधान ऑनलाइन में सुलझे अनेक लंबित प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ऐसी समस्याएं जो बहुत समय से किसी प्रशासनिक प्रकिया के कारण लंबित हैं और उससे हितग्राही अपने अधिकार को प्राप्त करने से वंचित हो रहा है तो प्रशासन से जुड़े प्रत्येक अधिकारी का यह दायित्व है कि उस लंबित कार्य का बिना देर किए समाधान निकालें। सीएम हेल्पलाइन लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए संचालित व्यवस्था है। इस हेल्पलाइन और समाधान ऑनलाइन जैसे कार्यक्रमों तक प्रकरण आने की जरूरत ही नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में समाधान ऑनलाइन के माध्यम से विभिन्न जिलों के नागरिकों की लंबित समस्याओं का समाधान कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने समाधान ऑनलाइन में आए विभिन्न प्रकरणों में लापरवाही के दोषी एक प्रभारी प्राचार्य के निलंबन, 4 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस देने और बीमा कम्पनी पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए।

## *समस्याओं को तत्परता से निराकरण करने वाले जिले और अधिकारियों को दी बधाई*



### बीमा कंपनी पर अर्थ दण्ड

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शाजापुर जिले के प्रेमसिंह जादौन को बीमा राशि का भुगतान करवाया। इस प्रकरण में बीमा कंपनी ने फसल बीमा दावे के भुगतान में विलंब किया था। मुख्यमंत्री ने संबंधित बीमा कम्पनी पर अर्थदण्ड रोपित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही इस तरह के लंबित मामलों में मण्डी फीस की प्रतिपूर्ति करवाने के निर्देश दिए।

### विद्यार्थियों को समय पर मिले डिग्री

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर निवासी डॉ. शरद कुमार शर्मा के मप्रआयुर्विज्ञान विवि, जबलपुर से डिग्री प्राप्त न होने की शिकायत पर समस्त विवि की ओर से दीक्षांत समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को समय पर उपाधि प्राप्त हो जाए इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा अपने स्तर पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**विदिशा में प्राचार्य निलंबित**

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विदिशा जिले के छात्र सुमित साहू को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान करवाया। संबंधित प्रभारी प्राचार्य को निलंबित किया गया है। समाधान ऑनलाइन में प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राही को दूसरी और तीसरी किस्त का भुगतान न करने पर तत्कालीन एवं वर्तमान मुख्य नपा अधिकारी खरगौन को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।*

### ये जिले और विभाग रहे अव्वल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में जन समस्याएं तत्परता से हल करने वाले जिलों, शासकीय विभागों और अधिकारियों को बधाई दी। समस्याओं को हल करने में गुना जिला अव्वल है। प्रथम आठ जिलों में गुना, सिंगरौली, रायसेन, कटनी, सीहोर, शाजापुर, अलीराजपुर और अनूपपुर शामिल हैं। जिन विभागों ने सीएम हेल्पलाइन में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता से हल करने का कार्य किया है उनमें ऊर्जा, नगरीय विकास एवं आवास, खाद्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और गृह विभाग शामिल हैं। ऊर्जा विभाग ने 91 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण किया, नगरीय विकास, खाद्य, पंचायत और गृह विभाग ने 88 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण करने में सफलता प्राप्त की है।

### अनेक समस्याओं का हुआ समाधान

मुख्यमंत्री ने सिवनी जिले के पशुपालक कुंदन गिरी गोस्वामी को दुग्ध विक्रय पर प्राप्त होने वाली राशि का भुगतान न होने के प्रकरण में समाधान ऑनलाइन के माध्यम से भुगतान करवाया। जबलपुर दुग्ध संघ को 6 करोड़ रुपए की राशि और ग्वालियर दुग्ध संघ को 2 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री ने उज्जैन के उद्यमी पीयुष काबरा को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में प्राप्त ऋण की सब्सिडी प्राप्त न होने के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए दोषी कर्मचारी को दंडित करने के निर्देश दिए।

### जिपं ने राशि का भुगतान कर दिया

हरदा जिले के मिथुन वर्मा ने मुख्यमंत्री आर्थिक कल्याण योजना में अनुदान न मिलने की शिकायत की गई थी। प्रकरण आने पर हितग्राही को जिला पंचायत ने राशि का भुगतान कर दिया है। इस प्रकरण में जिला परियोजना प्रबंधक मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक हरदा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## *जिला प्रशासन और ननि ने नोटिस तक नहीं किए जारी*



# बीस एकड़ जमीन पर मछली परिवार ने दस साल में खड़ा किया साम्राज्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मछली परिवार ने कोकता स्थित अनंतपुरा क्षेत्र में सालों पहले से सरकारी जमीनों पर दस साल पहले से कब्जे शुरू कर दिए थे। यहां पर एक के बाद एक बिल्डिंग निर्माण की गई, जिससे करीब 20 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए मैरिज गार्डन, कोठी, मदरसा, शादी हॉल, कारखाना, बकरा और मुंर्गी फार्म और फार्म हाउस को जमींदोज किया गया है। सालों से बने अवैध निर्माणों को लेकर पहले कभी नोटिस तक नहीं दिए गए थे। लव जिहाद और ड्रग्स तस्करी के बाद सरकार की आंख खुली और कार्रवाई की गई। टीम ने पांच एकड़ सरकारी जमीन पर बना बकरा और मुर्गी फार्म भी जमींदोज किया है।

### *कलेक्टर-एसडीएम ने चार घंटे किया मंथन*

*बीस दिन पहले शॉपिंग काम्प्लेक्स तोड़ने के बाद से ही हथाईखेड़ा के कैचमैंट में सरकारी जमीनों पर किए गए निर्माण की कुंडली बनानी शुरू कर दी गई थी। मंगलवार को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और एसडीएम हुजूर विनोद सोनकिया ने चार घंटे बैठकर कार्रवाई की रूपरेखा तैयार की, जिसके बाद पुलिस बल के साथ सुबह दो सौ पुलिस जवानों के साथ अमला बीस जेसीबी लेकर मौके पर पहुंच गया।*

### *सरकारी जमीनों से हटाए अवैध निर्माण*

*कोकता स्थित अनंतपुरा क्षेत्र में सरकारी जमीनों पर सात निर्माण किए गए थे, जिसमें कोठी, वेयरहाउस, मैरिज गार्डन, फार्म हाउस और एक मदरसे अन्य का निर्माण किया गया था, जिसे तोड़ दिया गया है। सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।*



## हिंदी विवि: कुलगुरु प्रो. खेम सिंह ने प्रो. राजीव वर्मा को सौंपा कार्यभार

**भोपाल।** राजधानी स्थित अटल बिहारी वाजपई हिंदी विश्वविद्यालय में कुलगुरु पद का कार्यभार परिवर्तन किया गया। विवि के वर्तमान कुलगुरु प्रोफेसर खेम सिंह डेहरिया ने बुधवार को अपने कार्यकाल की समाप्ति पर कुलगुरु का चार्ज विवि के ही प्रोफेसर राजीव वर्मा को सौंप दिया है। प्रोफेसर वर्मा को यह कार्यभार फिलहाल अंतरिम रूप से सौंपा गया है, जब तक नव-नियुक्त कुलगुरु प्रोफेसर देव आनंद हिंडोलिया एक अगस्त से पदभार ग्रहण नहीं कर लेते, तब तक प्रो. वर्मा कुलगुरु का कार्यभार संभालेंगे। हांलाकि, विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व में ही आदेश जारी कर दिया गया था, जिसमें प्रो. हिंडोलिया की नियुक्ति की औपचारिक पुष्टि की गई थी।

## पिछले छह साल से नहीं बढ़ा मेडिकल ऑफिसर का वेतन

**भोपाल।** संविदा मेडिकल ऑफिसर एसासिएशन के पदाधिकारी बुधवार को अपनी लंबित मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना से मिले। एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष डॉ. रिंकू सिंह सिलावट, डॉ. रवि शर्मा, डॉ. उमेश मौर्य, डॉ. हिमांशु धोते ने अपनी महत्वपूर्ण मांगों से एनएचएम एमडी को अवगत कराते हुए बताया कि मेडिकल ऑफिसर का छह साल से वेतन नहीं बढ़ाया गया है। वहीं, नए मेडिकल ऑफिसर की जॉइनिंग के दौरान भी कम वेतन की गई। एमपीपीएससी में सीधी भर्ती में संविदा चिकित्सा अधिकारियों के 50 प्रतिशत आरक्षण में पांच वर्ष का अनुभव अनिवार्य न करने या वरिष्ठता के आधार पर प्राथमिकता दिए जाने संबंध में चर्चा की गई। डॉ. सलोनी सिडाना ने एसोसिएशन की मांगों पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर उनका निराकरण करने का आश्वासन दिया।

- **एनएचएम एमडी से मिले संविदा मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन**



**प्रदर्शन..**




**भोपाल।** मनुस्मृति हटाने,52 प्रतिशत आरक्षण समेत अनेक मांगों को लेकर बुधवार को दलित पिछड़ा संगठन ने लिंक रोड एक पर प्रदर्शन किया।

## एमसीयू में सीएलसी राउंड के अब 14 अगस्त तक होंगे प्रवेश

**भोपाल।** राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय ने कुछ पाठ्यक्रमों के रिक्त स्थानों पर पहले आओ पहले पाओ (सीएलसी राउंड) के आधार पर प्रवेश का अंतिम अवसर दिया है। प्रवेश के लिए मध्यप्रदेश सरकार के पोर्टल एमपी ऑनलाइन के माध्यम से 14 अगस्त रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। स्नातक स्तर के इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, मल्टीमीडिया, ग्राफिक्स एंड एनीमेशन, फिल्म एंड कम्युनिकेशन स्टडीज और मीडिया रिसर्च में बीएससी, प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग में बीटेक, आदि में आवेदन कर प्रवेश लिया जा सकता है।

## कॉलेजों में प्रवेश के लिए फाइनल राउंड आज से

# प्रवेश से वंचित छात्रों को मिला अंतिम अवसर, 4 तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों और स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अंतिम मौका दिया है। द्वितीय अतिरिक्त चरण (फाइनल राउंड) के लिए समय सारणी जारी कर दी है। यह चरण विद्यार्थियों के लिए प्रवेश पाने का आखिरी मौका है। जो छात्र अब तक आवेदन नहीं कर सके या जिन्हें सीट आवंटन नहीं मिला, वे इस चरण में भाग लेकर प्रवेश ले सकते हैं। एनसीटीई में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होंगे। दस्तावेज सत्यापन 31 जुलाई से 6 अगस्त तक किए जाएंगे।

### पीजी में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण

उच्च शिक्षा विभाग ने सत्र 2025-26 के लिए महाविद्यालयों में उनसीटीई के अलावा अन्य विषयों में स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण के लिए समय सारणी जारी की है। इसके अनुसार स्नातकोत्तर कक्षाओं में मेजर माइनर विषयों में और मेजर एवं माइनर विषय के अतिरिक्त अन्य विषय में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी 31 जुलाई से 3 अगस्त तक ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन कर सकेंगे। पंजीकृत आवेदनों के दस्तावेजों का सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक होगा।

### पीजी कोर्सेस के लिए अतिरिक्त सीएलसी चरण

ऑनलाइन आवेदन (मेजर/माइनर और अन्य विषयों के लिए) 31 जुलाई से 3 अगस्त तक होंगे। दस्तावेज सत्यापन 31 जुलाई से 4 अगस्त तक किए जाएंगे। साक्षात्कार की सूचना (अन्य विषयों के लिए) 5 अगस्त को जारी होगी। साक्षात्कार एवं पात्रता प्रविष्टि 6 व 7 अगस्त होगी।

# संविदा कर्मचारियों को जल्द नियमित करे सरकार: राठौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समान्य प्रशासन विभाग ने 22 जुलाई 2023 को संविदा कर्मचारियों के लिए नीति निर्देश जारी किए थे, जिसमें संविदा कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों की तरह वेतन ग्रेच्युटी अनुकंपा नियुक्ति चिकित्सा बीमा, अवकाश, नियमित पदों की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन ज्यादातर विभागों में संविदा कर्मचारियों को अनुकंपा नियुक्ति, ग्रेच्यूटी, एनपीएस, नियमित कर्मचारियों के सामान अवकाश जैसे नियम लागू नहीं किया, जिसके कारण कर्मचारियों को सेवानिवृत होने पर ग्रेच्युटी, मृत्यु होने पर अनुकंपा नियुक्ति, एनपीएस, नियमित भर्ती में आरक्षण का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### विस में हटा विधायक ने प्रश्न पूछा था

कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष रमेश राठौड़ ने बताया कि संविदा नीति लेकर मप्र विधानसभा में दमोह हटा विधायक उमा देवी खटीक ने प्रश्न पूछा था, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री की ओर से पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग मंत्री कृष्ण गौर की ओर से कहा गया कि हम विभागों को इसके लिए अलग से निर्देश देंगे कि वह संविदा नीति 2023 का पालन करें। राठौड़ ने कहा कि संविदा कर्मचारियों को जब सब कुछ नियमित कर्मचारियों के सामान मिल रहा है तो संविदा कर्मचारियों को सरकार को नियमित करना चाहिए।

## आईटी पार्क में चल रही श्रीशिव महापुराण कथा

# कलयुग में सभी मनोरथों को पूर्ण करती है श्रीशिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्रीशिव महापुराण कथा कलयुग में सभी मनोरथों को पूर्ण करती है। श्रीशिव महापुराण कथा श्रवण करने से धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष चारों पदार्थ की प्राप्ति होती है। देवों के देव महादेव अत्यंत कृपालु है। शिव की शरण में आने वाले मनुष्य का जीवन भवसागर से पर हो जाता है।

यह उद्गार आईटी पार्क में आयोजित श्रीशिव महापुराण के चौथे दिन कथावाचक आचार्य आशीष शुक्ल ने कहीं। आचार्य ने कहा कि भोले बाबा सूक्ष्म आराधना से ही प्रसन्न होने वाले महादेव हैं शिव अपने भक्तों को सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि कई जन्मों के पुण्य उदय होने पर ही शिव महापुराण कथा श्रवण पान करने का अवसर मिलता है। आचार्य शुल्क ने एक मुखी से लेकर 14 मुखी तक रुद्राक्ष धारण करने के फलऔर बेलपत्र महिमा का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि तीनों देवों में काम सर्वश्रेष्ठ देवता है ज्योति स्वरूप में ब्रह्मा और विष्णु हजारों वर्षों तक पता लगाया और ज्योति का आदि और न अंत का पता चला और ब्रह्मा ने झूठ बोला तो शंकर भगवान ने ब्रह्मा को श्राप दे दिया। पुष्कर के शिवाय आपकी कहीं पूजा नहीं होगी और नारायण को वरदान दिया कलयुग में आपका जगह-जगह मंदिर बनेंगे और जो भी भक्त आपकी पूजा अर्चना करेगा उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होगी। यह शंकर का आशीर्वाद है तीनों देवों में कोई सर्वश्रेष्ठ देवता है वह शंकर भगवान है पवित्र श्रावण मास में शिव महापुराण कथा श्रवण मात्र से सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती हैं।



### *प्रभु श्रीनाथजी को लगाया मोहन थाल और मठरी का भोग*

*श्री जी का मंदिर लखेरापूरा में हिंडोला महोत्सव 20वें दिन बुधवार को प्रभु श्रीनाथजी को लहरिया के वस्त्र के साथ सिर पर जड़ाऊ कतरा एवं मोती और लाल आभूषणों से श्रृंगार किया गया। श्री जी का मंदिर के मुखिया श्रीकांत शर्मा ने बताया कि संध्या काल में प्रभु श्रीनाथजी को गुलाब, रजनीगंधा, कमल ,गेंद, पुणे से बुलाए गए लैवेंडर के फूल एवं बंगाली पत्ती से निर्मित झूले में विराजमान किया गया। प्रभु श्रीनाथजी को मोहन थाल एवं मठरी का भोग लगाकर ब्रज के आंगन नाचो हिंडोलो री कीर्तन किया। गुरुवार को प्रभु श्रीनाथजी को फूल सब्जी से बने हिंडोले में विराजमान होकर दर्शन देंगे।*




• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन
90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक
• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे
आदि में सहायक

पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ
हेमपुष्पा
Helpline: 011-23261111

## मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं पर होगा खर्च

# स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा खर्च करेगी सरकार 23 हजार करोड़ रुपए का अनुपूरक बजट पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश की मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया। जिसमें सरकार ने सबसे ज्यादा बजट स्वास्थ्य विभाग के नाम किया है। इसके साथ गृह, शिक्षा, कृषि सहित अन्य विभागों को भी बजट में हिस्सा दिया गया है। मोहन सरकार ने 2025-26 के लिए करीब 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का पहला अनुपूरक बजट पेश किया।

इस बजट में सबसे बड़ी प्राथमिकता स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को सबसे बड़ी सौगात मिली है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती देने के लिए रिकॉर्ड 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया है। यह अब तक के अनुपूरक बजटों में सबसे ज्यादा है। प्रदेश में नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति को लेकर ये राशि खर्च की जाएगी।

### खास बातें

- मानसून सत्र में मोहन सरकार ने पेश किया पहला बजट
- स्वास्थ्य में 1 हजार 602 करोड़ से ज्यादा का बजट स्वीकृत किया
- नए मेडिकल सेंटर, अस्पतालों की सुविधाएं और दवाओं की आपूर्ति पर होगा खर्च



### पूर्व मंत्री सचिन यादव बोले, चार साल में 60 हजार बच्चे गायब

बच्चों के लापता होने के मामले में पूर्व मंत्री सचिन यादव ने कहा कि 4 साल के दरमियान 60 हजार बच्चे गायब होते हैं। 60 हजार बच्चों में हमारी 48 हजार बेटियां हैं। राजधानी में 2500 से 3000 के बीच का आंकड़ा है। चिंता का विषय है, पूरा तंत्र पर सवालिया निशान खड़ा होता है। राजधानी में हमारे बेटे-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।

## बजट में गृह विभाग और राहत कार्यों पर भी फोकस

गृह विभाग को 124.27 करोड़ रुपए और भू राजस्व, जिला प्रशासन, आपदा राहत जैसे मदों के लिए 98.87 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मानसून के मौसम में संभावित आपदाओं को देखते हुए यह बजट अहम माना जा रहा है। इसके साथ वन विभाग को 63.75 करोड़, कृषि को 9.21 करोड़ और पशुपालन विभाग को 1.67 करोड़ का बजट मिला है। हालांकि किसानों से जुड़ी योजनाओं को देखते हुए यह राशि कम मानी जा रही है।

### शहरी और जल संसाधनों पर निवेश

नगरीय प्रशासन विभाग को 171.51 करोड़ और जल संसाधन विभाग को 10 करोड़ मिले हैं। शहरी विकास को गति देने और जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं पर यह खर्च होगा। लोक निर्माण विभाग को 100 करोड़ और उच्च शिक्षा को 11.43 करोड़ की राशि दी गई है। महिला एवं बाल विकास के लिए 7.92 करोड़ का फंड तय किया गया है।

### सदन में उठा डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा

*कांग्रेस विधायक सचिन यादव ने डूब प्रभावित गांवों का मुद्दा उठाया। भाजपा विधायक अभिलाष पांडे ने संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन को लेकर संस्कृत भाषा में ध्यानाकर्षण किया। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भी शुरूआती जवाब संस्कृत भाषा में ही दिया।*

### अनुपूरक बजट पर 2 घंटे हुई चर्चा

*मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन सदन में अनुपूरक बजट पर 2 घंटे चर्चा हुई, जिसमें पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी-अपनी बात रखी। जिसके बाद 2335 करोड़ 36 लाख 80 हजार 998 रुपए का अनुपूरक बजट पेश किया गया।*

## लोधी ने कांग्रेस नेताओं पर लगाया 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप

पिछोर को जिला बनाने की मांग वाले एक प्रश्न में पिछोर के भाजपा विधायक प्रीतम सिंह लोधी ने एक नया खुलासा किया। उन्होंने पिछोर में कांग्रेस नेताओं समेत अन्य पर 5 हजार बीघा सरकारी जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र




में 20 साल से कांग्रेस का विधायक रहा है, जिन्होंने सरकारी जमीनों (5 हजार बीघा) पर कब्जा कर लिया है। इसके लिए कलेक्टर को पत्र लिखा है कि सरकारी जमीन से कब्जा हटाया जाए, किंतु अभी तक कब्जा नहीं हटाया गया।दरअसल, मानसून सत्र के तीसरे दिन विधानसभा में बुधवार को 25 में से कुल 12 प्रश्नों पर चर्चा हुई। इसमें दो सदस्य कांग्रेस के अजय सिंह व रामसिया भारती अनुपस्थित थे। प्रश्नकाल में कुल 10 प्रश्नों पर चर्चा हुई।

### 20 साल से आपकी सरकार है, जेसीबी क्यों नहीं चलाई?

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि 20 साल से आपकी सरकार है। सरकार जेसीबी चला रही हैं,



आदिवासियों को पट्टे नहीं दिए जा रहे हैं, इस पर सरकार को विचार करना चाहिए। मंत्री करण सिंह वर्मा ने जवाब में कहा कि आज तक किसी भी सरकार ने इतने पट्टे नहीं दिए, जितने भाजपा की सरकार ने दिए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मैं आपको जवाब दे दूंगा, सरकार ने कितने आदिवासियों को पट्टे से हटाया है, झूठी बात की जा रही है। लोधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब आदिवासियों को आवास देकर छोटा सा जैसे ताजमहल दे दिया है।




### अनूपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका': सिंघार

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान अनुपूरक बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के पास विदेश यात्राओं के लिए बजट है, लेकिन जनता की समस्याएं सुनने के लिए न समय है न इच्छाशक्ति। सिंघार ने कहा कि हर बार विधानसभा सत्र की अवधि जानबूझकर छोटी रखी जाती है ताकि जनहित के मुद्दों से भागा जा सके। सरकार करोड़ों रुपए सत्र बुलाने पर खर्च करती है, लेकिन फिर भी जनता की आवाज को दबा देती है। उन्होंने कहा कि यह अनुपूरक बजट वास्तव में 'कर्ज का खाका' है। सरकार मार्च 2025 से लेकर जुलाई तक लगातार कर्ज ले रही है। दूसरी ओर हर दिन डेढ़ करोड़ रुपए सिर्फ ब्रांडिंग पर खर्च किए जा रहे हैं। विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सालाना 560 करोड़ रुपए प्रचार में खर्च हो रहे हैं, लेकिन कुपोषण, किसानों और गरीबों के लिए कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। जनता के लिए ठोस पहल होना चाहिए।

### आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने पर फैसला होगा

*विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि परिसीमन आयोग की रिपोर्ट के बाद पिछोर को जिला बनाने के मामले में फैसला होगा। भाजपा विधायक लोधी ने राज्य प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग की रिपोर्ट के आधार पर पिछोर को जिला बनाए जाने का मामला उठाया। उन्होंने पूछा कि पिछोर को कब तक जिला बनाया जाएगा। इसके जवाब में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के सामने यह प्रकरण विचाराधीन है। आयोग की रिपोर्ट आने के बाद निर्णय लिया जाएगा।*

### स्मार्ट मीटर का कमाल, अब दो सौ नहीं, दो हजार का बिल

*सिंघार ने कहा कि किसानों को खाद और बिजली नहीं मिल रही, सोशल ऑडिट नहीं हो रहा, जिससे जनता की वास्तविक समस्याएं सामने नहीं आ पा रही। वहीं स्मार्ट मीटर की गति पर सवाल उठाते हुए कहा कि 200 रुपए का बिजली बिल, दो हजार तक आ रहा है। शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दर पर बिक्री हो रही है। सिंघार ने पूछा कि क्या सरकार की इसमें कोई भागीदारी है?, हजारों शिकायत आई, लेकिन कोई कार्रवाई नही हो रहीं। ये पैसा किसकी जेब में जा रहा है?।*

## 35 वर्षों बाद भी अधूरी पड़ी महेश्वर परियोजना: यादव

बुधवार को विधानसभा में महेश्वर जल विद्युत परियोजना के अधूरेपन और उससे जुड़े जनसरोकारों को लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री



एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने सरकार को घेरा। सचिन यादव ने ध्यानाकर्षण याचिका के माध्यम से यह मुद्दा उठाते हुए बताया कि यह परियोजना 35 वर्ष पूर्व शुरू की गई थी और इसमें जनता की लगभग तीन हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय हो चुकी है। वर्तमान में इसकी कीमत नौ हजार पांच सौ करोड़ रुपए तक पहुंच चुकी है, बावजूद इसके यह परियोजना बंद पड़ी हुई है और इससे जुड़े लगभग दस हजार परिवार व सैकड़ों कर्मचारी आज भी अनिश्चितता में बदहाली का जीवन यापन कर रहे हैं। यादव ने कहा कि डूब प्रभावित सैकड़ों गांव आज भी पुनर्वास और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। प्रभावितों को आवासीय प्लॉट आवंटित तो किए गए हैं लेकिन आज तक उनकी रजिस्ट्री नहीं हुई है। परियोजना के कर्मचारियों व अधिकारियों को वेतन नहीं मिला, जिससे अधिकांश ने परियोजना स्थल छोड़ दिया है और वह अब लावारिस स्थिति में पड़ा है। सरकार ने परियोजना से जुड़ी संपत्तियों की नीलामी की बात तो कही है लेकिन यह स्पष्ट नहीं किया कि उस राशि का उपयोग कहां और कैसे होगा। परियोजना को 2020 में बंद घोषित किया गया, लेकिन यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या इसे पुनः प्रारंभ किया जाएगा या नहीं। विधायक ने सरकार से यह भी पूछा कि इन गांवों के लिए कोई विशेष पैकेज देने की योजना है या नहीं। विधायक सचिन यादव ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट नीति, समयबद्ध कार्रवाई और प्रभावितों को न्याय देने की मांग की।

**विधानसभा में गूंजा महेश्वर परियोजना का मुद्दा**

### विधायक डॉ. पांडे ने संस्कृत में सवाल किया, तो मंत्री सिंह ने संस्कृत में दिया जवाब



विधानसभा में ध्यानाकर्षण में संस्कृत शिक्षा को बढ़ावा देने का मुद्दा उठा। इस पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि संस्कृत स्कूलों के उन्नयन पर वे काम कर रहे हैं। ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। मुख्यमंत्री से बात करेंगे और वित्तीय व्यवस्था और कराएंगे। वरिष्ठ विधायक पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने संस्कृत भाषा में किए गए एक प्रश्न पर अपनी बात करते हुए कहा कि संस्कृत के बिना संस्कृति नहीं और संस्कृति के बिना सनातन नहीं। उन्होंने कहा कि अनेक भाषाओं के बारे में अलग अलग संस्थान बने हैं, सदस्य के प्रश्न पर शासन की तरफ से उत्तर भी आया है। वे चाहेंगे कि सरकार उनकी भी कुछ बात सुनें। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए कि संस्कृत का उन्नयन हो। बल्कि यह विलुप्त होती जा रही है। इसे फिर से नवजीवन कैसे दे सकते हैं, यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। दरअसल, जबलपुर से भाजपा विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने संस्कृत के विकास, स्कूलों में संस्कृत की पढ़ाई व नियुक्त शिक्षकों के बारे में स्कूल शिक्षा मंत्री से प्रश्न पूछा था। यह मामला उन्होंने ध्यानाकर्षण में उठाया। विभागीय मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने जवाब में कहा कि अशासकीय आवासीय संस्कृत विद्यालयों में छात्रवृत्ति की योजना है। वर्ष 2022-23 से ही यह योजना चल रही है। उन्हें 8 से 10 हजार रुपए की छात्रवृत्ति दी जाती है। करीब 3500 बच्चों को इसका लाभ दिया गया। उन्होंने कहा कि 2014 में महज 34 संस्कृत विद्यालय थे, अब यह बढ़कर 271 हो गए हैं। संस्कृत सप्ताह की नवाचार की व्यवस्था लागू है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान बनाने जा रहे हैं, जहां संस्कृत, वैदिक और योग तीनों विधाओं में शिक्षा दी जाए। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि यदि वित्त विभाग की अनुमति मिलेगी तो मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद इस तरह की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

### 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूं: भार्गव

*पूर्व मंत्री भार्गव ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से एक संस्कृत विद्यालय चलाता हूं। किंतु दुख की बात है कि आज तक किसी भी प्रकार की शासकीय सहायता 22 वर्षों में मुझे एक पैसा भी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि आग्रह करूंगा कि शासकीय स्कूलों में पद बढ़ा रहे हैं। मैं कहना चाहूंगा की संस्कृत का पुनर्जीवन करना है, तो ऐसी संस्थाओं को व्यक्तिगत रूप से आगे आकर मदद करनी पड़ेगी। इसका समर्थन विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने भी किया। अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि शैलेंद्र के आवास के निकट ही है, सहायता की क्या जरूरत है। भार्गव ने कहा कि वे चाहेंगे कि एक समिति बनाकर एक महीने में उसकी रिपोर्ट ले ली जाए और जो भौतिक रूप से चल रहे हैं उनकी सहायता करें। राघोगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि राघोगढ़ में आवन ग्राम में आचार्य वाचस्पति शुक्ला संस्कृत विश्वविद्यालय है। उन्होंने कहा कि यदि कोई समिति बनाई जाती है तो उन्हें समिति में स्थान दिया जाए।*

## मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को सीएम ने किया संबोधित

# विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जीतें जनता का मन: डॉ. मोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास में भाजपा की कामकाजी बैठक को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश और जिले के विकास को सुनिश्चित करने में पार्टी कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है।

पार्टी कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के जन-जन तक पहुंचाने में सरकार का सहयोग करें। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को और बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए जुटें। विकास और विश्वास से कार्यकर्ता जनता का मन जीतें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने जिलों में चलाई जा रही योजनाओं की विभागवार सूची लेकर जनता के बीच जाएं और जिस व्यक्ति को जिस योजना का पात्र पाएं, उसे उसका लाभ दिलाने का प्रयास करें। पार्टी कार्यकर्ताओं को सरकार की योजनाओं को जिलों में और ग्रामीण अंचल तक बेहतर क्रियान्वयन में भी अपनी भूमिका निभानी चाहिए, ताकि सरकार अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचा सके।

### संगठन जितना मजबूत होगा, जनता की सेवा उतना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देश और जनता की सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। भाजपा का प्रदेश में संगठन जितना अधिक मजबूत होगा, हम जनता की सेवा उतना बेहतर तरीके से कर सकते हैं। हमें जनता तक अपनी योजनाओं को पहुंचाने में और अधिक कार्य करने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई रियायतें दे रही है। कार्यकर्ता सरकार के कार्यों और योजनाओं को जितना बेहतर तरीके से क्षेत्र में क्रियान्वयन करा पाएंगे, हम उतना ही बेहतर तरीके से जनता की सेवा कर सकेंगे।

## राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश की जिला अध्यक्षों को सलाह, समन्वय बनाकर संगठन को आगे बढ़ाएं

### कार्यकर्ताओं की बात को सम्मान के साथ सुनें : खंडेलवाल

पार्टी के जिला अध्यक्ष परिवार के मुखिया की तरह सभी के साथ आपसी समन्वय से संगठन को आगे बढ़ाएं। जिला अध्यक्ष जिला कार्यालयों में कार्यकर्ताओं से मिलने का एक समय निश्चित कर उनकी बातों को सुनेंगे और चर्चा करेंगे तो संगठन को और मजबूती मिलेगी। यह बात भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कही।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कामकाजी बैठक आयोजित की गई। बैठक को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया।इस दौरान क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रदेश सह प्रभारी सतीश उपाध्याय मौजूद रहे। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने कहा कि मप्र का संगठन देश में एक आदर्श संगठन के रूप में है, इसका मुख्य कारण आप सभी कार्यकर्ताओं की लगन, मेहनत व निष्ठा ही है। इस आदर्श संगठन को और आगे ले जाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की है। जिस संगठन में आंतरिक अनुशासन जितना अच्छा होता है, वह संगठन उतना ही आगे जाता है।

### भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित हुई कामकाजी बैठक

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा



कार्यकर्ताओं के लिए संगठन सर्वोपरि है। हम विचार परिवार के लिए कार्य करते हैं। सत्ता हमारे लिए जनता की सेवा का माध्यम है। हमें समन्वय से कार्य करते हुए सक्षम कार्यकर्ता को आगे लाना है, जिससे सत्ता और संगठन के कार्यों का और अधिक विस्तार हो सके। हमारी भूमिका समन्वय और पालक की होनी चाहिए। सभी जिला अध्यक्ष व पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की बात को पूरी गंभीरता व सम्मान के साथ सुनें। आप कार्यकर्ताओं की बात को सुनेंगे, उनसे चर्चा करेंगे तो वह संगठन और भाजपा सरकार के कार्यों को जनता तक और अच्छे तरीके से पहुंचा पाएंगे।

### मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता: डॉ. सिंह

*भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि हाल ही में एक सर्वे में 75 प्रतिशत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में शामिल हुए हैं, यह हमारे लिए बड़े गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदिरा गांधी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। अब आजाद भारत में सिर्फ एक ही ऐसे प्रधानमंत्री बचे हैं, जो नरेन्द्र मोदी से अधिक समय तक प्रधानमंत्री पद पर रह चुके हैं। मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में आज तक 4083 दिन देश की सेवा करते हो गया, परंतु पीएम मोदी ने एक भी छुट्टी नहीं ली, यह बड़ी बात है।*

### कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम: हितानंद

*भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत हमने लगभग 1.75 करोड़ नए कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा है। एक पेड़ मां के नाम सहित अन्य कार्यक्रमों से उन्हें जोड़कर भागीदारी सुनिश्चित करें। माय भारत यूथ वालंटियर्स कार्यक्रम के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय युवाओं को तलाशें। 10 से 14 अगस्त तक यात्राएं निकाली जाएं, जिनमें आमजन की भागीदारी हो। 13 से 15 अगस्त तक घरों और दुकानों पर पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा फहराएं। 12 से 14 अगस्त तक स्वतंत्रता संग्राम के स्मारकों, सेनानियों के प्रतिमा स्थल आदि पर स्वच्छता अभियान चलाए जाएं तथा युद्धवीरों, शहीदों के परिजनों से मिलकर उनका सम्मान करें।*

## कहा, बाढ़ में फंसे लोगों की सहायता करें कार्यकर्ता

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया बाढ़ प्रभावितों की मदद का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावितों लोगों की सहायता करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि संकट की इस घड़ी में भाजपा की संवेदनशील प्रदेश सरकार पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में बीते दिनों से हो रही अतिवृष्टि के कारण कई स्थानों पर बाढ़ एवं जलभराव होने की जानकारी मिली है। संकट की इस घड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा की संवेदनशील प्रदेश सरकार प्रभावितों के साथ है। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि सरकार के साथ वे भी संकट की इस घड़ी में लोगों की सेवा के लिए आगे आएं।

बिहार सरकार

न्यायालय–जिला पंचायत कार्यालय, सिवान
अति अल्पकालीन आम–सूचना

एतद् द्वारा नीचे अंकित विपक्षी/प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध उत्पाद अधिनियम 2016 के अन्तर्गत जब्त वाहन के अधिहरण हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में अद्योहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है:–

| क्र0 सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम | थाना काण्ड संख्या | वाहन निबंधन संख्या/चेचिस नं0/इंजन नं0 | वाहन का प्रकार | वाहन मालिक का नाम व पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 538/ 2024 | उत्पाद थाना | 984/ 2023 | Reg. No-MP09GF7619 CHES. NO-MC226HRC0CJ073829 ENG NO-E483CDCJ588887 | EICHER DCM 11.10 | लखन चन्द्रवंशी पिता–माधव सिंह ग्राम–खेरोड जिला–मध्य प्रदेश पिन–999999 |

उपरोक्त वाद की सुनवाई की अगली तिथि 11.08.2025 निर्धारित करते हुए विपक्षी/प्रतिवादी एवं सम्बद्ध व्यक्ति को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद में निर्धारित तिथि तक स्वयं तथा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संसोधन) नियमावली–2022 के नियम 12(क) के अन्तर्गत प्रपत्र–IV भरकर जप्त वाहन के अवमुक्ति हेतु वाहन के नवीनतम बीमाकृत मुल्य का 50 प्रतिशत राशि शास्ति के मद में चालान के माध्यम से जमा करना सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित तिथि तक अनुपस्थित रहने की स्थिति में यह समझा जायेगा कि आपको अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है और तदोपरान्त एक पक्षीय सुनवाई करते हुए आदेश पारित कर दिया जायेगा, जिसके लिए पूर्ण रूप से आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला पंचायत राज पदाधिकारी,
सिवान

PR. No.010046 (Excise) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

## जैकेट का शेष....

### सेना ने करीब 3...

लोग प्रशासन की समझाइश पर खुद अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली से सामान भरकर राहत कैंप पर पहुंच रहे हैं। नरसिंहपुर जिले के तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गंगई में बुधवार को बरांझ नदी के बैक वाटर के कारण 7 ग्रामीण फंस गए। गुना में बारिश के कारण सिंध नदी उफान पर है। म्याना से अशोकनगर जिले के नई सराय जाने वाले रास्ते पर सिंध नदी 50 फीट ऊंचे पुल के ऊपर से बह रही है। इससे यहां आवागमन बंद है। नर्मदापुरम में नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। माखननगर तहसील के ग्राम मुड़ियाखेड़ा, साढ़े तीनगांव और तमचरु गांव टापू बन गए हैं। इस बीच एसडीआरएफ की टीम ने नर्मदापुरम में गांव पहुंचकर बीमार युवकों को नाव से बाहर निकालकर लाया गया। इटारसी में बारिश के चलते शहर के वार्ड क्रमांक 1 में कच्चे मकान की दीवार गिर गई। घर के अंदर सो रहे बृजेश यादव को पार्षद दिलीप गोस्वामी और अन्य लोगों ने बाहर निकाला। यह मकान प्रेम बाई यादव का बताया जा रहा है। बुधवार तक प्रदेश में सर्वाधिक बारिश गुना में 323 मिमी रही। गुना और अशोकनगर जिले के अधिकांश क्षेत्रों में 150 से 200 मिमी बारिश हुई। भोपाल में 92.9 मिमी बारिश हुई। भोपाल में अब तक कुल 699.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 192.8 मिमी अधिक है।

### दो दर्जन जिलों में अत्यधिक ...

बारिश से हालात खराब बिगड़े रहे। मौसम केंद्र के अनुसार गुरुवार को गुना, श्योपुरकलां में एक्सट्रीमली हैवी रेन का रेड अलर्ट है। एक दर्जन जिलों में हैवी और आधा दर्जन जिलों में मॉडरेट बारिश होगी।

### सजग रहें, ऐहतियात...

से मुख्यमंत्री ने पूछा कि किसी प्रकार के संसाधन की कमी तो नहीं है? अधिकारियों ने बताया कि सभी संसाधन उपलब्ध हैं। प्रशासन के साथ-साथ ग्रामीणों और सिविल सोसाइटी से भी मदद मिल रही है। मुख्यमंत्री ने जलमग्न इलाकों से सुरक्षित लेकर आए गए वर्षा पीड़ितों से रू-ब-रू होकर चर्चा की। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि बाढ़ का पानी कम होते ही जल्द से जल्द सर्वे करा लें और जिन वर्षा प्रभावितों का जिस तरह का भी नुकसान हुआ है, उन्हें समुचित मुआवजा देने के लिए विधिवत प्रस्ताव तैयार कर लें। सरकार हर बाढ़ पीड़ित की भरपूर मदद करेगी। जरूरत पड़ी को सेना को राहत कार्य के लिए भेजा जाएगा।

### मोदी सरकार का...

मंत्री अमित शाह ने कहा, कि आज इस सदन में खड़े होकर, मैं वादा करता हूं कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प है। विपक्ष के वॉकआउट पर शाह ने कहा कि मुझे मालूम है कि ये लोग (विपक्ष) क्यों भाग रहे हैं, ये इसलिए भाग रहे हैं क्योंकि इतने सालों तक अपने वोटबैंक के चक्कर में आतंकवाद को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया। इसलिए ये लोग ये डिबेट सुन ही नहीं सकते हैं। ये अपने एलओपी को बोलने नहीं देते और यहां पीएम के संबोधन पर अड़े हैं।

**साइंटिफिक जांच में पहलगाम में इस्तेमाल की पुष्टि:** शाह ने राज्यसभा में बताया कि पहलगाम में आतंकियों ने जिन राफल्स का इस्तेमाल किया था उसे बरामद किया गया। उसकी साइंटिफिक जांच की गई और इसमें कोई शक नहीं है कि उन्हीं आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया था। आतंकियों के पास से 44 कारतूस भी बरामद किए गए, जिसकी जांच की गई और उसी का इस्तेमाल हमले में किया गया था।

### खरगे बोले- पीएम...

अपनी सीट पर बैठ गए। इस बीच विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पीएम अगर सदन में नहीं आ रहे हैं तो यह सदन का अपमान है। शाह के भाषण शुरू करने के साथ ही विपक्षी सांसदों मांग की कि पीएम मोदी को जवाब देना चाहिए। विपक्षी सांसदों ने शाह के भाषण के बीच खूब नारेबाजी की। इस पर शाह ने कहा कि वह खुद जवाब दे रहे हैं। उन्होंने कहा, पीएम को सुनने का ज्यादा शौक है क्या, मैं जवाब दे रहा हूं।

### सुरक्षा बलों ने भारत...

करता हूं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब पाकिस्तान ने गोलीबारी करी, तो इसमें कुछ नागरिक हताहत हुए, उन नागरिकों के परिवारजनों के प्रति भी हम गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं।

### साईं बाबा की मूर्ति...

कहा कि शंकराचार्य महाराज और मैं खुद लंबे समय से इस विषय का विरोध कर रहे हैं। अब तक हजारों मूर्तियां हटवाई जा चुकी हैं। कथा के दौरान उन्होंने देशभर के मंदिरों के सरकारी अधिग्रहण को लेकर भी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पहले महाकाल मंदिर महानिर्वाणी अखाड़े के नियंत्रण में था, लेकिन अब सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया है। उन्होंने मांग की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करें और उन्हें फिर से अखाड़ों के हवाले करें।

### मुख्य न्यायाधीश...

हैं। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में आने वाले मामलों की संख्या के आधार पर इन पदों को स्वीकृत किया गया है, लेकिन आज तक मध्य प्रदेश को पूरे 53 जज कभी नहीं मिले। यह पहला मौका है, जब मध्य प्रदेश में 44 जजों को एक साथ काम करने का मौका मिलेगा। हालांकि इनमें से भी 04 जज इसी साल के अंत तक रिटायर हो जाएंगे।

### 'अलकायदा मॉड्यूल'...

थी) को मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए कथित तौर पर चरमपंथी कंटेंट फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। परवीन की गिरफ्तारी 22 जुलाई को चार अन्य लोगों (अहमदाबाद से मोहम्मद फरदीन, दिल्ली से मोहम्मद फैक, नोएडा से जीशान अली और गुजरात के अरावली जिले के मोडासा से सेफुल्लाह कुरैशी) की गिरफ्तारी के बाद हुई है।

### देशद्रोहियों के इस्टाग्राम व...

अधिकारियों का दावा है कि उनमें भारत सरकार को उखाड़ फेंकने और सांप्रदायिक कलह को भड़काने के लिए सशस्त्र संघर्ष का आह्वान किया गया था।

### *उल्फा से भी जुड़ी...*

*के लिए ट्रांजिट रिमांड पर अहमदाबाद लाया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसके फोन की विस्तृत जांच से कुछ और कथित सोशल मीडिया हैंडल, ईमेल अकाउंट और विदेशी व पाकिस्तानी संस्थाओं से संदिग्ध संबंध सामने आए। पुलिस टीमें अब उसके उसके किसी भी व्यापक नेटवर्क की जांच कर रही हैं।*

## पेज एक का शेष....

### 8.7 तीव्रता का ...

वायरल हो रहे हैं। इसमें दिखा गया कि एक घर में बुरी तरह से सामान हिल रहा। एक अन्य वीडियो में एक कैंप में रखा सामान हिलता दिख रहा है। भूकंप के बाद कई बार 2 से 5 की तीव्रता वाले 30 अतिरिक्त झटके महसूस किए गए।

### घरों के अंदर....

के पास समुद्र में पांच शक्तिशाली भूकंप आए थे- जिनमें से सबसे बड़ा भूकंप 7.4 तीव्रता का था। सबसे बड़ा भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई पर और 180,000 की आबादी वाले पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में था।

### सुनामी का अलर्ट...

जाने के लिए कहा गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि लगभग 30 सेंटीमीटर ऊंची पहली सुनामी लहर होक्काइडो के पूर्वी तट पर नेमुरो पहुंची।

### क्या है रिंग ....

के आकार का क्षेत्र है, जो कि 40 हजार 250 किलोमीटर की दूरी तक फैला है। जियोलॉजीइन वेबसाइट के मुताबिक, रिंग ऑफ फायर में जो टेक्टॉनिक प्लेट्स मौजूद हैं, उनमें यूरेशियन, उत्तरी अमेरिकी प्लेट, हुआ डी फुका, कोकोज, कैरिबियाई प्लेट, नाजका प्लेट, अंटार्कटिक प्लेट, इंडियन, ऑस्ट्रेलियाई, फिलीपींस और कुछ अन्य छोटी प्लेट्स शामिल हैं। यह सब मिलकर एक बड़ी प्रशांत प्लेट का हिस्सा हैं।

### 'मछली कुनबे' का...

गई। ये सभी मछली परिवार के सदस्य हैं, जो ड्रग तस्करी, महिलाओं के यौन शोषण समेत जबरन वसूली जैसे गंभीर अपराधों में शामिल हैं। इन संपत्तियों का निर्माण बिना नगर निगम और टीएनसीपी की अनुमति के सरकारी जमीन पर किया गया था। सोनकिया ने बताया कि नगर निगम ने कई बार नोटिस जारी किए, लेकिन कोई जवाब न मिलने पर प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा, और जेसीबी मशीनों से अवैध निर्माणों को ढहाया गया। मौजूदा गाइडलाइन वैल्यू के अनुसार, इन संपत्तियों की कुल कीमत करीब 100 करोड़ रुपए आंकी गई है।

### लड़कियों के आपत्तिजनक...

पर पोस्ट कीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टियों में लड़कियों को नशे की लत लगाई जा रही थी, उनका शोषण किया जा रहा था और उन्हें इस्लाम में धर्मांतरित किया जा रहा था।

### देश की बंद ...

है। लेकिन अब 146 बंद हो चुकी कोयला खदानों का बेहतर इस्तेमाल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के रूप में किया जा रहा है।

### पायलट प्रोजेक्ट के ....

शर्मा, डायरेक्टर, आईआईटीटीएम का कहना है कि इनमें ओडिशा, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड ,छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल जैसे राज्य शामिल है, जहां अब कोयले का उत्पादन इन खदानों से नहीं होता है।

### कांग्रेस विधायक पत्तों ...

ने सरकार पर आरोप लगाया कि आदिवासी समुदाय को उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है। आदिवासियों को जबरन जंगलों से हटाया जा रहा है और उन्हें वन अधिकार पट्टों से वंचित किया जा रहा है।

### कांग्रेस ने आदिवासियों ...

राजनीतिक रोटियां सेंक रही है। उन्होंने सरकार की योजनाओं को जनहितैषी बताते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों के हक की असली हितैषी है, न कि कांग्रेस।

### भगवान बुद्ध के ...

के उपदेशों के प्रति भारत की अपार श्रद्धा तथा अपनी आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक खुशी का दिन। भगवान बुद्ध की पवित्र पिपरहवा निशानियां 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद स्वदेश वापस आ गई हैं,

### सरकार के प्रयास ....

करता है कि ये बुद्ध के अवशेष हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा जमा किया गया था। सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सोथबी

### डिजिटल मीडिया पर....

भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था के हित में वेबसाइट, सोशल मीडिया हैंडल और पोस्ट को ब्लॉक करने के लिए आवश्यक आदेश जारी किए। 26 अप्रैल को, सीधा प्रसारण न करने का परामर्श जारी किया था।

### कामचटका जैसे भूकंप...

धरती की सतह की इतनी बारीक तस्वीरें ले सकता है कि सेंटीमीटर के बदलाव भी पकड़ लेता है। निसार सैटेलाइट मानव कौशल और दो अंतरिक्ष एजेंसियों (इसरो-नासा) के बीच एक दशक से अधिक समय तक जारी रहे तकनीकी सहयोग के आदान-प्रदान का परिणाम है। निसार का वजन 2,393 किलोग्राम है। जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है।

**म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम**
कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्र.-1 भदभदा रोड, भोपाल
क्र./1100 /तशा/प.यं./2025 दिनांक : 23.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

इस कार्यालय द्वारा भोपाल जिले में निर्माण/मरम्मत कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा क्रमांक 2025_MPPHC_439867_1, 2025_MPPHC_439927_1 दिनांक 04.08.2025 समय अपरान्ह 17:00 बजे तक खरीदी जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
म.प्र. माध्यम/121331/2025 परियोजना यंत्री

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
Water Work Department
Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal
Ph. No. 0755-2701669
150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works. The bidder can obtained detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in.
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT NO. | Tender ID | Details of Work | Estimated Cost (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 07/T.Sec./EE/W W.D/2025-26 Second call | 2025_UAD _432332_2 | Supply and Installation of Monoblock pump set and Storage Tank with all fittings for water supply arrangement at Bhopal municipal corporation Headquarter under Zone No. 07 | 12,51,255.00 | 9,384.00 | 13.08.2025 |

T.N. 1997/025/026
Executive Engineer (WWD)
Municipal Corporation, Bhopal

**प्रारूप-दस**
**(नियम 7 देखिये)**
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ) वृत्त भोपाल**
(पुराना जिला पंचायत भवन, कोहेफिजा जिला भोपाल)
रा.प्र.क. 1055
:: सार्वजनिक नोटिस ::

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण/बटान/बटवारा/सीमांकन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितवद्ध व्यक्ति दिनांक 29/8/2025 को समय दोपहर 03:00 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ वृत्त भोपाल के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण/बटान/बटवारा/सीमांकन के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची ग्राम का नाम-गोदरमऊ, खसरा नंबर-7/1, क्षेत्रफल-2.3150 हेक्टेयर, उस व्यक्ति का विवरण जिनके पक्ष में नामांतरण विचाराधीन है (आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम एवं पता)- संजीव कुमार भटनागर / रघुवरसिंह भटनागर आज दिनांक 15/07/2025. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**नजूल संतहिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

**फार्म-अ**
**(परिपत्र दो-। की कण्डिका 6 देखिये)**
**राजस्व आदेश-पत्र (रेव्हेन्यू आर्डर शीट)**

**न्यायालय तहसीलदार, नजूल, तहसील टी.टी. नगर, ज़िला भोपाल म.प्र. भोपाल के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक** : 0128/अ-6/2025-26
विषय: **पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर**
ग्राम: 275-चूना भट्टी बन्दोबस्त क्रमांक ................पटवारी हल्का- चूना भट्टी तहसील: टी.टी. नगर
कलेक्टर का क्रमांक: .................. सन् ............अनुविभागीय अधिकारी का क्रमांक: ................सन्...............
तहसीलदार का क्रमांक: ................सन्................ नायब तहसीलदार का क्रमांक: ............ सन् ..................

| आदेश क्रमांक कार्यवाही की तारीख और स्थान | पीठासीन अधिकारी के हस्ताक्षर सहित आदेश-पत्र अथवा कार्यवाही | जहाँ आवश्यक हो, पक्षकारों अथवा वकीलों के हस्ताक्षर, आदेशों के पालन करने वाले लिपिक के संक्षिप्त हस्ताक्षर और पालन की तारीख |
|---|---|---|
| 10/07/2025 | आवेदक श्री/श्रीमती/कु. निशु बिसारिया आत्मज/पुत्र/पुत्री कृष्ण स्वरूप बिसारिया निवासी बी-5 नवलखा काम्पलेक्स इन्दौर, Ward 30, Bhopal (MCorp.). Huzur, भोपाल तहसील टी.टी. नगर जिला भोपाल म.प्र. ने इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है कि पंजीकृत विक्रयपत्र के आधार पर क्रमांक A1-320209 दिनांक 11-07-2025 निम्नांकित विवरण के आधार पर किया जाये :- | |

**1. भूमि का विवरण :**

| प.ह.क्र./सेक्टर क्र. | नाम ग्राम | ख़सरा नंबर | रकबा | भू-राजस्व | खातेदारों के नाम: नाम | खातेदारों के नाम: पिता/पति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 022802022021031/चूना भट्टी | 275-चूना भट्टी | 58/3 | 0.4170 | 0.00 | दानिश गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित | |

**2. विक्रेता का विवरण**

| अ.क्र. | नाम | पिता/पति संरक्षक का नाम | पता | मो.न. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | दानिश गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित नफीस अंसारी | श्री | 275-चूना भट्टी टी.टी. नगर, भोपाल | |

**3. क्रेता का विवरण**

| अ.क्र. | नाम/फर्म का नाम | पिता/पति/संरक्षक का नाम/संस्थापक का नाम | पता | मो.न. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निशु बिसारिया | कृष्ण स्वरूप बिसारिया | 275-चूना भट्टी टी.टी. नगर, भोपाल | 8889684477 |

प्रकराण दर्ज है ।
इश्तिहार जारी है।
अनावेदकों का सूचना पत्र जारी है।
पटवारी हल्का/नगर सर्वेक्षक से प्रतिवेदन लिया जाए ।
तहसीलदार
राजधानी परियोजना भोपाल

**प्ररूप-दस**
**(नियम 7 देखिये)**
**न्यायालय तहसीलदार, नजूल, तहसील टी.टी. नगर, ज़िला भोपाल म.प्र. (कुनाल राउत), तहसील:- टी.टी. नगर, जिला:- भोपाल**
जावक क्रमांक **सार्वजनिक नोटिस** मामला क्रमांक. 0128/अ-6/2025-26

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार भू-अभिलेखों में नामांतरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 04/08/2025 को बजे स्थान टी.टी. नगर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों, या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन नामांतरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।
आज दिनांक: को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया ।
दिनांक : स्थान टी.टी.नगर
**तहसीलदार**
**राजधानी परियोजना भोपाल**

**पुरातत्व संरक्षण कार्य करने वाले ठेकेदारों के पंजीयन हेतु सूचना**

इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज (INTACH) भोपाल पुरातात्त्विक महत्व के निर्माण और संरक्षण कार्यों को करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों का **empanelment** कर रही है। इच्छुक अनुभवी ठेकेदार, 8 अगस्त 2025 तक, प्रपत्रों में जानकारी भरकर पंजीकरण करवा सकते है।
प्रपत्र कार्यालय A/88, प्रथम तल, विद्या नगर, भोपाल 462026 से प्राप्त कर सकते हैं।
संपर्क- श्री राघव शर्मा, कंजर्वेशन आर्किटैक्ट, इंटैक भोपाल (फोन-8409657498)

**कन्वीनर, इंटैक भोपाल**


आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
**Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्शन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्र्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यकता
सुनहरा अवसर नौकरी-10500, सीटों पर सीधी पक्की भारती परमानेंट बेसिस पर पद-वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, (10th +12th) पास लड़के लड़कियां आवेदन कर सकते हैं आवेदन के लिए- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट, अस्थाई निवास प्रमाण पत्र, व्हाट्सएप / कॉल करें - 9685327774
R-02-08-2025

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार,जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4cm
अन्य साईज में @ Rs.40sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473





## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

## *शब्द पहेली - 5944*

***बाएँ से दाए***
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

***ऊपर से नीचे***
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

***शब्द पहेली- 5943 का हल***

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | रा | ज | कु | मा | र | ■ | म | नो | ह | र |
| दौ | र | ■ | ली | ■ | ख | न | न | ■ | र | वा |
| ल | ■ | जा | न | व | र | ■ | न | ल | ■ | य |
| त | न | य | ■ | ■ | खा | र | ■ | की | म | त |
| खा | ■ | दा | ■ | ना | व | ■ | ड | ■ | दा | ■ |
| ना | र | द | मु | नी | ■ | प | र | व | री | श |
| ■ | फ्ता | ■ | ख | ■ | स | द | ■ | र्ध | ■ | क |
| भ | र | ना | ■ | स | भा | ■ | ■ | मा | हि | र |
| या | ■ | का | का | ■ | भ | द्दा | प | न | ■ | कं |
| न | न | ■ | त | ना | व | ■ | ह | ■ | दा | द |
| क | म | जो | र | ■ | न | ग | र | वा | सी | ■ |

## सूडोकु नवताल- 5954

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5953 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

सरकार से 500 ग्राम, एक, दो और 5 किलोग्राम जैसे पारंपरिक पैकेजिंग आकारों को फिर से अनिवार्य करने की मांग

# त्योहारी खपत बढ़ने से खाद्य तेल के भाव में तेजी का तड़का, दाम 15 से 20 फीसदी तक बढ़े

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

आगामी त्योहार रक्षाबंधन, कृष्ण जन्माष्टमी के मद्देनजर स्थानीय थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में शहरी और देसावरी दोनों ही खरीदारी का जोर होने के सोयाबीन, सरसों और मूंगफली सहित सभी खाद्य तेल की खपत बढ़ गई है। पिछले महीनों की अपेक्षा तेलों की खपत में इजाफा होने से सभी खाद्य तेलों के भाव गरम यानी बढ़ गए है। स्थानीय तेल व्यापारी और तेल ब्रोकर्स की मानें तो जुलाई माह में तेल के भाव में 15 से 20 फीसदी की तेजी आई है।

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने बताया कि सरसो तेल जो 130 से 140 रुपए लीटर था वह बढ़कर 175 से 180 रुपए लीटर पहुंच गया है। सोयाबीन तेल जो 121 से 122 रुपए लीटर बिक रहा था वह अब 132 से 133 रुपए लीटर और मूंगफली ते 140 रुपए लीटर से बढ़क 170 रुपए लीटर के स्तर पर पहुंच गया है। तिवारी ने बताया कि आगामी त्यौहारी सीजन को देखते हुए तेल की खपत में 20 फीसदी का इजाफा हुआ है ।



## खाद्य तेलों की पैकेजिंग में कम वजन, सरकार से तत्काल रोक लगाने की मांग

*उपभोक्ताओं को कम वजन के तेल के पैकेट बेचकर धोखा देने की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर, खाद्य तेलों की पैकेजिंग में कम वजन के मुद्दे पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जा रही है। क्योंकि खाद्य तेलों के कारोबार में कम वजन की शिकायतें आ रही हैं, जिससे उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ रही है। कुछ व्यापारियों और उपभोक्ताओं ने शिकायत की है कि उन्हें डिब्बाबंद खाद्य तेलों में निर्धारित मात्रा से कम वजन मिल रहा है। उपभोक्ता संगठनों और व्यापारियों ने सरकार से खाद्य तेलों में कम वजन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।*

## दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें

*व्यापारियों ने सरकार से खाद्य तेलों के वजन में अनियमितताओं की जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की भी मांग की है। तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी ने कहा कि खाद्य तेलों में कम वजन एक गंभीर मुद्दा है जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को इस मामले की जांच करनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।*

## उपभोक्ताओं को जागरुक होने और कम वजन वाले उत्पादों की खरीदी बंद करने की सलाह

*तिवारी ने उपभोक्ताओं को भी जागरुक होने और कम वजन वाले उत्पादों को खरीदने से बचने की सलाह दी जाती है। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में व्यापारियों ने खाद्य तेलों की पैकेजिंग में अनियमित आकार के पैकेट (जैसे 800 ग्राम, 810 ग्राम, 850 ग्राम) का उपयोग करके ग्राहकों को धोखा देना शुरू कर दिया है, जिन्हें 1 किलोग्राम के रूप में बेचा जाता है। इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए सरकार 500 ग्राम, 1 किलोग्राम, 2 किलोग्राम और 5 किलोग्राम जैसे पारंपरिक पैकेजिंग आकारों को फिर से अनिवार्य करने पर विचार कर रही है।*

## आरबीआई 1 को करेगा 32 हजार करोड़ रु. की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक 1 अगस्त को 32,000 करोड़ रुपए की सरकारी प्रतिभूतियों की नीलामी करने वाला है। इस फैसले का उद्देश्य दीर्घकालिक बॉन्ड्स के दोबारा निर्गम के जरिए सरकार के बाजार उधार का प्रबंधन करना है। इस नीलामी में दो सरकारी प्रतिभूतियों का पुनर्निर्गम शामिल है। पहली 6.68 प्रतिशत प्रतिफल पर जीएस 2024 और दूसरी 6.90 प्रतिशत प्रतिफल पर जीएस 2065 है। दोनों ही प्रतिभूतियों के लिए अधिसूचित राशि 16,000 करोड़ रुपए तय की गई है। इस नीलामी का निपटान 4 अगस्त, 2025 को किया जाएगा।केंद्रीय बैंक ने दोनों प्रतिभूतियों के लिए 2,000 करोड़ रुपए तक के अतिरिक्त अभिदान स्वीकार करने का विकल्प भी बरकरार रखा है। इससे संभावित रूप से कुल निर्गम आकार बढ़कर 36,000 करोड़ रुपए हो जाएगा। यह बिक्री आरबीआई के मुंबई कार्यालय में होगी। नीलामी बहु-मूल्य पद्धति का पालन करेगी। वहीं गैर-प्रतिस्पर्धी बोलियां 1 अगस्त, 2025 को सुबह 10:30 बजे से 11 बजे तक आरबीआई के कोर बैंकिंग समाधान प्लेटफॉर्म, ई-कुबेर के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती हैं।

## एयरटेल के नेक्सट्रा ने सौर-पवन हाइब्रिड बिजली आपूर्ति के लिए एएमपीआईएन से की साझेदारी

**गुरुग्राम।** दूरसंचार क्षेत्र की प्रमुख भारती एयरटेल की सहायक कंपनी और डेटा सेंटर कंपनी नेक्सट्रा बाय एयरटेल ने एएमपीआईएन एनर्जी ट्रांजिशन के साथ अपनी अक्षय ऊर्जा साझेदारी का विस्तार किया है, जिसमें 125.65 मेगावाट की अंतर-राज्यीय ट्रांसमिशन प्रणाली (आईएसटीएस) से जुड़ी सौर-पवन हाइब्रिड क्षमता जोड़ी गई है। नेक्सट्रा द्वारा एएमपीआईएन से प्राप्त कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 मेगावाट से अधिक हो गई है। नई क्षमता राजस्थान और कर्नाटक स्थित हाइब्रिड बिजली संयंत्रों से आपूर्ति की जाएगी, जिससे नेक्सट्रा राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से विभिन्न राज्यों को बिजली प्रदान कर सकेगा। यह उस पुराने मॉडल से एक बदलाव का प्रतीक है जहां एएमपीआईएन उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा में अंतर-राज्यीय खुली पहुंच मार्गों के माध्यम से सौर ऊर्जा की आपूर्ति करता था। पिनाकी भट्टाचार्य द्वारा स्थापित तथा अमेरिका, यूरोप और एशिया के अंतर्राष्ट्रीय संस्थागत निवेशकों द्वारा समर्थित एएमपीआईएन, भारत में नवीकरणीय ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी है।

एनएक्सट्रा के अनुसार इस नई क्षमता के जुड़ने से प्रतिवर्ष लगभग 1.5 लाख टन सीओ2 समतुल्य कार्बन उत्सर्जन में कमी आने की उम्मीद है।

**न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.**

**प्रकरण क्रमांक : RS/444/0780/12899/2025**

**इश्तहार**

आवेदक गंगा रतिया पत्नि कपिल सौलंकी निवासी ग्राम हिनोतिया आलम कोलार द्वारा ग्राम हिनोतिया आलम स्थित खसरा नंम्बर 408,420/1 व अन्य क्षेत्रफल 84.60 वर्गफिट भूमि का बंटवारा किए जाने, हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 12/08/2025 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**तहसील-कोलार जिला-भोपाल**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार वृत्त 2 तहसील हुजूर जिला भोपाल**

**प्रकरण क्रमांक -2420/अ-6/2025-26**
**दिनांक- 28/07/2025**
**ग्राम पिपलिया बाज खाँ प.ह.न. 26**

:: **ईश्तहार** ::

सर्वसाधरण आवेदक श्री सुरेश यादव आ. श्री गुलाब सिंह यादव निवासी रतन कालोनी न्यू जेल रोड जिला भोपाल (2) श्री नीरज पचौरी आ. ब्रजमोहन पचौरी निवासी - पचौरी काम्प्लेक्स पीपल चौराह करोंद भोपाल (म.प्र.), ने म.प्र.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दस्तावेज क्रमांक 4/716 दिनांक 14.06.2012 के आधार पर क्रय की गई भूमि खसरा क्रमांक 15/2/2/1, 16/2/1 रकबा क्रमशः 0.240, 0.160 हे. कुल रकबा 0.400 हे. भूमि स्थित ग्राम पिपलिया बाज खाँ प.ह.न. 26 तहसील हुजूर, जिला भोपाल का नामांतरण राजस्व अभिलेखों में आवेदक के नाम स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ, रजिस्टर्ड विक्रय पत्र की छायाप्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। प्रकरण के निराकरण की अंतिम समय सीमा दिनांक 26/07/2025 है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचारधीन है।
उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/सस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। प्रकरण मे आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 11/08/2025 नियत है।
उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 28/07/2025 को जारी

**तहसीलदार**
**तहसील हुजूर भोपाल**

**खबर संक्षेप**

### मोटो जी86 पावर भारतीय मार्केट में लांच

**मुंबई ।** टेक कंपनी मोटोरोला ने बजट सेगमेंट में नया स्मार्टफोन 'मोटो जी86 पावर' भारतीय मार्केट में लांच कर दिया है। स्मार्टफोन में कंपनी ने 4500 निट्स ब्राइटनेस वाला डिस्प्ले दिया है। इससे दिन के तेज लाइट में भी डिस्प्ले पर लाइट की कमी नहीं होगी। स्मार्टफोन मोटो एआई से लैस है। कंपनी ने इसे पावर टू डू ऑल यानी सबकुछ करने में सक्षम टैगलाइन दे रही है। स्मार्टफोन में 6720एमएएच की बैटरी दी गई है। मोटोरोला ने स्मार्टफोन को तीन कलर ऑप्शन-कॉस्मिक स्काई, गोल्डन साइप्रेस और स्पेल बाउंड में पेश किया है।

### फ्लाई एसबीएस एविएशन का आईपीओ 1 को खुलेगा

**मुंबई।** फ्लाई एसबीएस एविएशन लिमिटेड 1 अगस्त 2025 शुक्रवार को अपना आईपीओ (इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग) खोलने जा रही है। कंपनी 102.53 करोड़ रुपए जुटाने का लक्ष्य रख रही है, और इसके शेयर एनएसई एमर्जी प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू 45,57,000 इक्विटी शेयरों का है, जिनका फेस वैल्यू 10 प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 210 से 225 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है एंकर निवेश भाग 31 जुलाई 2025 को खुलेगा और पूरी पेशकश 5 अगस्त 2025 को बंद होगी।

### कैश यूआर ड्राइव का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** कैश यूआर ड्राइव मार्केटिंग लिमिटेड अपना आईपीओ (इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग) 31 जुलाई 2025 को खोलने जा रही है। कंपनी इस आईपीओ के माध्यम से 60.79 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इसके शेयर एनएसई एमर्जी प्लेटफॉर्म पर लिस्ट किए जाएंगे। इस इश्यू में कुल 46,76,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए प्रति शेयर है और प्राइस बैंड 123 से 130 प्रति शेयर तय किया गया है। इस आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### अमेजन के सेनहाइज़र पर बेजोड़ डील्स की ऑफर

**नई दिल्ली।** सेनहाइजर ने आने वाली अमेजन ग्रेट फ्रीडम फेस्टिवल सेल 2025 के लिए अपने प्रीमियम प्रोडक्ट लाइनअप पर विशेष ऑफर की घोषणा की है, जो 31 जुलाई 2025 की मध्यरात्रि से शुरू होगा। ग्राहक सेनहाइजर उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिनमें मोमेंटम 4 वायरलेस, एचडी 490 प्रो प्लस स्टूडियो हेडफ़ोन, एमकेई 400 मोबाइल किट, एक्सेंटम प्लस वायरलेस, एक्सेंटम वायरलेस स्पेशल एडिशन और एक्सएस वायरलेस आईईएम सेट आदि शामिल हैं।

टैक्स विभाग की बैंकिंग गतिविधियों पर सख्ती से नजर

# किया 50 हजार रु. से ज्यादा का लेन-देन तो मिलेगा नोटिस

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल/ नई दिल्ली




इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर ) दाखिल करने की आखिरी तारीख नजदीक है और ऐसे में इनकम टैक्स विभाग बैंकिंग गतिविधियों पर सख्ती से नजर रख रहा है। खासतौर पर उन खातों पर विभाग की पैनी नजर है जिनमें असामान्य या बड़ी रकम के लेन-देन हुए हैं। बैंक खाते से एक बार में 50 हजार रुपए या उससे अधिक की नकद जमा या निकासी की है और इस पर टैक्स से जुड़ी सही जानकारी नहीं दी है, तो आपको इनकम टैक्स नोटिस मिल सकता है। इनकम टैक्स विभाग अब एआई-आधारित सिस्टम की मदद से ऐसे खातों की स्क्रूटनी कर रहा है, जिसमें संदेहास्पद लेन-देन दिख रहा है।

## विशेषज्ञों की राय, स्रोत बताना जरूरी

*सीए राजेश जैन के मुताबिक इनकम टैक्स कानून के तहत यदि कोई व्यक्ति बार-बार बड़ी रकम जमा या निकालता है, तो उसे इसका स्रोत बताना जरूरी होता है। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो आयकर विभाग नोटिस भेज सकता है। बैंक इन सभी जानकारियों को एनुअल इंफॉर्मेशन रिपोर्ट के जरिए इनकम टैक्स विभाग तक पहुंचाता है। इसी के आधार पर यह तय किया जाता है कि किसी व्यक्ति के खाते में असामान्य गतिविधियां हो रही हैं या नहीं।*

# मिनिमम बैलेंस के नाम बैंकों ने ग्राहकों से लगभग 8,933 करोड़ का जुर्माना वसूला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पिछले पांच वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने ग्राहकों से लगभग 8,933 करोड़ का जुर्माना केवल इसलिए वसूला, क्योंकि वे अपने खातों में न्यूनतम औसत बैलेंस बनाए रखने में विफल रहे। यह जानकारी केंद्र सरकार ने संसद में साझा की है। भारतीय स्टेट बैंक तो मार्च 2020 से ही ये जुर्माना नहीं ले रहा है लेकिन बाकी कई बड़े सरकारी बैंक फाइन लगा रहे हैं। इन बैंकों में इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया तक शामिल रहे हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने भी हाल ही में यह चार्ज माफ कर दिया है। बैंकों का कहना है कि ये कदम ग्राहकों को राहत देने और हर किसी के लिए बैंकिंग सेवाओं को समान रूप से उपलब्ध कराने के लिए उठाया गया है।

**सबसे अधिक जुर्माना वसूलने वाले बैंक**

| बैंक का नाम | वसूली गई राशि |
|---|---|
| इंडियन बैंक | 1,828.18 करोड़ रुपए |
| पंजाब नेशनल बैंक | 1,662.42 करोड़ रुपए |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 1,531.62 करोड़ रुपए |
| केनरा बैंक | 1,212.92 करोड़ रुपए |
| बैंक ऑफ इंडिया | 809.66 करोड़ रुपए |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 585.36 करोड़ रुपए |
| बैंक ऑफ महाराष्ट्र | 535.20 करोड़ रुपए |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 484.75 करोड़ रुपए |
| यूको बैंक | 119.91 करोड़ रुपए |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 100.92 करोड़ रुपए |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 62.04 करोड़ रुपए |

## फार्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में रिलायंस का दबदबा कायम




**नई दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड 2025 की फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में 88वें नंबर पर पहुंच गई है। कुल 9 भारतीय कंपनियां ने लिस्ट में जगह बनाई है, रिलायंस इंडस्ट्रीज सूची में सर्वोच्च रैंकिंग हासिल करने वाली भारतीय कंपनी है। लगातार 22 सालों से रिलायंस ने प्रतिष्ठित फॉर्च्यून ग्लोबल 500 लिस्ट में अपनी जगह कायम रखी हुई है। कोई भी निजी क्षेत्र की भारतीय कंपनी इतने लंबे समय तक इस लिस्ट बनी नहीं रह सकी है। हालाँकि पिछले वर्ष कंपनी की रैंकिंग 86 थी। लेकिन यह 2021 से 67 स्थान ऊपर चढ़ी है, तब यह 155वें स्थान पर थी। 'फॉर्च्यून ग्लोबल 500' लिस्ट में कुल राजस्व के आधार पर कंपनियों की रैंकिंग की जाती है। लिस्ट में सार्वजनिक क्षेत्र की पाँच और निजी क्षेत्र की चार भारतीय कंपनियां शामिल हैं।रिलायंस के अलावा एलआईसी 95वें, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 127वें, भारतीय स्टेट बैंक 163वें, ओएनजीसी 181वें, एचडीएफसी बैंक 258वें, टाटा मोटर्स 283वें, बीपीसीएल 285वें, और आईसीआईसीआई बैंक 464वें नंबर पर है।

**एनएमडीसी**
**NMDC**

**एन एम डी सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
'खनिज भवन', 10–3–311/ए, कैसल हिल्स, मासाब टैंक, हैदराबाद–500028
नैगम पहचान संख्या (सीआईएन) - L13100TG1958GOI001674

**संविदा विभाग**

**निविदा पूछताछ सं:** एचओ(वर्कस)/संविदा/एचओ/लर्निंग सेंटर/2025/1095/271 दिनांक : 31/07/2025
**एमएसटीसी संदर्भ संख्याा : एनएमडीसी/हेडऑफिस/कंट्रेक्ट/20/25–26/ईटी/297 [रीफर्बिशमेंट लर्निंग सेंटर]**
**अनुमानित लागत जीएसटी सहित: रू 6.69 करोड़ ।**

एनएमडीसी लिमिटेड इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक ''नवरत्न'' कंपनी है जो **"एनएमडीसी खनिज भवन, हैदराबाद में लर्निंग सेंटर के नवीनीकरण(रीफर्बिशमेंट)"** कार्य के लिए प्रत्याशित बोलीकर्ताओं से **ऑनलाइन बोलियां** आमंत्रित करती है।

विस्तृत एनआईटी एवं बोली कागजात निम्नांकित वेबसाइटों लिंको पर **31/07/2025 से 29/08/2025 तक** अवलोकन तथा/अथवा डाउन लोड किए जा सकते हैं:

1. एनएमडीसी वेबसाइट– **https://nmdcportals.nmdc.co.in/nmdctender/**
2. केंद्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल (सीपीपी पोर्टल)– **https://www.eprocure.gov.in/epublish/app** तथा निविदा पूछताछ संख्या के माध्यम से निविदा सर्च करें।
3. एमएसटीसी पोर्टल **https://www.mstcecommerce.com/eprocn/** तथा निविदा सं. **एनएमडीसी/हेडऑफिस/कंट्रेक्ट/20/25–26/ईटी/297 [रीफर्बिशमेंट लर्निंग सेंटर]** के माध्यम से निविदा सर्च करें।

बोली पूर्व बैठक **11/08/2025** को एनएमडीसी मासाब टैंक, हैदराबाद में आयोजित होगी। बोलीकर्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि एमएसटीसी लिमिटेड वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपनी बोली प्रस्तुत करें। ऑनलाइन के माध्यम से बोली प्रस्तुत करने हेतु विस्तृत विवरण एनआईटी में दिए गए हैं। शुद्धिपत्र, भविष्य में यदि कोई हो, के लिए बोलीकर्ताओं को नियमित आधार पर एनएमडीसी वेबसाइट/सीपीपी पोर्टल/एमएसटीसी वेबसाइट को देखना अपेक्षित है।
अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए निम्नांकित से संपर्क किया जा सकता है:
महाप्रबंधक (संविदा), एनएमडीसी लिमिटेड, हैदराबाद, फोन नं 040–23533536
ईमेल : **contracts@nmdc.co.in**

**कृते एनएमडीसी की ओर से**
**अधिशासी निदेशक (वर्कस)**

**बिजनेस न्यूज**

## रानी दुल्लैया स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय में चरक जंयती समारोह का आयोजन



**भोपाल।** रानी दुल्लैया स्मृति आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के सभागार में चरक जयंती के उपलक्ष्य में समारोह का आयोजन किया गया । इस आयोजन के अवसर पर विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी एवं संस्थापक हेमंत सिंह ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । सबनानी ने बताया कि महर्षि चरक के सिद्धांतों का पालन करने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, विकसित भारत में स्वथ्य नागरिक की महत्ता को बताया। उन्होंने आयुर्वेद के 2014 के बाद आयुर्वेद में निरंतर हो रहे नए-नए अनुसंधानों के लिये देश के प्रधानमंत्री मोदी का अभिवादन किया। महाविद्यालय में चरक जयंती के अवसर पर पूरे सप्ताह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे' बॉडी पेंटिंग, रंगौली, पोस्टर, श्लोक एवं चरक संहिता का पठन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को विधायक द्वारा पुरस्कृत किया गया। संस्थापक हेमंत सिंह ने बताया कि आयुर्वेद के छात्र-छात्राएं महर्षि चरक के सिद्धांतों का पालन कर देश के उत्थान में अग्रसर रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष हेमंत बडगेया, डॉ. रवि प्रकाश सिंह, प्राचार्य आयुर्वेद महाविद्यालय, डॉ. पीएन पाल चैधुरी, होम्योपैथी कॉलेज एवं नर्सिंग की उपप्राचार्या मल्लिका रॉय, सांस्कृतिक समन्वयक डा. प्रफुल्ला, डॉ. प्रशांत मठ, उपप्राचार्य डॉ. दिनेश चैधरी एवं समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाभा विवि में कंपनी नीता नेचुरल्स ऑरेगोन यूएसए के बीच समझौता




**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय व कंप्यूटर एप्लीकेशन संकाय और नीता नेचुरल्स एलएलसी के बीच अंतरराष्ट्रीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए इस अंतर्राष्ट्रीय एमओयू का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्किल डेवलपमेंट ,ट्रेनिंग प्रोग्राम, इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के लिए अवसर प्रदान करना है इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रति उपकुलपति ने कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय समझौता छात्रों का कौशल विकास में सहायता प्रदान करेगा । नीता नेचुरल्स की सीईओ नीति नेहरा ने कहा कि इस समझौते से छात्र उत्पाद विकास के सभी चरणों के बारे में विविध जानकारी प्राप्त कर सकेंगे समझौता ज्ञापन विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ.एनके अग्रवाल ,रजिस्ट्रार डॉ.श्याम पाटकर ,डायरेक्टर डॉ.दीपा बक्शी ,डिप्टी रजिस्ट्रार आशीष काशिव शिक्षा प्राचार्य डॉ. कविता पड़ेगांवकर ,फार्मेसी प्राचार्य डॉ. सत्कार प्रसाद एवं प्रोफेसर लता मालवीय की उपस्थिति में किया गया इस मौके पर भाभा विश्वविद्यालय के सीईओ प्रसाद पिल्लई एवं वाइस चांसलर डॉ .दिलीप कुमार डे ने बधाइयां दी।

## ओरिएंटल इंस्टीट्यूट को एक बार फिर मिली एनबीए की मान्यता

**भोपाल।** ओरिएंटल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी भोपाल के तीन प्रमुख विभागों जिसमे कंप्यूटर साइंस, एंड इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग को एक बार पुनः प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रत्यापन बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त की है। एआईसीटीई के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय, एनबीए द्वारा प्राप्त यह मान्यता गुणवत्ता, परिणाम-आधारित शिक्षा और निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन प्रवीण ठकराल ने बताया की श्एनबीए द्वारा पुनः मान्यता हमारी प्रणालियों, संकाय, पाठ्यक्रम और छात्र परिणामों में रखे गए विश्वास की पुष्टि करती है।




## सिंटेक्स ने भोपाल में पेश किया 'स्मार्ट' टैंक



**भोपाल।** वेलस्पन वर्ल्ड के अंतर्गत आने वाली कंपनी सिंटेक्स ने भोपाल में एक इनोवेटिव सिंटेक्स 'स्मार्ट' टैंक लॉन्च किया है। यह टैंक 100 फीसदी फूड-ग्रेड वर्जिन प्लास्टिक से बना है, जो भारतीय परिवारों के स्वास्थ्य और बेहतर सेहत को प्राथमिकता देता है। भारतीय परिवारों की बजट-सम्बंधी आवश्यकताओं को समझते हुए, सिंटेक्स ने 'स्मार्ट' टैंक को किफायती मूल्य पर उपलब्ध कराया है, ताकि बेहतर क्वालिटी वाला वॉटर स्टोरेज समाधान भोपाल में हर परिवार की पहुंच में हो।

## सिस्टर सिटी समझौते के अंतर्गत भोपाल से स्मोलेंस्क के लिए पहली निर्यात खेप रवाना




**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय सहयोग को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए भोपाल से रूस के स्मोलेन्स्क शहर के लिए पहला निर्यात खेप बुधवार को रवाना किया गया। फेडरेशन के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने बताया कि यह निर्यात खेप सिस्टर सिटी समझौते के अंतर्गत भेजा जा रहा है, जो कि भोपाल और स्मोलेंस्क महापौरों के बीच हस्ताक्षरित हुआ था। यह मध्यप्रदेश के किसी भी शहर और रूस के बीच हुआ पहला ऐसा समझौता है, जिसे रूस के विदेश मंत्रालय से सहमति प्राप्त है। इस परियोजना के अंतर्गत पहली बार मध्यप्रदेश की प्रीमियम बासमती चावल, जो कि सागर न्यूट्रिमेंट्स प्रा.लि. मंडीदीप 'नंदी' ब्रांड के अंतर्गत निर्यात किया जा रहा है। यह प्रयास वहां भारतीय बासमती चावल की लोकप्रियता बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

## बिरला कॉर्पोरेशन का शुद्ध लाभ 264 फीसदी बढ़ा

**कोलकाता।** बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने जून तिमाही में 2,486 करोड़ रुपए का कंसोलिडेटेड राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है, और 120 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हासिल किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 264 प्रतिशत अधिक है। पहली तिमाही के दौरान बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। कंपनी का कंसोलिडेटेड एबिटिडा पिछले वर्ष की इसी अवधि के 275 करोड़ रुपए से 38 प्रतिशत बढ़कर 379 करोड़ रुपए हो गया। एबिटिडा में यह वृद्धि सीमेंट की बिक्री में सुधार, कम ऑपरेशनल लागत और जूट इंडस्ट्री में सुधार का परिणाम है।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स को मिली अधिग्रहण की मंजूरी

**नई दिल्ली।** एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ने नियो सेमी एसजी पीटीई. लिमिटेड में इक्विटी शेयर खरीदने की संभावना पर विचार करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है। यह कदम कंपनी को नई और उन्नत तकनीकों से जुड़े तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में कदम रखने का रास्ता दिखाता है।

**ई–नीलामी सूचना**

**ऋण वसूली अधिकरण**

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग (बैंकिंग प्रभाग)
द्वितीय एवं तृतीय तल, संचार विकास भवन (**BSNL** बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**Case No. RC 169/2019/ ओ.ए. नं. 626/2018**

**ई–नीलामी क्रमांक 200/2025**

**BANK OF BARODA वि. SHRI PREM SINGH MEVADA एवं अन्य** में पारित वसूली प्रमाण पत्र क्रमांक **RC No. RC 169/2019/ O.A. No. 626/2018** में जारी राशि की वसूली हेतु प्रमाण पत्र **Rs. 35,88,592.00 (Rupees Thirty Five Lakh Eighty Eight Thousand Five Hundred Ninety Two only)** तथा उस पर 11.00 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से **30-05-2018** से ब्याज एवं की वसूली हेतु निम्नलिखित संपत्ति ऑन लाईन ई-नीलामी प्रक्रिया तहत वेबसाईट **https:// www.bankeauctions.com** के माध्यम से की जायेगी।

**ई–नीलामी की तिथि एवं समय: 11-09-2025 दोपहर 12.00 बजे से 1.00**

**संपत्ति की अनुसूची**

**Agriculture Land bearing khasra No. 228/04, admeasuring 4000 sq.mtr., out of total land of 0.405 hectare, situated at Village-Bhagwanpur, Tehsil-Ashta, District-Sehore (M.P.); area admeasuring 0.405 hectare; belonging to Shri Prem Singh Mevada, S/o Shri Karan Singh Mevada.**

**प्रारक्षित मूल्य : रुपए 16,20,000.00 (Rupees Sixteen Lakh Twenty Thousand only);**

**विक्रय की शर्ते**

1. इच्छुक निविदाकर्ता वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र धारक होना चाहिये । अधिक विवरण हेतु **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने के पूर्व वेबसाईट **https://www.bankeauctions.com** पर उपलब्ध नीलामी बिड प्रपत्र तथा विस्तृत नियमों व शर्तों का अवलोकन कर लें।
3. बिड केवल ऑन-लाईन माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में पहचान पत्र की प्रति साथ में संलग्न कर जमा करनी होगी। (विस्तृत नियम व शर्तो का संदर्भ लें)।
4. अग्रिम जमा धरोहर राशि (ईएमडी) हेतु प्रारक्षित मूल्य की 10% राशि जो **रुपए Rs.1,62,000.00 (Rupees One Lakh Sixty Two Thousand only);** है, RTGS/NEFT/Money Transfer द्वारा **वसूली अधिकारी, ई–नीलामी खाता, ऋण वसूली अधिकारी जबलपुर के नाम से धारित Account No. 20020210000380** in the name of **"Recovery Officer, E-Auction Account, DRT Jabalpur with UCO BANK, NAVYUG COLLEGE BRANCH JABALPUR (IFSC Code: UCBA0002002)** में आवश्यक रूप से जमा करनी होगी तथा उक्त राशि का प्रेषण बिड प्रपत्र में सुस्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।
5. निविदा ऑन लाईन माध्यम से दिनांक **09-09-2025** अथवा इसके पूर्व 17.00 बजे तक जमा करनी होगी।
6. ऑनलाईन माध्यम से जमा बिड प्रपत्र तथा अनुलग्न कों की प्रति वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, तृतीय तल, संचार विकास भवन (BSNL बिल्डिंग), रेजीडेंसी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास, साउथ सिविल लाइन, जबलपुर को प्रेषित करनी होगी तथा षीघ्र अति षीघ्र भेजने के लिए सर्विस प्रोवाइडर को सूचित किया जाता है और वह, सभी नीलामी के खरीददारों की सूची एवं अन्य दस्तावेज उपलब्ध करावें।
7. ऑन लाईन नीलामी बोली, प्राप्त बिड में से अधिकतम बोली से प्रारंभ होगी तथा प्रत्येक बिड की वृद्धि राशि न्यूनतम **रुपए Rs.20,000/- (Rs. Twenty Thousand only)** रुपये होगी। ऑन लाईन बिड में समय समाप्त के पूर्व बिड डालने पर सिस्टम द्वारा अपने आप 5 मिनिट का समय बढ़ता जायेगा।
8. असफल बोलीकर्ताओं की अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) वसूली अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर द्वारा उसी खाते में वापिस की जायेगी, जिससे कि उसका भुगतान हुआ है तथा इस संबंध में कोई भी पूछताछ स्वीकार्य नहीं होगी। इच्छुक निविदाकर्ता द्वारा अग्रिम धरोहर राशि (ईएमडी) जमा किये जाने के पश्चात् वे जब तक असफल बोलीकर्ता घोषित नहीं किये जाते तब तक ईएमडी राशि वापिस नहीं ले सकते, अन्यथा राशि जब्त कर ली जावेगी।
9. सफल बोलीकर्ता को विक्रय उसके पक्ष में घोषित किये जाने की स्थिति में, 25 प्रतिशत बोली राशि (ईएमडी राशि को समायोजित करते हुए) अगले दिन RTGS/NEFT/Money Transfer के द्वारा कंडिका 4 में उल्लेखित खाते में जमा करनी होगी।
10. सफल बोलीकर्ता को विक्रय मूल्य की शेष 75 प्रतिशत राशि एवं विक्रय मूल्य का 1 प्रतिशत पोन्डेज शुल्क तथा रु. 10 (प्रति संपत्ति अलग-अलग) सहित नीलामी के 15 दिन के अंदर या यदि 15 वा. दिन रविवार अथवा अन्य अवकाश हो तो, 15वे दिन के पश्चात प्रथम कार्यालयीन दिवस को उपरोक्त उल्लेखित क्र. 4 में दर्शित खाते में समयावधि में भुगतान करना होगा। भुगतान में चूक करने पर संपत्ति की नई विक्रय उद्घोषणा जारी करने के पश्चात पुनः विक्रय की जायेगी। अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त राशि शासन के पक्ष में जप्त कर ली जायेगी तथा तत्पश्चात विक्रय होने वाली संपत्ति अथवा राशि के किसी अंश पर चूककर्ता बोलीकर्ता के समस्त दावे समपहृत होंगे।
11. **संपत्ति ''जहाँ है, जैसी है तथा बिना किसी शिकायत'' के आधार** पर विक्रय की जावेगी।
12. संपत्ति का निरीक्षण दिनांक **30-08-2025** को **प्रातः 12 बजे से 16** बजे तक किया जा सकेगा।
13. संपत्ति प्रारक्षित मूल्य से कम मूल्य पर विक्रय नहीं की जावेगी।
14. वसूली अधिकारी को किसी बोली को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या बिना कोई कारण बताये नीलामी को आगे बढ़ाने/स्थगित करने का निर्बाध अधिकार होगा।
15. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे **Ms. Sushma Krishnadasan, Chief Manager, Mob. No. 7247770078** में उपलब्ध संपत्ति के स्वत्वाधिकार विलेख का निरीक्षण कर ले तथा संपत्ति की पहचान एवं विवरणी सही होने तथा प्रभारों आदि की पड़ताल कर ले। इस संबंध में वसूली अधिकारी किसी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। संपत्ति का विवरण बैंक द्वारा प्रदत्त दस्तावेज पर आधारित है।
16. ई-नीलामी के संबंध में विवरण **M/s C-1 India Pvt. Ltd., Website : https://www.bankeauctions.com, helpline No. 0124-4302020/21/22/23/24, for help a bidder in e-auction contact to Mr. Mithalesh Kumar on Mob. No. : 7080804466, E-mail ID: mpcg@c1india.com or E-mail ID: support@bankeauctions.com**
17. संपत्ति से संबंधित अधिक जानकारी **Ms. Sushma Krishnadasan, Chief Manager, Mob. No. 7247770078** से प्राप्त किया जा सकता है।
18. इच्छुक निविदाकर्ता ई-नीलामी प्रक्रिया में अपने स्वयं के कार्यालय/स्वेच्छा के स्थान से बोली हेतु सम्मिलित हो सकते है। प्रत्येक निविदाकर्ता द्वारा इंटरनेट कनेक्टिविटी स्वयं सुनिश्चित करनी होगी। डी.आर.टी./बैंक/सेवा प्रदाता किसी भी प्रकार से इंटरनेट कनेक्टिविटी, नेटवर्क समस्या, तंत्र विच्छेप, विद्युत व्यवधान आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।


**स्थान : जबलपुर,**
**दिनांक 21.07.2025**

**(सुश्री प्रीती देसाई)**
**वसूली अधिकारी**

## चिंतन

# टैरिफ का फैसला मनमाना दबाव में नहीं आएगा भारत

भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एकतरफा ऐलान जहां मनमाना फैसला है, वहीं यह नई दिल्ली पर दबाव बनाने की टैक्टिस भी है, ताकि ट्रेड वार्ता में भारत को झुकाया जा सके। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दर को लेकर अब तक पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल भारत आएगा। इससे पहले अमेरिका का टैरिफ लगाने का ऐलान रणनीतिक रूप से भी सही नहीं है। दोनों देश अपने-अपने हितों को देखते हुए व्यापार वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका जिस तरह की रियायत कृषि व डेयरी उत्पादों पर चाहता है, वह भारत के लिए देना संभव नहीं है। यह बात भारत पहले बता चुका है। एक विकसित राष्ट्र का अनुचित रियायत मांगना अमेरिकी कमजोरी को दर्शाता है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों पर विशेष रियायत चाहता है, इस पर ट्रेड वार्ता में बात चल रही है। 25 फीसदी टैरिफ का फौरी तौर पर भारत के पेट्रोलियम, फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मोती-महंगे पत्थर, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल्स, जूते, इलेक्ट्रानिक मशीनरी व उपकरण आदि के निर्यात पर असर पड़ेगा। ये सामान अब अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगाई से प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार पर 'चिल्ल-पों' करते हुए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया है, लेकिन यह धमकी भारत के व्यापार करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत किसी भी देश से व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, इस पर अमेरिका निर्देशित नहीं कर सकता है। अमेरिका अगर रूस व यूक्रेन जंग खत्म करना चाहता है, तो उसको पहले यूक्रेन को आर्थिक व सामरिक मदद करना बंद करना चाहिए। टैरिफ के जरिये अमेरिका का दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। अतीत में भी अमेरिका ने पोखरण परमाणु विस्फोट पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया था, जो बेअसर रहा था। भारत के लिए अमेरिका कभी भी रूस की तरह मित्र देश नहीं रहा है, वह पाकिस्तानपरस्त रहा है, यह 1971 में भी दिखा और अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दिखा। अमेरिका के भारत से रिश्ते ज्यादातर व्यापारिक रहे हैं। भारत बड़ा बाजार व खरीदार है, इसलिए अमेरिका ने 21वीं सदी में नई दिल्ली की तरफ झुकाव बढ़ाया है। भारत यह बात भलीभांति जानता है। राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास है कि आयातक देशों पर अधिक शुल्क लगाकर अमेरिका अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकेगा, लेकिन यह अवधारणा ही गलत है। ग्लोबल ट्रेड पर तात्कालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन वह जल्द ही नया रूप ले लेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, रूस, ब्राजील जैसे देश गोलबंद होंगे, जो अमेरिका की नाक में दम कर देंगे। अभी अमेरिकी टैरिफ भारतीय जीडीपी को 0.19 फीसदी व रुपये की कीमत को प्रभावित कर सकता है। नई टैरिफ दर के बाद अमेरिकी बाजार कनाडा, मेक्सिको, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के लिए मुफीद होंगे, जबकि चीन, ब्राजील व भारत के लिए कठिन होंगे। भारत का घरेलू बाजार बहुत मजबूत है और वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4 फीसदी है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ बम से भारतीय जीडीपी बेअसर रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार पर अस्थायी असर पड़ सकता है। भारत को अपने निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान, खाड़ी देश, यूरेशिया, अफ्रीकी संघ व आसियान देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, नए एफटीए करना चाहिए और अमेरिका के सर्विस सेक्टर पर नए तरीके से जवाबी टैरिफ दर के बारे में सोचना चाहिए।



जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु

# देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर

**उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।**

यह सोच कर ताज्जुब होता है कि शताब्दी पहले गुलामी के दिनों में भी तमाम भारतीय साहित्यकारों की रचनाएं विदेशियों के लिए कौतुहल का विषय क्यों बनीं? पता चला कि हिंदी के विश्वप्रसिद्ध लेखकों, कवियों और पत्रकारों की कालजयी रचनाओं का असर महज भारत तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि शताब्दी पहले रूसी, जर्मनी, फ्रांसीसी, चीनी, हंगेरियन सहित दुनिया के तमाम हिंदी प्रेमियों व अंग्रेज हिंदी प्रेमियों का जब भारत आना-जाना हुआ और तत्कालीन हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं से वे रूबरू हुए, तब वे हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं के मुरीद हुए। इनको पढ़कर वे प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर उनका अनुवाद किया। तब से ही वहां के विश्वविद्यालयों में उन पर शोध भी होने शुरू हुए।

जिन हिंदी साहित्यकारों को सबसे ज्यादा लोकप्रियता विदेशों में हासिल हुई उनमें कबीर, तुलसीदास, सूरदास, भारतेन्दु हरिश्चंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत के अलावा गद्य लेखकों में मुंशी प्रेमचंद सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पसंद किए गए। मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। विदेशियों की भारतीय साहित्य व समाज के बारे में सोच में बदलाव हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के बाद आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। गुलाम भारत में उस वक्त अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा, समाज में फैले पाखण्ड, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं गंदी प्रथाओं को खत्म करने के लिए तमाम आंदोलन चलाए जा रहे थे। इन आंदोलनों में आर्यसमाज का असर समाज पर सबसे ज्यादा पड़ रहा था। प्रेमचंद की लेखनी में भी आर्य सामाजिक क्रांति का असर गहराई से देखा जा सकता है। भारतीय समाज के तत्कालीन हालात, प्रवृतियों और समस्याओं को प्रेमचंद ने अपने लेखन का विषय बनाया, वे महज भारतीय समाज की दिशा-दशा नहीं थी बल्कि दुनिया के उन सभी देशों की भी थी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी। शायद यही वजह है कि प्रेमचंद विदेशों में भी उतने ही पसंद किए गए जितने की भारत में। पिछले सौ वर्षों में प्रेमचंद जितना सम्मान एशिया, यूरोप, अफ्रीकी देशों और अमेरिका के पड़ोसी देशों में पा रहे थे, वहां आज भी उसी तरह का मान-सम्मान अपनी रचनाओं के जरिए पा रहे हैं। जापान में हिंदी प्रचारक प्रो. क्यूमा दोई ने 1955 ई. में 'गोदान' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। इसी तरह प्रो. साबा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। जापान में इसे भारतीय साहित्य का पहला अनुवाद माना जाता है। प्रो. केइचि नियामोतो एवं प्रो. ताइगेन हाशियोतो की मदद से 'दो बैलों की कथा', 'बड़े भाई साहब', 'पूस की रात', 'नशा' जैसी अनेक लोकप्रिय कहानियों का जापानी में अनुवाद किया। सुश्री तामाकि मात्सुओगा ने ईदगाह का अनुवाद किया। प्रो. तेइजि सकाता ताकुसोक ने 1967 ई. में 'गोदान' में प्रेमचंद की पद्धति एवं शैली' तथा 1968 ई. में 'प्रेमचंद की कहानियों



में शिल्पविधि का विकास' लेख लिखा। इसके अलावा प्रो.कोउकि नागा ने 'प्रेमचंद तथा गांधीवाद' विषय पर शोध किया। वहीं, इशिदा हिदेआकी ने प्रेमचंद के साहित्य में छुआछूत पर किया गया कार्य, मुराकामी योशियाकी द्वारा प्रेमचंद साहित्य का संकलन, श्रीमती कुरू ने मृतक भोज, ठाकुर का कुआं, पूस की रात, दूध का दाम, सद्गति आदि कहानियों का जापानी भाषा में अनुवाद किया।

इसी तरह यूक्रेनी भाषा के महान रचनाकार ए.पी वारान्निकोव ने प्रेमचंद की रचनाओं को सर्वग्राही बताते हुए लिखा है-'प्रेमचंद की रचनाओं में असली भारत के दर्शन होते हैं।' उन्होंने उनकी भाषा-शैली की खासियत को बताते हुए लिखा-''प्रेमचंद न केवल श्रेष्ठ और नई जीवनशैली के धनी हैं, जिसे उन्होंने सबसे पहले अपनाया है, बल्कि भारतीय साहित्य के लिए एक नई विधा-सामाजिक कहानी में, जिसमें सामाजिक तत्त्वों को बड़ी मनोवैज्ञानिक गहनता से उभारा गया है।'' एशिया के देशों खासकर चीन में प्रेमचंद की कहानियों का चीनी भाषा में 1956 ई. में अनुवाद का काम शुरू किया गया। इन चीनी अनुवादकारों में प्रमुख हैं'-श्वेड. चेन, फू. सुन, चिड. चओ, थ्वान तिड., प्रो. ल्यू. ऑन ऊ, तथा नी पेनकिन। प्रो. ल्यू आन ऊ ने सबसे ज्यादा अस्सी कहानियों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीनी अनुवादकों ने प्रेमचंद की 200 कहानियों का अनुवाद किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रूस की तरह ही चीनी हिंदीप्रेमियों ने भी प्रेमचंद को महत्वपूर्ण लेखक मानते हुए उनकी तमाम रचनाओं का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन में प्रेमचंद की लोकप्रियता के बारे में प्रो. ल्यकोनान ने लिखा है-''मुक्ति के पहले तो हिंदी साहित्य का लोग नाम भी नहीं जानते थे। पर अब तक प्रेमचंद के गोदान, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि आदि का अनुवाद हो चुका है, जो छपते ही हाथोंहाथ बिक गए। दुनिया के उन देशों में भी प्रेमचंद के साहित्य को पसंद करने वाले हैं जहां भारतीयों की तादाद बहुत कम है। डॉ. पी.वी ग्लादीशेव रूस के पहले विद्वान थे जिन्होंने इंदीस्काया दिरेव्या व त्वोरचेस्त्वे प्रेमचंदा (प्रेमचंद के कृतित्व में भारतीय ग्राम) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसी तरह डॉ. विक्टर ई. वालिन ने भी प्रेमचंद नावेलिस्ट (उपन्यासकार प्रेमचंद) विषय पर खास तवज्जो देते हुए शोध किया, जिस पर लेनिनग्राद विश्वविद्यालय से उन्हें 1956 में डॉक्टरेट की डिग्री मिली। उन्होंने गोदान, निर्मला, प्रेमाश्रय पर भी विवेचनात्मक अध्ययन किया। इसके अलावा लाहौर से प्रकाशित पत्रिका 'सोजे वतन' के आधार पर प्रेमचंद पर एक दिलचस्प लेख 'प्रेमचंद के सृजन-पथ की शुरुआत और सोजे वतन कहानी संग्रह' लिखा था, जो 1962 ई. में मास्को से प्रकाशित किताब 'सेब्रेमेन्नाया इन्दीस्काया प्रोजा' (आधुनिक हिंदी भारतीय गद्य) में संकलित है।

प्रेमचंद उन कालजयी रचनाकारों में हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। विदेशों में भी प्रेमचंद के साहित्य का अनुवाद खूब हुआ, लेकिन मूलभाषा में पढ़ने का मज़ा कुछ और ही होता है, इस नजरिए से विदेशों में भी लोगों ने हिंदी सीखी। डॉ.मारग्रेट गात्सलाफ का निर्मला और कई कहानियों का जर्मन में रूपांतरण और प्रो.लोठार लुत्से द्वारा डा. कमल किशोर गोयनका के सहयोग से प्रेमचंद साहित्य पर किया गया कार्य काबिलेगौर है। लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस में प्रेमचंद के चहेतों की लम्बी सूची है। आज दुनिया के तकरीबन सौ से ज्यादा देशों में प्रेमचंद वहां के चहेते विदेशी लेखकों में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

*( लेखक साहित्यकार व संस्कृतिवेत्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।*

उपन्यास सम्राट

कृष्ण प्रताप सिंह



# नवाबराय को गोरी सत्ता की कुदृष्टि ने बनाया 'प्रेमचंद'

सोज़े वतन मुंशी प्रेमचन्द का पहला कथा संग्रह है। हालांकि यह तब प्रकाशित हुआ था, जब वे न प्रेमचंद बने थे और न हिंदी के लेखक। तब वे नवाबराय नाम से उर्दू में लिखा करते थे और 'सोज़े वतन' में शामिल 'दुनिया का सबसे अनमोल रतन' शीर्षक कहानी भी, जिसे उनकी पहली कहानी माना जाता है, उनके इसी नाम से छपी थी। हालांकि उनका माता-पिता का दिया नाम धनपतराय था। जानकार बताते हैं कि 1908 में 'सोज़े वतन' के प्रकाशित होते ही गोरी सरकार हिल उठी थी और उसका डर इस सीमा तक बढ़ गया था कि उसकी सारी प्रतियां जलवा देने पर भी नहीं घटा था। तब उसने उन्हें (यानी नवाबराय को) आगे कुछ भी लिखने से सख्ती से मना कर दिया था। उस वक्त उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि उसकी यह मनाही एक दिन हिंदी का सौभाग्य बन जाएगी और नवाबराय को प्रेमचंद बनाकर उसकी गोद में डाल देगी। उसकी मनाही नहीं होती तो बहुत संभव था कि वे नवाबराय बने रहकर उर्दू की दुनिया में ही रमते रहते, हिंदी का रुख ही नहीं करते और हिंदी अपने उपन्यास सम्राट से वंचित रह जाती।

बहरहाल, सोज़े वतन (जिसका अर्थ देश का मातम है) की बात करें तो इसमें कुल पांच कहानियां हैं : दुनिया का सबसे अनमोल रतन, शेख मखमूर, यही मेरा वतन है, शोक का पुरस्कार और सांसारिक प्रेम। कानपुर के बहुचर्चित जमाना प्रेस (जहां से मुंशी दयानारायण निगम के सम्पादन में इसी नाम का उर्दू का पत्र भी प्रकाशित होता था और नवाबराय उसके नियमित लेखक थे) से इसके प्रकाशित होते ही ये पांचों कहानी खासी चर्चा में आ गई थीं। इनकी चर्चा जिले के अंग्रेज कलेक्टर तक पहुंची तो उसने उनको गोरी सत्ता के विरुद्ध बगावत भड़काने का प्रयास करार देकर प्रेमचंद को फौरन अपने सामने पेश होने का आदेश दिया और पेश होने पर बहुत रुखाई से कैफियत तलब की। इतना ही नहीं, उसने संग्रह की जितनी भी प्रतियां छापी गई थीं, सब जलवा देने का आदेश दिया। उन्हें कड़ी चेतावनी दी कि आगे ऐसा कुछ भी लिखने की गुस्ताखी न करें। वहीं, धमकाने के अंदाज में यह तक कहने से भी गुरेज नहीं किया कि 'गनीमत समझो कि तुम अंग्रेजों के राज में रह रहे हो। अन्यथा इन कहानियों में तुमने जिस तरह बगावत भड़काने की कोशिश की है, उसके बदले में तुम्हारे दोनों हाथ काट लिये जाते।' प्रेमचंद की पत्नी शिवरानी देवी में अपनी बहुपठित व प्रशंसित पुस्तक 'प्रेमचंद घर में' में इसका ऐसा पारदर्शी वर्णन किया है, जिसमें एक सच्चे राष्ट्रप्रेमी लेखक के रूप में प्रेमचंद का संघर्ष तो दिखता ही है, उनकी दुविधा, उलझन और लेखक-धर्म के प्रति निष्ठा भी दिखाई देती है। इस वर्णन के अनुसार शिवरानी से उनकी शादी के एक वर्ष बाद कहानी-संग्रह 'सोज़े वतन' प्रकाशित हुआ तो उस पर मुक़दमा भी चला। उन्हीं के शब्दों में : हम लोग महोबा में थे। वहां भी खुफ़िया पुलिस पहुंची। उसके बाद उनको (प्रेमचंद को) कलक्टर की आज्ञा मिली कि आकर मुझसे मिलो। रात भर बैलगाड़ी पर चलने के बाद आप (वे) 'कुलपहाड़' (जगह का नाम) पहुंचे। आप (वे) उसी दिन घर आने वाले थे। जब दूसरे रोज़ मेरे पास पहुँचे तो मैंने पूछा—'कल आप कहाँ रह गए थे?' आप (वे) बोले- 'सोज़े वतन' के सिलसिले में सरकार ने मुझे बुलाया था। वह बोला.. तुम्हारे पास जितनी कॉपियां हों, उन्हें मेरे पास भेज दो और आइंदा फिर कभी लिखने का नाम भी मत लेना। जब शिवरानी ने पूछा कि क्या अब आगे उनका लिखना बंद ही समझें, तो उनका जवाब 'नहीं' में था।

वे बोले थे-लिखूंगा क्यों नहीं? अपने भीतर के कथाकार को अकाल मौत से बचाने के लिए अब उनके पास नवाबराय नाम को तिलांजलि देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा था। क्योंकि इस नाम से लिखते तो कलेक्टर के हुक्म की अवज्ञा होती और उसके बाद गोरी सरकार का कोप जानें कितना और बढ़ जाता। किसी नये नाम से लिखने के विकल्प पर विचार करते हुए वे किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पा रहे थे। उन्हीं दिनों उर्दू 'जमाना' के संपादक मुंशी दयानारायण निगम ने उनको सुझाया कि आगे वे नवाबराय के बजाय प्रेमचंद नाम से साहित्य-सृजन करें तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रह गया। यह सुझाव उन्हें इतना रुचिकर लगा कि उन्होंने नवाबराय को प्रेमचन्द बनाने में तनिक भी देर नहीं की। साथ ही वे उर्दू से हिन्दी में आ गये और अपने योगदान से उसे निहाल करने लग गये। 1936 में उनके निधन से कुछ ही दिनों पहले उनकी आखिरी कहानी 'कफन' प्रकाशित हुई थी और उससे पहले ही उन्होंने हिंदी कथासाहित्य को इतना समृद्ध कर दिया था कि सुप्रसिद्ध बांग्ला कथाकार शरत चंद्र चट्टोपाध्याय ने उन्हें 'उपन्यास सम्राट' की उपाधि से नवाज दिया था।

*( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## 31 जुलाई 1968 : सुविख्यात वेदांत विभूति श्रीपाद दामोदर सातवलेकर की पुण्यतिथि

# वेद-वेदांग की पुनप्रतिष्ठा और सांस्कृतिक जागरण के लिए समर्पित जीवन



रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव का मूल वेद-वेदांग है । इसलिए विदेशी आक्रांताओं ने वेदों और उनकी महत्ता को धूमिल करने का प्रयत्न किया किंतु समय समय पर ऐसी विलक्षण विभूतियों ने जन्म लिया, जिन्होंने अपने वेद-वेदांग के माध्यम से भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को पुर्नप्रतिष्ठित करने का काम किया । श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ऐसी ही विभूति थे।

भारत सरकार ने 1968 में उन्हें 'साहित्य एवं शिक्षा' के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित भी किया था। उनका जन्म महाराष्ट्र में सह्याद्रि पर्वत श्रृंखला के दक्षिणी छोर पर स्थित सावंतवाड़ी क्षेत्र के एक छोटे से गांव 'कोलगांव' में 19 सितंबर 1868 को हुआ था। यह गांव अब रत्नागिरि जिला के अंतर्गत आता है। इनके परिवार में वैदिक वातावरण था। पिता श्री दामोदर भट्ट, पितामह श्री अनंत भट्ट और प्रपितामह श्री कृष्ण भट्ट भी ऋग्वेदिक वैदिक परंपरा के मूर्धन्य विद्वान रहे हैं। इसलिए बालक श्रीपाद भी बचपन से वेदों का अध्ययन करने लगे। आचार्य श्री चिंतामणि शास्त्री केलकर संस्कृत आचार्य बने। संस्कृत और वैदिक अध्ययन के साथ उन्होंने चित्रकला सीखी। वहां उन्हें मालवणकर जी गुरु के रूप में मिले। मूर्तिकला में भी उनका कोई सानी नहीं था। चित्रकला में निपुण होकर उन्होंने हैदराबाद में अपनी चित्रशाला स्थापित की। उनके लेखन का आधार वेद ही होते थे। बंदी बनाए गए और तीन वर्ष कारावास में रहे । 1893 में मुम्बई के जेजे स्कूल ऑफ आर्ट में शिक्षक के रूप में नियुक्ति हो गई। 1900 में श्रीपाद मुंबई छोड़कर वापस हैदराबाद आ गए। वे यहां तेरह वर्ष रहे। और अपने समय के सुप्रसिद्ध चित्रकार देउस्कर जी की सहायता से एक स्टूडियो बनाया। यहीं उनका संपर्क वे आर्य समाज से हुआ। वे आर्य समाज की वेदांत गोष्ठियों में भाग लेने लगे। वे हैदराबाद से चलकर हरिद्वार पहुंचे। 1936 में सतारा आए । यहां उनका संपर्क राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से के संस्थापक डॉक्टर हेडगेवार से हुआ और वे संघ से जुड़ गए।

सातवलेकर जी ने कोई 409 ग्रंथों की रचना की। इनमें सर्वाधिक प्रतिष्ठा उनके वेद-भाष्यों को मिली है। उनके द्वारा ऋग्वेद का सुबोध भाष्य चार खंडों में, यजुर्वेद का सुबोध भाष्य दो खंडों में, सामवेद का सुबोध अनुवाद, अथर्ववेद का सुबोध भाष्य चार खंडों में प्रकाशित हुआ । इनके अतिरिक्त ऋग्वेद मूल संहिता, यजुर्वेद मूल संहिता, सामवेद मूल संहिता, अथर्ववेद मूल संहिता, यजुर्वेदीय काठक संहिता, यजुर्वेदीय मैत्रायणी संहिता, यजुर्वेदीय कण्व संहिता तथाकृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता उनके प्रमुख ग्रंथ हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से लोग हलाकान


कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए।

*– चेतन वर्मा, रायपुर*

## करंट अफेयर

### अफगानिस्तान में पर्यटकों का महिलाएं कर रहीं नेतृत्व

अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती के बीच एक महिला गाइड यहां स्थित संग्रहालय में आने वाली महिला पर्यटकों के समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और संग्रहालय के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही हैं।




पर्यटकों का अपनी गाइड के साथ चलना और संग्रहालय के बारे में दी जा रही जानकारी को ध्यान से सुनना एक अनूठा अनुभव देता है, जहां तालिबान शासन ने लड़कियों और महिलाओं के शिक्षा ग्रहण करने और काम करने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले विदेशियों के समूह में केवल महिलाएं हैं, गाइड भी एक महिला ही थी। सोमाया मोनिरी (24) को यह नहीं पता था कि पर्यटक गाइड जैसा भी कोई पेशा होता है। लेकिन, अपनी अंग्रेजी भाषा सुधारने में मदद के लिए इंटरनेट पर खोज करते हुए, उनकी नजर 'काउचसर्फिंग' पर पड़ी, एक ऐसा ऐप जिसके जरिए यात्री स्थानीय लोगों से जुड़ सकते हैं और उनके घरों में रह सकते हैं। मोनिरी बताती हैं, 'एक पर्यटक की मेजबानी करने के बाद, मुझे इसमें बहुत रुचि हो गई और यह मेरे लिए बेहद दिलचस्प था। यह बहुत अनोखा था। मैंने इसके बारे में पहले कभी नहीं सुना था, इसलिए मैंने सोचा – क्यों न ऐसा किया जाए?'

## ऑफ बीट

### एआई एजेंट ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने में सक्षम

हम कृत्रिम मेधा (एआई) के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। पहले दौर में चैटबोट आए। उसके बाद 'एआई असिस्टेंट' (सहायक) ने दस्तक दी। अब



हमारे बीच 'एआई एजेंट' हैं, जो ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने की क्षमता रखते हैं और 'टीम' बनाकर या 'टूल'' का इस्तेमाल करके जटिल कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 'ओपनएआई' का 'चैटजीपीटी' एजेंट सबसे नवीनतम और चर्चित उत्पाद है। डेवलपर के अनुसार, यह पहले से मौजूद दो उत्पादों (ऑपरेटर और डीप रिसर्च) को मिलाकर ऐसा शक्तिशाली 'सिस्टम' बनाता है, जो 'अपने दम पर सोच-समझकर काम करता है। ये नये 'सिस्टम' पहले के 'एआई टूल' से एक कदम आगे हैं। लेकिन यह जानना भी जरूरी होता जा रहा है कि वे कैसे काम करते हैं और क्या कर सकते हैं, साथ ही उनकी कमियां और जोखिम क्या हैं। चैटजीपीटी ने नवंबर 2022 में चैटबोट युग की शुरुआत की, लेकिन इसकी अपार लोकप्रियता के बावजूद इसका बातचीत आधारित 'इंटरफेस' इस प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को सीमित कर रहा था। इसके बाद 'एआई असिस्टेंड' या 'को-पायलट' काल की शुरुआत हुई। ये उसी 'जनरेटिव एआई मॉडल' पर आधारित 'सिस्टम' हैं, जिन पर 'चैटबोट' काम करते हैं।

## ट्रेंड

### पवित्र अवशेष



यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के बाद स्वदेश वापस लाए गए हैं। ये हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बुनियादी सुविधाओं का लाभ



ईएचएन और आरयूसीए अधिनियम के माध्यम से, हम लोगों को अपने घरों को नियमित करने और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैधता को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**-डा. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### मानदेय राशि में वृद्धि



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### सत्ता के करीबी



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था क्या ऐसे ही बनेगी? लोन न चुका पाने पर ग़रीब की पत्नी को तो बैंक वाले बंधक बना रहे हैं लेकिन सत्ता के करीबी जो लोग बैंकों का खरबों लेकर विदेश भगा दिये, उनका क्या?

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## बिहार में महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर संग्राम

# 60 सीटों पर सहनी अड़े, नहीं बनी बात तो दिल्ली जाकर हो गए खड़े

सहनी ने कहा- पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि 50 फीसदी सीटों पर अति पिछड़ा वर्ग और एससी-एसटी समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में 60 सीट मांग रही विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी पटना में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुधवार को बुलाई गई महागठबंधन की बैठक छोड़कर दिल्ली पहुंच गए हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद बिंद महागठबंधन की कोर्डिनेशन कमेटी की बैठक में शामिल हुए हैं। सहनी लगातार 60 सीट मांग रहे हैं और कह रहे हैं कि थोड़ा-बहुत कम सीट मिलेगा तो भी चलेगा।

**सहनी के स्थान पर प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद बैठक में पहुंचे**

बैठक में नहीं बन सकी बात सभी दल अपना अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में

### आरजेडी के नेता तेजस्वी के आवास पर बैठक रही बेनतीजा



### सहनी 2 एजेंडे लाए सामने

दो दिन पहले ही सहनी ने सोशल मीडिया पर पार्टी का दो एजेंडा शेयर किया था। पहले एजेंडा में सहनी ने लिखा- विकासशील इंसान पार्टी 60 सीटों पर लड़ेगी, शेष सीटों पर सहयोगी दलों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। दूसरे एजेंडा में सहनी ने कहा कि पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि 50 फीसदी सीटों पर अति पिछड़ा वर्ग और एससी-एसटी समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

### डिप्टी सीएम पद पर भी नजर

सहनी ने यह भी साफ कर दिया कि वह उपमुख्यमंत्री पद की भी मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि एक मल्लाह का बेटा डिप्टी सीएम बने, यह पूरे समाज के लिए गर्व की बात होगी। हालांकि, वीआईपी के पास वर्तमान विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है, क्योंकि इसके सभी चार विधायक पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### बिहार में बदल रहा घटनाक्रम

बिहार में सहनी को लेकर रोचक राजनीतिक घटनाक्रम चल रहा है। एनडीए के नेता उन्हें वापस बुलाने में जुट गए हैं। हम के नेता और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के बेटे और नीतीश सरकार में मंत्री संतोष कुमार सुमन ने आज ही कहा है कि सहनी को तेजस्वी 60 सीट नहीं देंगे इसलिए बेहतर है कि वो एनडीए में लौट आएं। सुमन ने कहा है कि सहनी समाज भी एनडीए के साथ है।

### आम सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण

बिहार विधानसभा चुनाव में सभी सहयोगी दलों की बढ़ती राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते आम सहमति बनाना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। तेजस्वी यादव की अगुआई में महागठबंधन के घटक दलों की कई दौर की बैठकें भी हो चुकी हैं।

### कांग्रेस और वाम दलों की भी मांगें

कांग्रेस ने पिछले चुनाव में 70 सीटों पर लड़कर 19 सीटें जीती थीं। इस बार कांग्रेस करीब 50 सीटों पर दावेदारी कर सकती है। सीपीआई (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पांडे ने बताया कि पार्टी ने 24 सीटों की सूची तेजस्वी यादव को सौंप दी है। पिछली बार छह सीटों पर चुनाव लड़कर दो पर जीत मिली थी। सीपीआई (एमएल ) ने इस बार 40-45 सीटों पर नजरें गड़ा रखी हैं। महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने संकेत दिया है कि पार्टी 2020 में लड़ी गई 19 सीटों से अधिक पर दावा ठोकेगी। पिछली बार उसे 12 सीटों पर जीत मिली थी।

**आरजेडी का सबसे अधिक सीटों पर दावा**

गठबंधन में सबसे बड़ा दल राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) है, जिसने 2020 के विधानसभा चुनाव में 144 सीटों पर चुनाव लड़ा और 75 सीटों पर जीत दर्ज की, जिससे वह सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि आरजेडी इस बार भी इसी संख्या को बरकरार रखना चाहेगी।

## खबर संक्षेप

### 22 मुकदमे, 47 जगहों पर सीबीआई की रेड

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हजारों फ्लैट खरीदारों को धोखा देने वाले बिल्डर्स पर सीबीआई ने



बड़ा एक्शन लिया है। सीबीआई ने कहा है कि बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में में 47 ठिकानों पर तलाशी भी ली गई है।

### तमिल एक्टर 5 करोड़ की ठगी में गिरफ्तार

**चेन्नई।** दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने साउथ की फिल्मों के अभिनेता को चेन्नई से गिरफ्तार



किया। तमिल फिल्मों में अभिनय कर चुके पावरस्टार के नाम से पहचान बनाने वाले अभिनेता एस. श्रीनिवासन को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। उसने कंपनी को 1000 करोड़ का लोन दिलाने में कंपनी से 5 करोड़ की ठगी की।

### लालू पर लैंड फॉर जॉब में कार्यवाही नहीं रुकेगी

**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन देने के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को फिर



झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने लालू की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया गया है। शीर्ष अदालत ने लालू की ओर से दायर याचिका का बुधवार को निपटारा कर दिया। दिल्ली हाई कोर्ट में इसकी याचिका लंबित है।

### अब मासिक बैठकों में बंगाली भाषा अनिवार्य

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने पर



बंगालियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में सड़कों पर उतर आई हैं। कोलकाता ननि ने पार्षदों के लिए मासिक बैठकों में बंगाली में बोलना अनिवार्य किया है। केएमसी अध्यक्ष माला रॉय ने यह बात कही है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर 'राज्यसभा में नेता' नड्डा की कांग्रेस को खरी-खरी

# मुजरिम जज बनकर हमसे पूछ रहे हैं सवाल, वे गोलियों से भूनते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में मानसून सत्र में बुधवार को राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हुई। भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे, लेकिन यूपीए सरकार पाकिस्तानियों को मिठाई खिलाती रही। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की सीमा को समझें। 2008 में इंडियन मुजाहिद्दीन द्वारा किए गए जयपुर बम विस्फोटों के बाद, भारत और पाकिस्तान एक विशिष्ट विश्वास-निर्माण उपायों पर सहमत हुए थे। वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाने चले।

### राज्यसभा में सदन के नेता ने कांग्रेस का इतिहास ही सुना दिया



**नड्डा ने किया बड़ा सवाल**

### कांग्रेस खुद के गिरेबान में झांककर देखे

नड्डा ने कहा कि 2005 में जौनपुर में श्रमजीवी एक्सप्रेस में हरकत-उल-जिहाद ने बम ब्लास्ट किया था। 14 लोग मारे गए और 62 घायल हुए लेकिन उस वक्त कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जो आज हमसे पूछ रहे हैं कि पहलगाम का क्या हुआ, वो पहले खुद के गिरेबान में झांककर देखें। नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार संवेदनशील है। पहलगाम की घटना बेहद निंदनीय है। पहलगाम हमला हृदय विदारक है। घटना वाले दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सूचना मिलते ही शाम 5 बजे श्रीनगर पहुंच गए। पीएम मोदी भी विदेश दौरा छोड़कर तुरंत वापस आ गए। पॉलिटिकल लीडरशिप महत्वपूर्ण होती है।

### यूपीए के गृहमंत्री कश्मीर जाने में ही डरते थे

नड्डा ने कहा कि यूपीए के गृहमंत्री कहते थे कश्मीर जाने में डर लगता था। आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकती। हमले होते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे। वो आतंकी हमले करते हम डोजियर भेजते रहे। यूपीए सरकार के दौरान जगह-जगह बम धमाके होते थे। पहलगाम पर हमले की पूरी क्रोनोलॉजी समझनी चाहिए। विपक्ष पर अटैक करते हुए कहा कि हाफिज सईद को जी कहकर बुलाते थे।

**कांग्रेस 2004-2014 का समय तो देखे**

नड्डा ने कहा कि 2004-2014 का समय देखिए, उस वक्त की सरकार ने कई आतंकी घटनाओं पर कोई ऐक्शन नहीं लिया। 2005 में श्रमजीवी ब्लास्ट हुआ, कोई एक्शन नहीं हुआ। उस समय की सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। पहलगाम पर सवाल उठाने वाले पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखें।

**एलओसी पार करने ट्रिपल-एंट्री परमिट किसने दिया**

कांग्रेस की तुष्टिकरण की सीमा को समझने की जरूरत है कि 2008 में इंडियन मुजाहिद्दीन की ओर से किए गए जयपुर बम विस्फोटों के बाद भारत-पाक विश्वास-निर्माण उपायों पर सहमत हुए थे। वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाते रहे। उन्होंने नियंत्रण रेखा पार करने के लिए ट्रिपल-एंट्री परमिट की अनुमति दी।

### भाजपा सांसद अनुराग ने भी उधेड़ी कांग्रेस की बखिया

#### युद्ध रुकवाने इंदिरा ने निक्सन को क्यों लिखी थी चिट्ठी

पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा अमेरिका के उस समय के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को पत्र लिखे जाने की खबरों की चर्चा के बीच भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में सवाल किया कि यह चिट्ठी क्यों लिखी गई थी। ठाकुर ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और इंदिरा गांधी के 50 प्रतिशत साहस पर जवाब दिया।

#### सरकार 'आयरन' थी कि 'आयरनी' (विडंबना) थी

ठाकुर ने कहा कि यदि 1971 की बात की जाए, तो बलिदान भारत की सेना ने दिया था। लेकिन 'आयरन लेडी' किसी और को बना दिया। जो जंग मैदान में जीती थी, वह मेज पर हारी गई। उन्होंने इंदिरा के संदर्भ में कहा कि यह देश तय करे कि उस समय की सरकार 'आयरन' थी कि 'आयरनी' (विडंबना) थी।

#### चिट्ठी के हिस्से उद्धृत किए

ठाकुर ने चिट्ठी के कुछ हिस्से उद्धृत करते हुए दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से पाक पर अपने प्रभाव का प्रयोग करने और भारत के विरुद्ध उसकी आक्रामक गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया था।

**किसने हाथ फैलाया? :** क्या इंदिरा को उस समय की सेना पर विश्वास नहीं था, जो अमेरिका के राष्ट्रपति के सामने हाथ फैलाया।

**प्रियंका चतुर्वेदी को जया ने डांटा**

#### प्रियंका, मुझे कंट्रोल मत कीजिए...

जया बच्चन ने सरकार पर बरसते हुए कहा कि पहलगाम हमले में लोगों का भरोसा तोड़ा गया है। इस हमले में जान गंवाने वालों के परिजन आपको माफ नहीं करेंगे। जया पास बैठीं प्रियंका चतुर्वेदी को भी झिड़कते दिखीं। उन्होंने उन्हें कंट्रोल न करने की हिदायत भी दी।

**रेलमंत्री ने लोकसभा में बताया**

#### 3 साल में सभी राज्यों को वंदे भारत से जोड़ दिया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बड़ी खुशखबरी सुनाई है। उन्होंने बताया है कि3 साल की छोटी से अवधि में सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन सर्विस से जोड़ दिया गया है। हर राज्य में वंदे भारत ट्रेन चल रही है। वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में देशभर में 144 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।

## बीआरएस सरकार से जुड़े मामले में कार्रवाई

# भेड़ पालन घोटाले में छापेमारी, हैदराबाद में 8 जगहों पर ईडी की दबिश

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को करोड़ों रुपए के भेड़ पालन और वितरण घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच तेज कर दी है। इसके तहत हैदराबाद में कई जगहों पर





छापेमारी की गई। घोटाला कथित तौर पर पिछली बीआरएस सरकार के दौरान हुआ था। पूर्व बीआरएस मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव के ओएसडी जी. कल्याण के अलावा घोटाले में शामिल लाभार्थियों, कथित बिचौलियों से जुड़े शहर में कम से कम आठ ठिकानों पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत छापेमारी की जा रही है। जांच कुछ राज्य पुलिस की एफआईआर पर आधारित है। ईडी ने पाया कि कैग की ऑडिट रिपोर्ट केवल सात जिलों (तेलंगाना के 33 में से) तक सीमित है, जहां राज्य सरकार को अनुमानित नुकसान 253.93 करोड़ आंका गया है। हालांकि, तेलंगाना के सभी 33 जिलों के लिए आनुपातिक आधार पर नुकसान 1,000 करोड़ से अधिक होने की आशंका है।

### 2.1 करोड़ का घालमेल मिला

ईडी ने पाया है कि एफआईआर में अपराध की आय केवल 2.1 करोड़ बताई गई है, लेकिन सीएजी की एक रिपोर्ट में राज्य सरकार को करोड़ों का नुकसान बताया गया है। कैग की ऑडिट रिपोर्ट में प्रमुख भेड़ पालन विकास योजना के कार्यान्वयन में कई अनियमितताएं पाई गईं। इनमें लाभार्थीवार विवरण का रखरखाव न करना, परिवहन चालान और भुगतान से संबंधित चालानों का अनुचित रिकॉर्ड, गैर-परिवहन वाहन पंजीकरण संख्या वाले चालानों के विरुद्ध भुगतान आदि सामिल हैं।

### आंध्र प्रदेश के 'शराब घोटाले' में एसआईटी ने 11 करोड़ जब्त किए

एक अन्य मामले में कथित 3,500 करोड़ के शराब घोटाले की जांच कर रही विशेष जांच दल (एसआईटी) पुलिस ने बुधवार को हैदराबाद के पास एक फार्महाउस से 11 करोड़ नकद जब्त किए। घोटाले के मामले में आरोपी व्यक्ति संख्या 40 (ए-40) के रूप में सूचीबद्ध वरुण पुरुषोत्तम ने कथित तौर पर अपनी भूमिका कबूल की और अहम जानकारी का खुलासा किया, जिसके बाद छापेमारी की गई और छिपे हुए नकदी भंडार का पता चला। घोटाला हजारों करोड़ का है और इसमें फर्जी कंपनियों, रिश्वतखोरी और राजनीतिक संरक्षण का जाल शामिल है। पिछली वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान 2018 से 2024 के बीच एक कथित शराब घोटाला हुआ था।

## मोदी दो अगस्त को वाराणसी से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

▶ केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से बिहार के उप मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री से कार्यक्रम को लेकर की चर्चा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। बैठक में दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण के संबंध में चर्चा कर अपने सुझाव दिए। शिवराज सिंह ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हित में दिशा-निर्देश दिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बैठक में बिहार व उप्र के मंत्रियों से अनुरोध



किया कि वे आगामी 2 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वृहद कार्यक्रम में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी (उप्र) से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में जारी करेंगे। ये कार्यक्रम सभी राज्यों में होगा।

## निठारी कांड पर सीबीआई को झटका

# कोली और पंढेर को किया बरी हाईकोर्ट का आदेश बरकरार

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

नोएडा के बहुचर्चित निठारी कांड में सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की अपीलों को खारिज कर दिया



है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस विनोद चंद्रन की पीठ ने सीबीआई की अपीलों को खारिज करते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा।हाईकोर्ट ने सुरेंद्र कोली और मनिंदर सिंह पंढेर को तमाम मामलों में बरी कर दिया था। हाईकोर्ट ने कोली को 12 और पंढेर को दो मामलों में फांसी की सजा को रद्द कर दिया था।

### सिर्फ एक मामले में फांसी की सजा

यह स्पष्ट किया गया है कि रिंपा हलदर मर्डर केस में सुरेंद्र कोली की फांसी की सजा अब भी बरकरार है। हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ने इस विशेष मामले में फांसी की सजा को सही ठहराया है।

## केरल की अदालत का निर्णय

# नहीं मिले सबूत, नन समेत 5 लोग 'तस्करी' मामले में बरी

एजेंसी ▶▶ त्रिशूर

केरल की एक अदालत ने घरेलू काम के लिए तीन नाबालिग लड़कियों की



तस्करी के आरोप से जुड़े एक मामले में दो नन समेत पांच लोगों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि धमकी, जबरदस्ती या शोषण का कोई सबूत नहीं मिला। त्रिशूर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के कामनीस की अदालत ने 26 जुलाई के आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष भारतीय दंड संहिता की धारा 370 के तहत प्रथम दृष्टया मामला साबित करने में सफल नहीं हुआ। यह धारा मानव तस्करी से संबंधित है। आदेश में कहा गया है कि धमकी, धोखाधड़ी, छल या दासता जैसी प्रथाओं का कोई सबूत नहीं मिला। पीड़िताओं ने यह भी बताया कि उनकी यात्रा के बदले कोई राशि नहीं ली गई। अदालत ने कहा कि ऐसा कोई उल्लेख नहीं है कि लड़कियों को किसी प्रकार की धमकी देकर ले जाया गया था। अपहरण या धोखाधड़ी या दुर्व्यवहार या जोर जबरदस्ती का कोई मामला नहीं बनता है। मुख्य आरोप यह है कि किसी प्रकार का दबाव या प्रलोभन दिया गया। आदेश में कहा गया है कि यह देखा जाना चाहिए कि पीड़िताओं सहित किसी भी गवाह ने ऐसा नहीं कहा है।

### माता-पिता की सहमति से गई थीं

कोर्ट ने कहा कि पीड़िताओं का कहना है कि कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी। इस आशय का भी कोई दावा नहीं किया गया कि गुलामी या दासता जैसा कोई प्रयास किया गया। लड़कियां अपने माता-पिता की सहमति से और बेहतर जीवन की तलाश में यात्रा कर रही थीं और ्वहां किसी भी तरह का जबरन श्रम कराने का आरोप भी नहीं था। बता दें, रेलवे पुलिस ने 2022 में मामला दर्ज किया था, जिसमें पांच लोगों पर 'समान इरादे' से लड़कियों को झारखंड से केरल 'विभिन्न कॉन्वेंट में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने के उद्देश्य से' ले जाने का आरोप लगाया गया था। 'चाइल्डलाइन' के सदस्यों ने 15 से 18 वर्ष की आयु की इन लड़कियों को त्रिशूर रेलवे स्टेशन पर रोका।

## केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किया बदलाव

**कृषिमंत्री चौहान ने की घोषणा**

# किसानों को होने वाले नुकसान से बचाएंगे और उचित 'लाभ' भी देंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बदलाव करते हुए जरूरी और



महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इन सुधारों की घोषणा करते हुए आंध्र प्रदेश की पिछली जगन रेड्डी सरकार की वजह से किसानों को हुए नुकसान का जिक्र किया। सरकार इन बदलावों से राज्य सरकारों की लापरवाही के कारण किसानों को होने वाले नुकसान से बचाना और उचित लाभ पहुंचाना है।

### आंध्र प्रदेश के किसानों को हुआ था भारी नुकसान

हनुमान बेनीवाल के प्रश्न का उत्तर देते हुए चौहान ने बताया कि मोदी सरकार ने पूर्ववर्ती राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना को इसमें बदल दिया, जिसमें किसानों को हुए नुकसान के दावों का 21 दिनों के अंदर निपटान करने का आदेश दिया गया। उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुद्दे पर चौहान ने कहा कि कुछ राज्यों ने घोषणा की थी कि वे किसान बीमा प्रीमियम का खर्च खुद उठाएंगे। आंध्र प्रदेश में तत्कालीन जगन सरकार लगातार 3 सालों तक प्रीमियम में राज्य के हिस्से का योगदान करने में विफल रही, जिससे किसानों को नुकसान हुआ।

### ...तो राज्यों को देना पड़ेगा 12 प्रतिशत का ब्याज

चौहान ने कहा कि इस बुरे अनुभव के कारण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मूलभूत संशोधन करना पड़ा। योजना के तहत केंद्र अब फसल बीमा के लिए अपना हिस्सा देगी, चाहे राज्य सरकार अपना प्रीमियम अंशदान पूरा करे या नहीं। अगर कोई राज्य सरकार अपना हिस्सा नहीं देती है तो उस पर 12 फीसदी का ब्याज लगाया जाएगा।

## राष्ट्रपति ने एम्स-कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में की शिरकत

**मुख्य अतिथि के रूप में रहीं मौजूद**

# सजग डॉक्टरों ने राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को एम्स, कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति सजग डॉक्टरों ने राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाई है। कुछ वर्षों में टीकाकरण के क्षेत्र में असाधारण प्रगति हुई है। चुनौतियां से निपटने में नौजवान डॉक्टर निर्णायक भूमिका निभाएंगे। एमबीबीएस के 48 छात्रों और पीडीसीसी के 9 छात्रों को डिग्री प्रदान की। उन्होंने छात्रों से देश के विकास के लिए कार्य करने का आग्रह किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा छात्रों से देशहित जनहित में कार्य करने को कहा।

### 48 छात्रों और पीडीसीसी के 9 छात्रों को डिग्री दी



### अनुसंधान और चिकित्सा के बारे में अपडेट रहें

उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि एम्स, कल्याणी के पहले बैच के विद्यार्थी होने के नाते, वे इस संस्थान के सबसे वरिष्ठ पूर्व विद्यार्थी हैं। इस संस्थान की पहचान बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। वे एम्स, कल्याणी के भविष्य के निर्माता भी हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को आजीवन सीखने वाला बनने तथा नए अनुसंधान और चिकित्सा पद्धतियों के बारे में अपडेट रहने की सलाह दी।

**आदर्श बनेंगे तो असर और भी ज्यादा होगा**

राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दवाओं के अलावा, जीवनशैली से जुड़ी सलाह भी दी जानी चाहिए। जब डॉक्टर कोई सलाह देता है, तो उसका लोगों पर ज्यादा असर होता है। जब डॉक्टर खुद को आदर्श के रूप में प्रस्तुत करता है, तो उसका असर और भी ज़्यादा होता है।

### राष्ट्रीय गौरव का संस्थान बनाने का संकल्प लें

राष्ट्रपति ने एम्स कल्याणी के विद्यार्थियों, शिक्षकों और प्रशासकों से कहा कि वे एम्स कल्याणी को राष्ट्रीय गौरव का संस्थान बनाने का संकल्प लें। राष्ट्रपति ने उन्हें गरीबों और वंचितों को नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के डॉ. बीसी रॉय के उदाहरण का अनुसरण करने की भी सलाह दी। राष्ट्रपति ने डॉक्टरों से कहा कि वे ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो जन साधारण के लिए मिसाल बन सके। आनुवंशिक लक्षणों की बात अलग है, लेकिन उचित आहार और जीवनशैली की मदद से स्वास्थ्य से संबंधित ज़्यादातर समस्याओं की रोकथाम की जा सकती है या काफी हद तक उनका समाधान किया जा सकता है। आप जनहित में कार्य करें।

# 5 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठीं, अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक पहुंचीं चेतावनी

## रूस में आया दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप से जापान के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं।


रूस के सेवेरो-कुरिल्स्क शहर का तटीय इलाका पानी में डूब गया।


जापान ने अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली करा लिया।


रूस के कामचटका में एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा।


जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लोग घरों से बाहर आ गए।

### भूकंप से कोई हताहत नहीं

*भूकंप से अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंची। कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने की चेतावनी दी। चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मजबूत इमारतों और अलर्ट सिस्टम की वजह से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।*

## खबर संक्षेप

### सैन्य अड्डे पर हमले में 50 सैनिक मारे गए



**लागोस (नाइजीरिया)।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के उत्तरी क्षेत्र स्थित एक सैन्य अड्डे पर चरमपंथी समूह 'जमात नस्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) ने द्वारा किए गए हमले में लगभग 50 सैनिक मारे गए। हमले में लगभग 100 चरमपंथी शामिल थे। उन्होंने सैनिकों की हत्या करने के बाद सैन्य अड्डे में आग लगा दी और वहां लूटपाट की। उन्होंने पश्चिम अफ्रीकी देश के उत्तरी क्षेत्र में बौल्सा प्रांत के डार्गो स्थित सैन्य अड्डे पर सोमवार को यह हमला किया गया।

### थाईलैंड में पटाखा कारखाने में विस्फोट, 9 की मौत



**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड में पटाखा कारखाने में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। विस्फोट बैंकॉक से लगभग 95 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, सुफान बुरी प्रांत में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। 'समरकुन सुफान बुरी रेस्क्यू फाउंडेशन' ने हादसे में नौ लोगों की मौत की सूचना दी है और बताया है कि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### यूक्रेनी सेना पर रूस का हमला, 3 सैनिकों की मौत



**कीव।** रूस ने मिसाइल से यूक्रेन की सेना के प्रशिक्षण मैदान को निशाना बनाया और इस हमले में कम से कम तीन सैनिकों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चेर्निहीव क्षेत्र में होन्चारिव्स्के के पास यूक्रेन के 169वें प्रशिक्षण केंद्र पर दो मिसाइलें दागी गईं इसमें कई सैनिकों की मौत हुई। रूस ने यूक्रेनी नागरिक ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं।

## सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

# पुंछ में 'ऑपरेशन शिवशक्ति' मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**एलओसी के पास के जंगलों में बड़ी कार्रवाई**



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन शिवशक्ति' के तहत जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में कसलीयां में नियंत्रण रेखा के पास मुठभेड़ के दौरान दो आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना ने बताया कि इस इलाके में संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधियां देखी गई थीं, जिसके बाद भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त रूप से ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों की टीम पर गोलीबारी कर दी है। इसके जवाब में कार्रवाई करते हुए सुरक्षाबल की टीम ने मुठभेड़ में दोनों आतंकियों मार गिराया है। सुरक्षाबलों ने बताया कि देगवार सेक्टर में एलओसी के पास संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिली थी। इसके आधार पर सेना ने तुरंत इलाके को घेर लिया और ऑपरेशन शिवशक्ति शुरू किया गया।

### जारी है सर्च ऑपरेशन

अभियान को लेकर सेना की व्हाइट नाइट कोर ने अपने आधिकारिक एक्स एकाउंट पर लिखा, भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा पार कर घुसपैठ की कोशिश कर रहे दो आतंकवादियों को मार गिराया। त्वरित कार्रवाई और सटीक गोलाबारी ने उनके नापाक मंसूबों को नाकाम कर दिया। आतंकियों से तीन हथियार बरामद किए गए हैं। हमारी खुफिया इकाइयों और जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिली सूचनाओं के कारण यह अभियान सफल रहा। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

### श्रीनगर में चला था ऑपरेशन महादेव

इससे पहले रविवार को सेना ने श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव चलाया था। इस अभियान के तहत श्रीनगर के दाचीगाम मूलनार में सुरक्षाबलों ने तीन पाकिस्तानी आतंकवादियों को ढेर दिया। इनमें पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड सुलेमान उर्फ सुलेमानी उर्फ हाशिम मूसा और उसके दो साथी आतंकी जिबरान और अबू हमजा अफगानी शामिल थे।

## ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में विदेश मंत्री जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

**कान खोलकर सुन लें**

# 22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच फोन पर नहीं हुई बात

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्ष विराम के दावों पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और हंगामा किया। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में सरकार का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के सवालों के जवाब दिए।

अपने वक्तव्य में विदेश मंत्री ने साफ कहा कि संघर्ष विराम को लेकर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से लेकर 16 जून 2025 के दौरान कोई बातचीत नहीं हुई। जयशंकर ने विपक्षी सांसदों से कहा कि 'मैं उनको कहना चाहता हूं, वे कान खोलकर सुन लें।

22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच एक बार भी फोन पर बात नहीं हुई।'

**पाक डीजीएमओ ने किया था संघर्षविराम का अनुरोध**



### पाक के साथ समझौता द्विपक्षीय तौर पर

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे। अगर यह लड़ाई रुकनी है, तो पाकिस्तान को इसका अनुरोध करना होगा और यह अनुरोध केवल डीजीएमओ के माध्यम से ही आ सकता है।

### मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

#### कुछ लोग चीनी राजदूत से ट्यूशन लेकर देते हैं ज्ञान

जयशंकर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चाइना-गुरु कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग चीन को लेकर ज्ञान ओलंपिक जाकर और चीनी राजदूत से प्राइवेट ट्यूशन लेकर हासिल करते हैं। चीन और पाकिस्तान की नजदीकी 1960 के दशक में शुरू हुई थी, लेकिन कांग्रेस सरकारें इस पर ठीक से काम नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा कि चाइना-गुरु अब कहते हैं कि चीन और पाकिस्तान बहुत करीब आ गए हैं, लेकिन असल में यह सब तब हुआ जब हमने पीओके को छोड़ दिया।

### सिंधु जल समझौते में देश हितों की अनदेखी हुई

*केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और सिंधु जल समझौता, मुंबई आतंकी हमला और चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर विपक्षी पार्टी की तीखी आलोचना की। विदेश मंत्री ने कहा सिंधु जल संधि कई मायनों में एक अनोखा समझौता है। मैं दुनिया में ऐसे किसी भी समझौते के बारे में नहीं जानता, जहां किसी देश ने अपनी प्रमुख नदी के पानी को दूसरे देश में बहने दिया। जयशंकर ने इसके लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने अपने देश के हितों की अनदेखी कर पड़ोसी देश के हितों का ध्यान रखा था।*

## ट्रंप के 25 फीसदी टैरिफ ऐलान पर भारत की दो टूक

# राष्ट्रीय हित के लिए 'हर जरूरी कदम' उठाएंगे किसानों और उद्यमियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारतीय वस्तुओं पर 1 अगस्त से 25 फीसदी टैरिफ के ऐलान के बाद भारत सरकार की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सरकार किसानों, उद्यमियों और एमएसएमई के कल्याण की रक्षा और कल्याण को सबसे ज्यादा अहमियत देती है। सरकार राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी, जैसा कि ब्रिटेन के साथ आर्थिक और व्यापार समझौते समेत अन्य व्यापार समझौतों के मामले में किया गया है।



### अमेरिकी टीम 25 अगस्त को भारत आएगी

भारत और अमेरिका के मध्य प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को लेकर छठे राउंड की चर्चा के लिए अमेरिकी अधिकारी 25 अगस्त को भारत आएंगे। दोनों देश सितंबर-अक्टूबर तक ट्रेड एग्रीमेंट्स का पहला चरण पूरा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके साथ ही एक अंतरिम ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी तलाशी जा रही है।

### बयान के असर का गंभीरता से अध्ययन कर रहे

*भारत सरकार ने कहा है कि वह इस बयान के असर का गंभीरता से अध्ययन कर रही है। सरकार ने बताया कि भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक लाभदायक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए बातचीत कर रहे हैं। भारत उस उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है।*

## इजराइल की बढ़ी मुश्किल

# फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए 14 देश साथ आए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल को यूरोपीय देशों से करारा झटका लगता दिख रहा है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों की ओर से कहा गया है कि यदि गाजा में इजराइल की ओर से हमले नहीं रोके गए तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा। इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया गया है।




## लद्दाख में सेना के वाहन पर गिरा पत्थर

# 2 अधिकारी शहीद, 3 सैनिक घायल, बचाव कार्य शुरू

एजेंसी ▶▶ लेह

पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिर गया, जिससे बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों के जरिए मिली जानकारी के मुताबिक, बुधवार को हादसे का शिकार हुआ यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अधिकारी घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जीओसी, फायर एंड फ्यूरी कोर और सभी रैंक लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को सलाम करते हैं।


भानु प्रताप सिंह दलजीत सिंह

## दुनिया के सामने यूएनएससी की रिपोर्ट से पाकिस्तान हुआ बेनकाब

**हमला पाक के एलईटी के समर्थन के बिना संभव नहीं**

# टीआरएफ ने पहलगाम हमले की पहले तस्वीर पोस्ट की, दो बार ली जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी लेने वाले संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को आतंकी संगठन घोषित किए जाने पर बड़ा खुलासा किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध निगरानी टीम ने कहा है कि द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने पहलगाम आतंकवादी हमले की दो बार जिम्मेदारी ली थी और पहलगाम हमला स्थल बैसरन घाटी की फोटो पोस्ट की थी। टीम ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि यह हमला पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के समर्थन के बिना संभव नहीं था। एलईटी और टीआरएफ के बीच संबंध थे। यूएनएससी में आईएसआईएल (दाएश), अल-कायदा जैसे आतंकी संगठनों की निगरानी करने वाली टीम ने 36वीं रिपोर्ट पेश की।

### मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा सिखा रहे



### टीटीपी के पास 6 हजार लड़ाके

रिपोर्ट में कहा गया कि अफगानिस्तान में अलकायदा के कई प्रशिक्षण स्थल होने की सूचना मिली है। साथ ही तीन नए स्थलों की पहचान की गई है। छोटे और अल्पविकसित होंगे। इन जगहों पर कथित तौर पर अलकायदा और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) दोनों के लड़ाकों को प्रशिक्षण दिया जाता था। टीटीपी के पास लगभग 6,000 लड़ाके थे और उसे अफ़गानिस्तान में अधिकारियों से लगातार पर्याप्त रसद और संचालनात्मक सहायता मिलती रही।

### दो हजार लड़ाकों की भर्ती जारी

रिपोर्ट में कहा है कि आईएसआईएल-के मध्य और दक्षिण एशिया में क्षेत्रीय और अंतराष्ट्रीय स्तर पर सबसे गंभीर खतरा बना हुआ है। लगभग दो हजार लड़ाकों के साथ आईएसआईएल-के (इस्लामिक स्टेट खुरासान) ने अफगानिस्तान के अंदर और बाहर, मध्य एशियाई राज्यों और रूसी उत्तरी काकेशस में भर्ती जारी रखी। पाकिस्तानी सीमा के निकटवर्ती क्षेत्रों में आईएसआईएल-के ने मदरसों में बच्चों को आत्मघाती विचारधारा से परिचित कराया।

## भारत की अर्थव्यवस्था को मिल रहा लाभ

**आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया**

# वित्त वर्ष 2026 और 27 में 6.4 प्रतिशत वृद्धि दर रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर एक अच्छी खबर दी है।




आईएमएफ की नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026 और 2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है, जो दर्शाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिल रहा है। हालांकि, आईएमएफ ने यह भी चेतावनी दी है कि कुछ जोखिम बने हुए हैं। जैसे- अमेरिका में मुद्रास्फीति अब भी लक्ष्य से ऊपर है, वैश्विक व्यापार में टैरिफ बढ़ने का खतरा है।

### वैश्विक विकास दर 2025 में 3.0%, 2026 में 3.1% रहेगी

*आईएमएफ ने अपनी "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" रिपोर्ट में कहा है कि उसने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी ग्रोथ अनुमान को 0.1 प्रतिशत यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में आर्थिक स्थिति थोड़ी बेहतर हुई है। वहीं आईएमएफ ने वैश्विक विकास दर 2025 के लिए 3.0 प्रतिशत और 2026 के लिए 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। यह अप्रैल में दिए गए अनुमान से थोड़ा अधिक है।*



**राहत** मध्यप्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में स्थापित किए नए कीर्तिमान

# मोहन सरकार के प्रयासों से अब नरवाई नहीं रही समस्या

भोपाल

मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश ने कृषि के क्षेत्र में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। साथ ही फसलों के उत्पादन में राष्ट्रीय स्तर पर रिकार्ड बनाया। प्रदेश दालों के उत्पादन में प्रथम स्थान पर, खाद्यान उत्पादन में द्वितीय स्थान पर एवं तिलहन उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। तृतीय फसली क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है। नरवाई जलाने को हतोत्साहित करने के लिए कुछ प्रतिबंध भी लगाये गये है। कृषकों को फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिये शासन द्वारा कई कदम उठाये गये हैं, जिसमें प्रदेश स्तर पर 46,800 से अधिक नरवाई प्रबंधन से संबंधित कृषि यंत्र अनुदान पर वितरित करते हुए 412 करोड़ रूपए की अनुदान राशि जारी की गई है।

नरवाई जलाने की घटना वाले कृषकों को आगामी एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि 6 हजार रूपए का भुगतान नहीं किये जाने के साथ ही आगामी एक वर्ष के लिए उनकी उपज का उपार्जन न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं करना भी शामिल है।

## गेहूँ पर 175 रुपए प्रति क्विटंल प्रोत्साहन राशि

राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में कृषि उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण अंतर्गत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है, जिससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। खरीफ 2024 के धान उत्पादक कृषकों को जिन्होंने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया है, उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। चार हजार रूपए प्रति हैक्टेयर की दर से प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जायेगा, जिसमें एक कृषक को अधिकतम दस हजार रूपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रदाय की जायेगी। राज्य सरकार द्वारा रबी 2024-25 में उपार्जित गेहूँ पर 175 रुपए प्रति क्विटंल प्रोत्साहन राशि प्रदाय की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में लगभग 83.50 लाख से अधिक किसानों को लगभग 1770 करोड़ रुपए उनके खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से 24 फरवरी, 2025 को जमा किए गए है। मुख्यमंत्री यादव द्वारा 10 फरवरी 2025 को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 81 लाख से अधिक किसानों को 1624 करोड़ रुपए उनके बैंक खाते में सिंगल क्लिक से जमा किए गए।

## डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खाते में राशि



प्रदेश में पहली बार भारत सरकार की सपोर्ट प्राइस स्कीम में सोयाबीन का उपार्जन किया गया, जिसमें 2 लाख 12 हजार 568 कृषकों से 6.22 लाख मीट्रिक मात्रा का उपार्जन किया गया, जिसके न्यूनतम समर्थन मूल्य की राशि 3043.04 करोड़ रुपए है। श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न (मोटा अनाज) प्रोत्साहन योजना लागू की गई है। इसमें किसानों को 3900 रुपए प्रति हैक्टेयर डी.बी.टी. के माध्यम से उनके बैंक खाते में देय होंगे। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के साथ ही फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सॉयल हेल्थ कार्ड और सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि का लाभ भी मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फसल के नुकसान का समय पर आंकलन एवं राहत राशि का वितरण किसानों को समय पर मध्यप्रदेश में मिल रहा है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में नामांकन और दावा प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एनसीआईपी पोर्टल के साथ अपने भूमि रिकॉर्ड को सफलतापूर्वक एकीकृत करने एवं इस पोर्टल को और अधिक किसान अनुकूल बनाने के लिए 'उत्कृष्टता प्रमाण पत्र' प्रदान किया गया है। आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत महिलाओं को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शासन द्वारा नमो ड्रोन दीदी योजनांतर्गत प्रदेश में 89 दीदीओं को स्वाबलंबी बनाया गया है। इनके माध्यम से 4200 हेक्टेयर में तरल उर्वरक का छिड़काव तथा राशि रूपये 21.22 लाख की शुद्ध आय प्राप्त की। इस वर्ष 2025-26 में 1066 दीदियों को इसका लाभ दिया जा रहा है।

## खेत तक पानी पहुंचाया, नगदी फसलों से बढ़ी किसानों की आमदनी

# किसानों की जरूरत को समझा, उनके मुताबिक काम हुआ, आज बदहाली खुशहाली में बदल गई



भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अक्सर कहते हैं कि प्राचीन काल में भारत में पारस पत्थर हुआ करता था, जिसके स्पर्श से लोहा सोना हो जाता था। इस पारस पत्थर का काम पानी करता है जब वह सूखे खेतों पर पहुंचता है। जल के स्पर्श से खेतों में सुनहरी फसलें लहलहाती हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की धरती को शस्य श्यामला बनाने के संकल्प से ही जुड़ा हुआ है मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प हर किसान के खेत तक पानी पहुंचाना जिससे हर खेत में सुनहरी फसलें लहलहाएं और किसान समृद्धशाली बने। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए वे निरंतर जुटे हुए हैं और इसके परिणाम स्वरुप प्रदेश ने सिंचाई के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। जिससे उत्पादन में भी काफी अच्छी वृद्धि हुई है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई ने दो दशक पहले देश की नदियों को जोड़कर हर खेत तक पानी पहुंचाने का सपना देखा था, जो राज्यों के बीच जल विवाद के चलते दो दशकों से अधिक समय से ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ था। केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी महत्वाकांक्षी अंतर्राज्यीय नदी जोड़ो परियोजनाएं मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के बीच सहमति न बन पाने के कारण आगे नहीं बढ़ पा रही थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्र सरकार और राज्यों से निरंतर चर्चा कर इन परियोजनाओं के गतिरोध को समाप्त किया और प्रदेश ने दो बड़ी परियोजनाओं के रूप में अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की।

**मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने हर एक किसान की जरूरत को पूरा करने में बड़ा योगदान दिया है। किसान के खेत तक पानी, बिजली और खाद बीज तक पहुंचाने के जो काम हुए हैं वे अनुकरणीय हैं।**


**सिंचाई के क्षेत्र में हासिल की अभूतपूर्व उपलब्धियां**

**केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल जैसी योजनाओं की रही बड़ी भूमिका**



## दो हजार गांव के 7 लाख किसान हुए लाभान्वित

केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना एक महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय परियोजना है। परियोजना से 103 मेगावाट बिजली का उत्पादन से मध्यप्रदेश लाभान्वित है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश के 10 जिले-छतरपुर, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, निवाड़ी, शिवपुरी, दतिया, रायसेन, विदिशा एवं सागर के लगभग 02 हजार ग्रामों के लगभग 07 लाख 25 हजार किसान परिवार लाभांवित होकर सूखाग्रस्त बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर की स्थिति में सुधार हो रहा है। औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिला तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए। इससे स्थानीय स्तर पर लोगों में आत्मनिर्भरता आयेगी तथा लोगों का पलायन रुकने लगा है।




### क्षिप्रा का जल रहेगा शुद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का संकल्प है कि क्षिप्रा स्वच्छ और निरंतर प्रवहमान बने और सिहंस्थ 2028 में क्षिप्रा के जल में ही श्रद्धालुओं को स्नान कराया जाए। क्षिप्रा नदी के जल को शुद्ध रखने के लिए 900 करोड़ रूपये की लागत की कान्ह डयवर्सन क्लोज डक्ट परियोजना के द्वारा कान्ह नदी के दूषित जल को क्षिप्रा नदी में मिलने से रोका जायेगा। वर्ष-2028 से पहले यह योजना पूर्ण कर ली जायेगी। क्षिप्रा को वर्ष भर अविरल, प्रवहमान बनाने के लिए उज्जैन जिले की सेवरखेडी एवं सिलारखेडी (लागत लगभग 615 करोड़) योजना का कार्य भी आंरभ हो गया है। इससे आमजन एवं श्रद्धालुओं को पूरे वर्ष भर विशेष पर्वों पर उनकी धार्मिक भावनाओं के अनुरूप क्षिप्रा नदी में स्नान करने का अवसर मिलेगा। क्षिप्रा नदी पर सिंहस्थ में स्नान सुविधा के लिये क्षिप्रा नदी के दोनों तटों पर लगभग 29 किलोमीटर लंबाई में घाटों का निर्माण किया जायेगा, जिसकी राशि रू. 778.91 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है।

### पेयजल का संकट हुआ दूर

*मध्यप्रदेश के बुन्देलखण्ड क्षेत्र में भू-जल स्तर को बढ़ाने, पेयजल संकट को दूर करने एवं सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अटल भू-जल योजना प्रारंभ की गई है। यह योजना प्रदेश के 06 जिलों के 09 विकासखण्डों में क्रियान्वित की जा रही है। इस परियोजना से चयनित क्षेत्रों में भू-जल स्तर में सुधार होने से स्थानीय किसानों को लाभ प्राप्त हो रहा है तथा किसानों की आय बढ़ी है। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जल प्रदाय के लिये टिकाऊ जल स्त्रोत भी उपलब्ध हुए हैं। बांधों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। बांधों की सुरक्षा को लेकर मध्यप्रदेश सरकार पूरी सजगता के साथ काम कर रही है। इसके लिये प्रदेश में डैम सेफ्टी रिव्यू पेनल गठित है, जो प्रतिवर्ष संवेदनशील बांधों का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करता है। आने वाले 05 वर्षों में प्रदेश के 27 बांधों की सुरक्षा एवं मरम्मत की गई है।*

## राज्य के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की दूरदृष्टि का परिणाम सबके सामने है

## उद्यानिकी, खाद्य प्र-संस्करण और नवाचार में नया अध्याय लिख रहा मध्य प्रदेश



भोपाल

देश और प्रदेश की उन्नति सर्वोपरि है। इसके लिए किसानों को आर्थिक दृष्टि से सशक्त करना आवश्यक है, जिससे किसान संपन्न हो सकें और देश की अर्थव्यवस्था में अहम भूमिका निभा सकें। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि किसी भी देश या प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक, और सांस्कृतिक विकास की गति किसानों के उत्थान से ही संभव हो सकती है। इसके लिए प्रदेश के विकास में उद्यानिकी भी महत्वपूर्ण योगदान कर रहा है। इसके लिए नवाचार और तकनीकी सुधार किये जा रहे है।

देश के 10% क्षेत्रफल वाले राज्य मध्यप्रदेश में देश की लगभग 7% आबादी निवास करती है। यहां 11 कृषि-जलवायु क्षेत्रों में विभिन्न फसलों का उत्पादन किया जाता है। राज्य की कृषि उपज में विविधता मुख्यतः नर्मदा नदी और उसकी सहायक नदियों पर निर्भर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में वर्तमान सरकार परिणाम देने वाली नीतियों के माध्यम से उद्यानिकी और खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में नवाचार और प्रगति के नए अध्याय लिख रही है।

### योजनाओं का लाभ लेकर खुशहाल हो रहे किसान

मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है, उद्यानिकी फसलें किसानों की आय को आसानी से दोगुना करने में सहायक होती हैं। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्र-संस्करण की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। किसानों को उद्यानिकी फसलों की खेती और खाद्य प्र-संस्करण के नए तरीकों से अवगत कराया जा रहा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में देश में अग्रणी राज्यों में शामिल हो गया है। प्रदेश संतरा, धनिया मसाले तथा औषधीय एवं सुगंधीय पौधे उत्पादन में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त प्रदेश टमाटर, लहसुन, हरी मटर, अमरूद ,फूल गोभी, मिर्च एवं प्याज उत्पादन में दूसरे तथा नीबू वर्गीय फल, लाल मिर्च, बंद गोभी एवं फूल उत्पादन में तीसरे स्थान पर है। इससे किसानों की आमदनी बढ़ी है और खुशहाली आई है।

### खेतों पर 66500 मीट्रिक टन भंडारण की क्षमता विकसित की

किसानों को उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा फूड प्रोसेसिंग इकाईयों स्थापित करने के लिए अनुदान दिया जाता है। सरकार से अनुदान लेकर किसान फूड प्रोसेसिंग इकाइयाँ स्थापित कर सकते हैं। साथ ही अनुदान के आधार पर किसान छोटे, मध्यम और बड़े कोल्ड स्टोर भी स्थापित कर सकते हैं। खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में मध्यप्रदेश अपने समृद्ध कृषि संसाधन और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति का उपयोग कर, 8.3% की औसत /वार्षिक दर से बढ़ रहा है, जो देश की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है. उद्यानिकी उत्पादों के सुरक्षित भंडारण के लिए 21530.26 लाख रुपए की अनुदान सहायता से 183 कोल्ड स्टोरेज का निर्माण कर 8.05 लाख मीट्रिक टन भंडारण क्षमता विकसित की गई है। वहीं प्याज भंडारण के लिए 23667.71 लाख रुपए का अनुदान देकर 66500 मीट्रिक टन भंडारण क्षमता किसानों के खेतों पर निर्मित की गई है।

## मध्यप्रदेश में बह रही हैं दूध की नदियां, हर रोज 591 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध उत्पादन

**भोपाल।** पशुपालन एवं डेयरी मंत्री श्री लखन पटेल ने बताया कि भारत में दुग्ध उत्पादन में मध्यप्रदेश का तीसरा स्थान है। प्रदेश में 591 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध का उत्पादन होता है। मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 644 ग्राम प्रतिदिन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 459 ग्राम प्रतिदिन का है। प्रदेश में 7.5% पशुधन है, जबकि राष्ट्रीय औसत 5.05 का है। वर्ष-2019 की पशु संगणना के अनुसार मध्यप्रदेश में गौ-वंश पशु संख्या देश में तीसरे स्थान पर 187.50 लाख है, वही भैंस वंश पशु संख्या चौथे स्थान पर 103.5 लाख है। प्रदेश में पशुओं के उपचार के लिए चलित पशु चिकित्सा वाहन (1962) संचालित है, जो कि स्थान पर जाकर पशुओं का इलाज करते हैं।



### हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था

प्रदेश में गौ-वंश के बेहतर आहार के लिये प्रति गौ-वंश मिलने वाली 20 रुपये की राशि बढ़ाकर 40 रुपये करने का निर्णय लिया गया है। मार्गों पर दुर्घटना में घायल गायों के लिये हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन की व्यवस्था की गई है। ग्वालियर स्थित आदर्श गौ-शाला में देश के पहले 100 टन क्षमता वाले सीएनजी प्लांट की स्थापना की गई है। दुग्ध उत्पादन और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने प्रदेश के हर ब्लॉक में एक गाँव वृंदावन ग्राम बनाया जा रहा है। प्रदेश में मई 2023 से प्रारंभ 406 चलित पशु चिकित्सा इकाइयों द्वारा अब तक 5 लाख 46 हजार से अधिक पशुओं को घर पहुंच चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

## लगभग 12 हजार 790 हितग्राहियों को मिला लाभ

# सौगात: राज्य में14 हजार 900 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर लगाए गए

भोपाल

सूक्ष्म सिंचाई द्वारा राज्य में 14 हजार 900 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर लगाए गए हैं, जिसमें लगभग 12 हजार 790 हितग्राहियों को 114 करोड़ 76 लाख रुपए का अनुदान दिया गया है।

इजराइल तकनीक के समन्वय से प्रदेश में मुरैना में उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी के लिए, छिंदवाड़ा में नींबू वर्गीय फसलों के लिए तथा हरदा में निर्यात करने लायक आम एवं सब्जी सेन्टर की स्थापना की जाएगी, जिसके लिए 14 करोड़ 74 लाख की योजना का अनुमोदन किया गया है। प्रदेश सरकार की नई पहल ई-नर्सरी पोर्टल से घर, गार्डन या खेतों में उत्तम गुणवत्ता के पौधे लगाने के लिये, अच्छे और स्वस्थ पौध के लिये अब नर्सरी के



चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है। उद्यानिकी विभाग द्वारा ई-नर्सरी पोर्टल पर 300 से अधिक नर्सरियों की जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करवाई गई है। इससे पौधों का क्रय-विक्रय आसानी से किया जा सकता है।

### संतरे के प्र-संस्करण उद्योग स्थापित किए गए

24 बागवानी उत्पाद जिनकी खेती आमतौर पर राज्य भर में की जाती है, जिनमें कोदो-कुटकी, बाजरा, संतरा/नींबू, सीताफल, आम, टमाटर, अमरूद, केला, पान, आलू, प्याज, हरी मटर, मिर्च, लहसुन अदरक, धनिया, सरसों, गन्ना, आंवला और हल्दी शामिल हैं। छिंदवाड़ा, आगर-मालवा, शाजापुर, राजगढ़, मंदसौर, बैतूल और सीहोर जैसे जिले संतरे के उत्पादन के लिए जाने जाते हैं जो संतरे के प्र-संस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए आदर्श हैं। इसी तरह बैतूल, कटनी, अनूपपुर, रीवा, सिंगरौली और रायसेन जिले जो आम की खेती के लिए प्रसिद्ध हैं, वहां कई आम आधारित खाद्य प्र-संस्करण उद्योग हैं जो स्थापित होने के विभिन्न चरणों में हैं।

## प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन में हुए उत्कृष्ट कार्य

**प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का हो रहा पालन**

# दूध और दुग्ध -उत्पादों से किसानों को मिल रहा है अच्छा मुनाफा

भोपाल

वर्ष 2024 प्रदेश में गौ-संरक्षण और संवर्धन के नाम रहा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में इस भारतीय वर्ष (चैत्र माह से फाल्गुन माह तक) को गौ-संरक्षण और संवर्धन वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया। उन्होंने इस वर्ष पशुपालकों के लिए कई नई योजनाएं लाकर उन्हें आमदनी के नए अवसर भी प्रदान किए। पशुपालकों एवं गौ-संवर्धन के विकास व संरक्षण के लिए वर्ष 2024-25 के लिए 590 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया। इस वर्ष मुख्यमंत्री सहकारी दुग्ध-उत्पादक, प्रोत्साहन योजना के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। भोपाल के बरखेड़ी-डोब में 10 हजार गौ-वंश क्षमता वाली हाइटेक गौ-शाला



बनाई जा रही है, जिसका मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा भूमि-पूजन किया गया। प्रदेश में बड़ी संख्या में गौ-शालाएं बनाई जा रही है और चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जा रहे है। प्रदेश में संचालित 2500 गौ-शालाओं में 4 लाख से अधिक गौ-वंश का पालन किया जा रहा है।

### आय बढ़ाने का बड़ा जरिया बना

सरकार के निरंतर प्रयासों से प्रदेश में कृषि कार्य के साथ ही पशुपालन, किसानों की आय बढ़ाने का बड़ा जरिया बन गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से भी प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए करारनामा हुआ है। किसानों और पशुपालकों को प्रोत्साहन के लिए दुग्ध उत्पादन पर बोनस दिया जायेगा। देशी गाय और अच्छी नस्ल के देशी नंदी के पालन के लिए मध्यप्रदेश प्राकृतिक कृषि विकास योजना में भी प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। किसानों को गौ-पालन और सौर संयंत्रों के प्रयोग पर सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

D-19129/25

## खबर संक्षेप



### नशे से दूरी-है जरूरी अभियान का समापन

**मंडीदीप।** नगर में 15 जुलाई से चलाए गए नशे से दूरी-है जरूरी विशेष जनजागरुकता अभियान का बुधवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने के लिए शासन द्वारा अनेक अभियान और जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रहीं हैं। अभियान के तहत जिले में स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक स्थलों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों को नशे के दुष्परिणाम बताए।

### शिव अभिषेक कर दी शुख शांति की कामना



**तामोट।** सात दिवसीय शिव अभिषेक का कार्यक्रम जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल सिंह चौहान एवं एकलवाड़ा पंचायत के ग्रामवासियों द्वारा आयोजित किया गया। अनुष्ठान कर क्षेत्र में शांति, समृद्धि एवं भाईचारे की कामना की। 1 अगस्त को पूर्ण आहुति के साथ अनुष्ठान का समापन होगा।

### मंदिर निर्माण में तेजी लाने बैठक आज

**औबेदुल्लागंज।** इच्छापूर्ति



हनुमान मंदिर के संरक्षक रमेश गौर ने बताया कि 31 जुलाई गुरुवार को शाम 7 बजे से मिडवे ट्रीट भोपाल रोड पर बैठक का आयोजन किया गया है। इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर बस स्टैंड के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं व्यापारी संघ, किराना व्यापारी संघ, हिंदू उत्सव समिति सहित हनुमान भक्त शामिल होंगे, जिसमें इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर के निर्माण कार्य पर चर्चा की जाएगी। निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए सभी से सहयोग की अपील की है।

### पर्यावरण को बचाने किया पौधरोपण



**संतनगर।** साधु वासवानी स्कूल के ग्राउंड में पर्यावरण को बचाने पौधरोपण किया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने बताया कि पेड़ लगाओं परंतु योजनाबद्ध तरीके से लगाओ, ताकि वह पेड़ हमेशा अमर रहे। संतजी के उत्तराधिकारी सिद्ध भाऊ ने बताया कि पेड़ हमारे जीवन का आधार है। पेडों से हमें आक्सीजन प्राप्त होती है अतः हमें ऐसे पेड़ लगाने चाहिए जिनसे अधिक मात्रा में आक्सीजन प्राप्त हो सके।

### हमीदिया अस्पताल में शुरू हुआ पौधा वितरण अभियान

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग में बुधवार को जीएमसी डीन डॉ. कविता एन सिंह के नेतृत्व में पौधा वितरण अभियान की शुरुआत की गई। यह अभियान पूरे माह तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर डीन डॉ. कविता एन सिंह और विभागाध्यक्ष डॉ. शबाना सुल्तान की उपस्थिति में प्रसूताओं को छुट्टी से पहले पौधे भेंट किए। अभियान में विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और मातृत्व के इस सुखद अवसर को हरियाली के संदेश से जोड़ा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 359 | 76 | 150 |
| रात: | 257 | 44 | 356 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 789 | 44 | 400 |
| रात: | 480 | 29 | 289 |

पहली पत्नी के बैंक अकाउंट में शासकीय योजना के छह हजार रुपए आने पर हुआ खुलासा

# पहली पत्नी के नाम से कराई दूसरी पत्नी की डिलीवरी, लिया शासकीय योजना का लाभ, धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**दमोह पुलिस ने मामला दर्ज कर केस डायरी बैरागढ़ थाने भेजी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पत्नी से आपसी विवाद के चलते अलग रह रहे पति ने बिना पहली पत्नी को जानकारी दिए किसी और युवती से शादी कर ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने दूसरी पत्नी की डिलीवरी पहली पत्नी के नाम से बैरागढ़ के निजी अस्पताल में इसलिए कराई, ताकि सरकारी योजना का लाभ लिया जा सके। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब गर्भवती

**छानबीन करने पर महिला को पता चला कि पति ने बिना उसकी जानकारी के दूसरी शादी कर ली**

महिलाओं को डिलीवरी के बाद मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाले पैसे पहली पत्नी के बैंक खाते में पहुंच गए। दमोह पुलिस ने पहली पत्नी की शिकायत पर जीरो पर प्रकरण दर्ज कर डायरी बैरागढ़ पुलिस को भेजी है। पुलिस ने दूसरी शादी करने और अवैध रूप से सरकारी योजना का लाभ लेने के मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से दमोह निवासी लक्ष्मी सेन (25) का विवाह साल 2022 में रायसेन में रहने वाले अवधनारायण से हुआ था। आपसी विवाद के चलते जून 2023 से महिला पति से अलग अपने मायके में रह रही है। पिछले दिनों गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के लिए मातृ वंदना योजना के तहत मिलने वाले छह हजार रुपए लक्ष्मी सेन के बैंक खाते में आए तो उसे संदेह हुआ। छानबीन करने पर महिला को पता चला कि उसके पति ने बिना उसकी जानकारी के दूसरी शादी कर ली है और दूसरी पत्नी आरती की डिलीवरी लक्ष्मी सेन के नाम से बैरागढ़ के सिटी अस्पताल में कराई है। गर्भवती महिलाओं की योजना का नाजायज लाभ लेने के लिए अवधनरायण ने अपनी दूसरी पत्नी की डिलीवरी के लिए उसका नाम पहली पत्नी लक्ष्मी सेन के नाम पर बताकर अस्पताल में एडमिट कराया और मातृ वंदना योजना का लाभ लेने के लिए लक्ष्मी सेन का बैंक खाता नंबर नोट करा दिया। लिहाजा सरकार की ओर से दिया जाना वाला पैसा लक्ष्मी सेन के खाते में पहुंच गया। फरियादिया लक्ष्मी सेन ने अपने पति अवधनारायण के खिलाफ दमोह के थाने में दूसरी शादी करने और उसके नाम से सरकारी योजना का अवैध लाभ लेने की शिकायत दर्ज कराई थी। घटनास्थल बैरागढ़ का निजी अस्पताल होने के कारण जीरो पर प्रकरण दर्ज कर दमोह पुलिस ने डायरी बैरागढ़ थाने भेजी है। बैरागढ़ पुलिस ने आरोपी अवध नारायण और उसकी दूसरी पत्नी आरती के पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शादी का झांसा देकर युवती का किया शारीरिक शोषण, दर्ज कराया मामला

कोलार थाना पुलिस ने एक युवती की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज किया है। आरोपी की



गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 23 साल की युवती लैब टेक्नीशियन का काम करती थी। कुछ महीने पहले एक कैफ में उसकी मुलाकात नीरज नामक युवक से हुई थी। नीरज प्राइवेट काम करता है। बातचीत के दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। करीब चार महीने पहले मार्च में नीरज ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद से वह लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। पिछले दिनों युवती ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो नीरज ने शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर पीड़िता ने थाने जाकर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज करवा दिया।

कलियासोत डैम घूमने जा रहा था परिवार

# कार से पानी उछला तो किया दो सगे भाई-बहन समेत महिला पर हमला

**अज्ञात बदमाशों ने डंडे व हथियार से किया हमला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



जहांगीराबाद के करिश्मा पार्क के पास मंगलवार शाम मारुति 800 कार से दूसरी कार में सवार महिलाओं पर पानी उछलने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर मारुति 800 कार में सवार 4-5 युवकों ने डंडे व धारदार हथियार से परिवार पर हमला कर दिया। हमले में एक महिला और दो सगे भाइयों को गंभीर चोट आई हैं। धारदार हथियार से चोट लगने के कारण एक भाई को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार औकाफ कॉलोनी, बाग फरहत अफ्जा निवासी आमिर खान (32) इलेक्ट्रीशियन का काम करते हैं। विगत 29 जुलाई की शाम करीब साढ़े चार बजे वह अपने घर से कार में सवार होकर पत्नी तसलीम खान, साली शायना खान व बहन राना खान के साथ कलियासोत डैम घूमने के लिए निकले थे। जैसे ही शाम करीब साढ़े 5 बजे वह करिश्मा पार्क जहांगीराबाद के सामने पहुंचे, पीछे से तेज रफ्तार से आ रही मारुति 800 कार के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए आमिर की कार के साइड से कार निकाली। कार में चार-पांच युवक थे। कार तेजी से निकालने के कारण सड़क पर जमा पानी कार में बैठे आमिर के परिवार पर उछल गया। आमिर ने उनसे कहा कि कार थोड़ा अच्छे से चलाओ। यह सुनते ही मारुति 800 में सवार युवकों ने आगे जाकर कार रोक ली। आमिर ने भी अपनी कार रोक ली। इस दौरान मारुति 800 कार से उतरे युवक गाली-गलौज करने लगे। तब तक पीछे से आमिर का भाई शाहरुख भी पहुंच गया। उसने भी कार ठीक से चलाने की बात कही। इस पर युवक गुस्से में आ गए और गाली-गलौज करते हुए डंडे व हथियारों से हमला कर दिया। हमले में आमिर के पैर व सिर में चोट आई है, जबकि साली शायना के सिर में डंडे लगने से घायल हुई है। शाहरुख पर किसी लड़के ने धारदार हथियार से हमला किया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। सभी लड़के भागते हुए जान से मारने की धमकी देकर गए हैं। घायल शाहरुख को चरक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारुति कार के नंबर के आधार पर हमलावरों की तलाश की जा रही है।

## विदिशा से भोपाल खरीदारी करने पहुंचे युवक का पर्स झपटा

विदिशा से भोपाल खरीदारी करने आए युवक का दो अज्ञात बदमाशों ने दिनदहाड़े पर्स झपट लिया। घटना शाजहांनाबाद थाने से कुछ दूर बड़ा बाग कब्रिस्तान के मैदान में बावड़ी के पास बुधवार दोपहर की है। पर्स में चार हजार रुपए नगद व जरूरी दस्तावेज रखे थे। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर अज्ञात बदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से विदिशा निवासी बंटी अहिरवार (37) व्यवसाई हैं। बुधवार सुबह वह कुछ सामान खरीदने भोपाल आए थे। दुकानदार ने उनसे कहा था कि आपका सामान दूसरी जगह से मंगाना पड़ेगा। आप करीब एक घंटे बाद आ जाना। लिहाजा बंटी अहिरवार बड़ा बाग कब्रिस्तान के मैदान में बावड़ी के पास जाकर बैठ गए। तभी दो अज्ञात लड़के वहां आए और डरा-धमकाकर पर्स छीनकर भाग निकले। हालांकि फरियादी ने कुछ दूर पीछा भी किया लेकिन दोनों बदमाश चकमा देकर भाग निकले। घटना के बाद बंटी शाजहांनाबाद थाने पहुंचे और दोनों अज्ञात लड़कों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज करा दिया। आरोपियों का सुराग लगने पुलिस की टीम घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

**ग्यारह सौ क्वार्टर से आरआरएल तिराहा कैसे पहुंचे, की जा रही जांच**

# सहायक खनिज अधिकारी की कार लावारिस हालत में मिली, मौत का कारण अज्ञात

◆ हादसा और हत्या दोनों ही पहलुओं पर की जा रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आरआरएल तिराहा पर मंगलवार तड़के घायल अवस्था में मिले सहायक खनिज अधिकारी संजय सोलंकी की मौत का मामला अब तक नहीं सुलझा है। उनकी कार ग्यारह सौ क्वार्टर इलाके से पुलिस ने बरामद कर ली है। कार में चाबी लगी हुई थी और उसमें मोबाइल रखा हुआ था। वे ग्यारह सौ क्वार्टर से आरआरएल तिराहा तक कैसे पहुंचे, पुलिस इसकी जांच कर रही है। अभी पीएम रिपोर्ट नहीं मिली है। लिहाजा पुलिस कुछ भी कहने से बच रही है। हालांकि पुलिस ने हत्या की बात से इंकार नहीं किया है। पुलिस हादसा और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

उल्लेखनीय है कि 50 साल के संजय सोलंकी, इंदौर के रहने वाले हैं। इन दिनों वह निखिल कॉलोनी मिसरोद में रह रहे थे। वे खनिज विभाग में सहायक खनिज अधिकारी थे। मंगलवार तड़के तीन बजे वे आरआरएल तिराहा पर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े मिले। उन्होंने एक राहगीर से मोबाइल मांगकर पत्नी को कॉल किया था, लेकिन पत्नी ने कॉल रीसिव नहीं किया। राहगीर ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल भिजवाया। वहां इलाज के दौरान सुबह करीब साढ़े 8 बजे उनकी मौत हो गई।

## टक्कर मारी या मारपीट की चोट

पुलिस का कहना है कि उनके पैर और हाथ में फैक्चर थे। इसके अलावा शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। इससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उन्हें किसी बाइक या ऑटो ने टक्कर मारी है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के चेक किए, लेकिन सीसीटीवी फुटेज नहीं मिले हैं। अब पुलिस आरआरएल से ग्यारह सौ क्वार्टर तक के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाल रही है। इसके अलावा उनके मोबाइल की सीडीआर भी निकलवाई जा रही है।

### केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री ने प्रदेश के वनकर्मियों को किया सम्मानित

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस पर दिल्ली में आयोजित समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मध्यप्रदेश टाइगर रिजर्व के वनकर्मियों को सम्मानित किया। इनमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फॉरेस्ट गार्ड राजेश पटेल, कान्हा टाइगर रिजर्व के स्थायी कर्मी सुखमान कुशरे एवं फॉरेस्ट गार्ड बसंत लाल मरावी एवं पेंच टाइगर रिजर्व की फॉरेस्ट वॉचर झुन्नी बाई शामिल हैं।

## बिजनेस न्यूज

### नवीन सराफा प्रतिष्ठान का शुभारंभ



**संतनगर।** उपनगर बैरागढ़ में सराफा बाजार में बुधवार को नवीन प्रतिष्ठान गीता ज्वेलर्स का शुभारंभ हुआ। यहां पर हालमार्क सोने की ज्वेलरी और चांदी के आभूषण उपलब्ध होंगे। उक्त प्रतिष्ठान के उद्घाटन के अवसर पर दुकान संचालक दिनेश धाकड़ सहित समाजसेवी और प्रतिष्ठित व्यापारी नवरंग धाकड़, राजू धाकड़, नानक दादलानी, बृजलाल मंघानी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।



### नवांकुर सखी ने हरियाली यात्रा निकाल कर किया जागरूक

**औबेदुल्लागंज।** प्रकृति को बचाने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं विधायक सुरेन्द्र पटवा के निर्देशन में बुधवार को 150 से अधिक महिलाओं, समाजसेवियों, नागरिकों, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों ने 'नवांकुर सखी हरियाली' यात्रा निकाली। यात्रा सेक्टर चिकलौद, ग्राम बरबटपुर में गाजे-बाजे के साथ बैलगाड़ी एवं कलश यात्रा के साथ उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद मोहन नागर की उपस्थिति निकाली। इस दौरान राज्यमंत्री ने प्रकृति से प्रेम करने एवं प्राकृतिक खेती, नर्सरी से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। यात्रा में महिलाओं को 11-11 नवांकुरित पौधे भेंट किया। यात्रा में ओमप्रकाश मीणा, अध्यक्ष जिला किसान मोर्चा, तहसीलदार निलेश सरवटे, ब्लॉक समन्वय निशा बहेकार, प्रेमनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर एवं अन्य ग्रामीण उपस्थिति थे।

विधानसभा अध्यक्ष से मिले, किया सम्मान

### स्कूली बच्चों ने देखा विधानसभा सत्र, सीखा लोकतंत्र का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



स्कूल के 52 विद्यार्थियों ने बुधवार विधानसभा सत्र देखा और विधायकों से मिल कर उनका सम्मान किया और लोकतंत्र का पाठ सीखा। पहली बार है जब ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल के मेधावी विद्याथयों ने विधानसभा भ्रमण किया। छात्रों ने न सिर्फ विधानसभा की कार्यवाही को सजीव रूप में देखा, बल्कि उन्हें विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से उनके कक्ष में मिलने का मौका मिला। साथ ही पूर्व पर्यटन मंत्री एवं भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, पूर्व उद्योग मंत्री एवं विधायक ओम प्रकाश सखलेचा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों से भेंट किया। इस अवसर पर छात्रों की ओर से विस अध्यक्ष को सम्मान में एक हस्तनिर्मित चित्र, उनके व्यक्तित्व और उपलब्धियों पर आधारित एक स्वरचित कविता और पुस्तक भेंट की, जिसे उन्होंने आत्मीयता से स्वीकार किया।




### भाजपा महामंत्री पद के लिए कई नेता दौड़ में शामिल







**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल का स्पष्ट कहना है कि जिला पदधिकारियों को पुनः पद न दिया जाए, नए लोगों को संगठन में जोड़ा जाए। विधायक सुरेंद्र पटवा की मंशा है कि नए-नए लोगों को संगठन से जोड़कर संगठन मजबूत किया जाए। भाजपा के करीब 200 कार्यकर्ताओं का कहना है कि वर्तमान भाजपा महामंत्री का लोग विरोध कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि भोजपुर क्षेत्र से मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी अच्छी छवि के हैं। स्थानीय नेता उनको पसंद भी करते हैं, युवा भी है और प्रदेश अध्यक्ष के गाइडलाइन में भी आते हैं। अरविंद जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज मीणा, सुशील शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, पूर्व नपा अध्यक्ष नीटू जैन, शेखर महेश्वरी इनमें से किसी को भी महामंत्री बनाएंगे तो भाजपा कार्यकर्ताओं के हौसले बढ़ेंगे।



### 'नशे से दूरी-है जरूरी' अभियान का समापन

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज थाना द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति कार्यक्रम का बुधवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम में क्राइस्ट स्कूल, चाणक्य स्कूल, मॉडर्न कॉन्वेट स्कूल, वीर सावरकर कॉलेज तथा आर एन टी यू कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली, पेंटिंग, रंगोली, नुक्कड नाटक, रील्स, शॉर्ट फिल्म में भाग लिया। साथ ही छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया। स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी, महिला बाल विकास व आँगनबाड़ी के कार्यकर्ता एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्ययों, स्कूल-कॉलेज, व्यापारिक संस्थानों, धार्मिक संस्थानों में झुग्गी-झोपड़ी व अन्य चिन्हित स्थानों पर मानव श्रृंखला, शॉर्ट फिल्म, पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया।

**स्मार्ट मीटर के खिलाफ लोगों में आक्रोश, लालघाटी चौराहे पर किया प्रदर्शन**

# स्मार्ट मीटर दे रहे भारी-भरकम बिल... लोगों का जीवन हुआ और कठिन, कोर्ट के आदेश का हो रहा उल्लंघन

**प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिलों में हो रही बेतहाशा वृद्धि को लेकर आमजन का आक्रोश बुधवार को सड़कों पर साफ नजर आया। शैलेंद्र रैना के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिकों ने लालघाटी चौराहे पर एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि आम आदमी पहले ही महंगाई से त्रस्त है, ऊपर से स्मार्ट मीटर लगवाकर बिजली बिलों में लगातार हो रही बढ़ोतरी ने जीवन को और कठिन बना दिया है। लालघाटी पर आयोजित सभा में कांग्रेस के भोपाल जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष युवा नेता मोनू सक्सेना ने बिजली विभाग की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर से खुले आम जनता से लूट हो रही है। बिल दुगने आ रहे हैं अनियमित रीडिंग, फिक्स चार्ज और टैक्स के नाम पर उपभोक्ताओं से मनमाने तरीके से वसूली की जा रही है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर की बाध्यता नहीं है, तो जोर जबरदस्ती कर क्यों लगाए जा रहे हैं और जनता की सहमति तक नहीं ली जा रही है।



## बिजली दफ्तर के बाहर दिया धरना

यह बर्दाश्त से बाहर है इसलिए जनता स्मार्ट मीटर के खिलाफ सड़कों पर उतरी है। शैलेंद्र रैना ने कहा कि यह लड़ाई सिर्फ बिजली बिल की नहीं, आम जनता के अधिकारों की है। जब तक सरकार स्मार्ट मीटर वापस नहीं लेती और बिजली दरों में कटौती नहीं करती और अवैध वसूली बंद नहीं होती, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। सभा के पश्चात प्रदर्शनकारियों ने रैली की शक्ल में बिजली दफ्तर की ओर कूच किया और दफ्तर के बाहर धरना दिया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट मीटर को रोकने और बिलों की जांच कराने, फर्जी रीडिंग पर रोक लगाने और दरों में कटौती की मांग की।



प्रभात चौराहे पर बुधवार को कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन किया।

# भगवान नेमिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**प्रासुक जल से अभिषेक कर की शांतिधारा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव नेमीनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी द्वारा हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विमल जैन राजदीप व सचिव आषु जैन ने बताया कि महावीर स्थित दिगम्बर जैन नेमिनाथ मंदिर में ब्रहमचारी अमित भैया के निर्देशन में प्रातःकाल मांगलिक क्रियाओं के साथ भगवान नेमिनाथ का प्रासुक जल से सुमेरचन्द्र जैन परिवार द्वारा महामस्तिक अभिषेक किया। नरेन्द्र कुमार जैन व कमलेश जैन परिवार द्वारा द्वारा शांतिधारा कर भगवान को चंवर ढुलाए। जिनेन्द्र देव के अभिषेक व शांतिधारा के उपरांत इन्द्र-इन्द्राणियों ने देव-शास्त्र-गुरू की पूजन के साथ अष्ट द्रव्यों से भगवान नेमिनाथ की श्रद्धा-भक्ति और समर्पण भाव से पूजा-अर्चना की गई।

# हेडगेवार के सिद्धांतों को प्रशासन, शिक्षा और समाजसेवा में अपनाया जाए तो आएंगे सकारात्मक बदलाव

## कलाव्योम फाउंडेशन ने डॉ. हेडगेवार की दृष्टि में समरस, सबल और समृद्ध भारत विषय पर किया व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कलाव्योम फाउंडेशन द्वारा डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार की दृष्टि में समरस, सबल और समृद्ध भारत विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन बागमुगलिया स्थित एक निजी बैंक्वेट हाल में किया गया। यह आयोजन समकालीन भारत के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में डॉ. हेडगेवार की विचारधारा को समझने, उस पर चिंतन-मनन करने तथा युवाओं को उससे प्रेरणा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। गौरतलब है कि कलाव्योम फाउंडेशन समय-समय पर कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में एवं समसामयिक विषयों पर व्याख्यान का आयोजन करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मप्र शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि डॉ. हेडगेवार का जीवन और कार्य भारतीय संस्कृति की आत्मा को पुनः जागृत करने का एक सशक्त प्रयास था।




### बौद्धिक स्वतंत्रता की दिशा में भी हमारा मार्गदर्शन करती समरस समाज की संकल्पना

कार्यक्रम की अध्यक्षता, मप्र लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने की। डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रेरक प्रसंगों और उनके राष्ट्रनिर्माण संबंधी दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि यदि उनके सिद्धांतों को प्रशासन, शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में अपनाया जाए, तो देश में सकारात्मक बदलाव संभव है। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में शामिल डॉ. विश्वास चौहान ने कहा कि समरस समाज की संकल्पना केवल जातीय या वर्गीय भेद मिटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक एकता, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण और बौद्धिक स्वतंत्रता की दिशा में भी हमारा मार्गदर्शन करती है।



## रक्षाबंधन के लिए ज्वेलरी के खास ट्रेंड पर यूं बोली ज्वेलरी डिजाइनर नित्या तलरेजा

# रक्षाबंधन पर ट्रेंडिंग मिनिमलिस्टिक स्टाइल ज्वेलरी, साथ ही कोरियन और विक्टोरियन पैटर्न सेट्स भी दे सकते हैं गिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रक्षाबंधन सिर्फ अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने तक ही सीमित नहीं है, यह उपहारों के जरिए प्यार और स्नेह का इजहार करने का भी एक अवसर है। रक्षाबंधन का त्यौहार आने वाला है, ऐसे में जहां बहनें अपने भाईयों के लिए एक से बढ़कर एक राखियां और साथ ही कोई न कोई गिफ्ट लेती हैं तो वहीं भाई भी चाहते हैं कि अपनी जान से प्यारी बहन को सुंदर सलोना गिफ्ट दें। ऐसे में भाईयों के लिए सबसे बड़ा कन्फ्यूजन यही होता है कि अपनी प्यारी बहन को क्या दिया जाए। मार्केट में वैसे तो गिफ्ट्स की ढेरों वैरायटी मौजूद हैं, लेकिन बहनों के लिए ज्वेलरी से ज्यादा ओर कोई गिफ्ट खास हो ही नहीं सकता। ज्वेलरी को लेकर भी इन दिनों गर्ल्स में काफी खास लगाव देखा जाता है, फिर वो मिनिमलिस्टिक स्टाइल ज्वेलरी हो या पर्ल वर्क या सेमी प्रेशियस स्टाइल ज्वेलरी।





### पुरानी ज्वेलरी को कस्टमाइज करवा कर दें ट्रेंडिंग लुक

नित्या ने कहा कि हमारे द्वारा केवल ज्वेलरी को सेल ही नहीं किया जाता, बल्कि कस्टमाइज भी किया जाता है। जिसमें महिलाओं की शादी की हैवी ज्वेलरी को अलग अलग करके लाइट वेटेड ज्वेलरी में कन्वर्ट किया जाता है या उसमें कुछ डायमंड्स या स्टोन एड-आन किए जाते हैं। जिससे ज्वेलरी लुक डिफरेंट लगने के साथ साथ ट्रेंडिंग भी लगे।

### ट्रेडिशनल और वेस्टर्न वियर के साथ पहनें विक्टोरियन या कोरियन स्टाइल सेट्स

नित्या ने कहा कि इसके साथ ही अब विक्टोरिया स्टाइल और कोरियन स्टाइल सेट्स की भी डिमांड है। जिन्हें आप दीपिका या जैकलीन को किसी भी ओकेजन पर पहना हुआ देख सकती हैं। इन सेट्स की खासियत है कि इसे साड़ी जैसे ट्रेडिशनल आउटफिट के साथ साथ वेस्टर्न वियर पर भी पहना जा सकता है। इसमें पर्ल का प्रयोग ज्यादा होता है जो आपको सुंदर दिखाने के साथ साथ एक ऐलीगेंसी भी आपकी पर्सनालिटी में एड करता है।



### रक्षाबंधन पर गिफ्ट का बेहतर ऑप्शन, मिनिमलिस्टिक ज्वेलरी

वहीं, मिनिमलिस्टिक स्टाइल ज्वेलरी के बारे में नित्या कहती हैं कि जिसमें इन दिनों लाइट वेटेड आकर्षक ज्वेलरी आती हैं, जिन्हें किसी भी अवसर पर पहना जा सकता है। फिर वो कोई शादी पार्टी हो या कोई ऑफिशियल गेटटूगेदर। उन्होंने कहा कि इस ज्वेलरी को रक्षाबंधन पर गिफ्ट के रुप में दिया जा सकता है जिसमें ईयर रिंग्स, ब्रेसलेट और पेंडेंट के साथ साथ हेयर एसेसरीज की भी नई वैरायटी भी शामिल है। नित्या ने कहा कि अब ज्वेलरी के लिए वो ट्रेंड नहीं रहा कि हेवी झुमके, हेवी नेकलेस या कंगन पहनें, बल्कि अब ट्रेंड में लाइट वेटेड स्टड्स, ब्रेसलेट और पतली सी चेन के साथ लाइट वेटेड पेंडेंट की डिमांड ज्यादा है।



### किसी भी ओकेजन पर पहनी जा सकती है मिनिमलिस्टिक स्टाइल ज्वेलरी

शहर की ज्वेलरी डिजाइनर नित्या तलरेजा ने कहा कि इन दिनों गर्ल्स में मिनिमलिस्टिक स्टाइल ज्वेलरी का ट्रेंड ज्यादा है, जिसे वो आसानी से किसी भी ओकेजन पर पहन सकती हैं। इन मिनिमलिस्टिक ज्वेलरी में लाइट वेटेड स्टड्स, ब्रेसलेट और पतली सी चेन के साथ लाइट वेटेड पेंडेंट, ईयर रिंग्स और अब तो हेयर एसेसरीज में ज्वेलरी के नए ट्रेंड शामिल हैं। इस ज्वेलरी में ज्यादातर अमेरिकन डायमंडस का यूज होता है जिन्हें पहनकर लड़कियों की नजाकत एक ही अलग ही रंग में नजर आती है।

### पर्ल वर्कऔर सेमी प्रेशियस स्टोन भी गर्ल्स की पहली पसंद

उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कलेक्शन में केवल अमेरिकन डायमंडस की ही ज्वेलरी शामिल नहीं है। बल्कि पर्ल वर्कऔर सेमी प्रेशियस स्टोन से तैयार ज्वेलरी का भी नया कलेक्शन लांच किया है। जो बहनों को राखी के त्यौहार पर गिफ्ट देने के काम आ सकता है, जिसकी शुरुआती कीमत दो से लेकर 30 हजार तक है।





### मानस भवन में दो दिनी तुलसी जयंती समारोह आज से

## स्वामी गोविंददेव गिरि महाराज को दिया जाएगा पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार

**भोपाल।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा तुलसी जयंती के अवसर पर मानस भवन में 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को असंकरण समारोह का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष-2025 के लिए पद्मभूषण युगतुलसी पं. रामकिंकर उपाध्याय राष्ट्रीय पुरस्कार सुप्रतिष्ठित वक्ता एवं धर्मसेवी परम पूज्य स्वामी गोविन्ददेव गिरि महाराज को प्रदान किया जाएगा। कल 31 जुलाई को अपराह्न 4 बजे भक्ति संगीत अंतर्गत पवन तिवारी एवं साथी, निवाड़ी द्वारा श्रीराम के भक्ति पदों और महाकवि तुलसी की अन्य रचनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 1 अगस्त को अपराह्न 3.30 बजे चंद्रमाधव बारिक के निर्देशन में श्रीहनुमान लीला नाट्य एवं अलंकरण समारोह होगा। अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सारस्वत अतिथि दीदी मंदाकिनी श्रीरामकिंकर, विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग धर्मेंद्र सिंह लोधी, अध्यक्ष, तुलसी मानस प्रतिष्ठान रघुनंदन शर्मा, प्रमुख सचिव, संस्कृति शिव शेखर शुक्ल, संचालक, संस्कृति एनपी नामदेव मौजूद रहेंगे।



## संस्कार सुधा फाउंडेशन में 'सतरंगी सावन की धूम' 2 एवं 3 अगस्त को

**भोपाल।** संस्कार सुधा फाउंडेशन द्वारा 2 एवं 3 अगस्त को 2 दिवसीय लाइफस्टाइल एवं फूड एग्जीबिशन 'सतरंगी सावन की धूम' का आयोजन तुलसी मानस प्रतिष्ठान पॉलिटेक्निक चौराहे पर किया जा रहा है। जिसमें गीत नृत्य प्रस्तुति के साथ साथ महिलाओं द्वारा कई स्टाल्स भी लगाए जाएंगे। एग्जीबिशन दोपहर 12 से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। संस्था की अध्यक्ष डॉ. रश्मि अग्रवाल ने बताया इस एग्जीबिशन में आकर्षक ज्वेलरी, वस्त्र, राखियां, जूते, बैग, रेसीन आर्ट वृंदावन के ठाकुर जी की पोशाक, मोजड़ी और होम डेकोरेटिव की आकर्षक वस्तुओं के करीब 50 से ज्यादा स्टॉल लगेंगे। यह स्टॉल संचालक मप्र के अलग अलग भागों से आएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा एवं खेल कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग एवं विशेष अतिथि महापौर मालती राय रहेंगी। पिछले चार वर्षों से सतरंगी सावन का सफल आयोजन संस्कार सुधा यूथ फाउंडेशन की अध्यक्ष यशस्वी अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी इस दो दिवसीय आयोजन में लगभग 1500 से 1800 महिलाएं शामिल होंगी।

### मानव संग्रहालय में कार्यशाला...

## बिहार की पारंपरिक चित्रकला मधुबनी से जुड़ने का कल से सुनहरा अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा पारंपरिक भारतीय कला को संरक्षित करने एवं जनमानस से जोड़ने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कल 1 अगस्त से 10 अगस्त तक मधुबनी चित्रकला पर कार्यशाला का आयोजन संग्रहालय परिसर के ट्रेडिशनल टेक्नोलॉजी पार्क में किया जा रहा है। यह कार्यशाला बिहार की पारंपरिक भारतीय चित्रकला-मधुबनी कला की गहराइयों को समझने और सीखने का एक दुर्लभ अवसर प्रदान करेगी।

मधुबनी की पारंपरिक कलाकार शीतल देवी बिहार के घिवनी क्षेत्र से आएंगी, जो विभिन्न शैलियों में दक्ष हैं। प्रतिभागियों को मधुबनी चित्रांकन की विधि सिखाई जाएगी। समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। यह आयोजन न केवल कला प्रेमियों, विद्यार्थियों और शोधकतार्ओं के लिए उपयोगी होगा, बल्कि फाइन आर्ट के विद्यार्थियों, गृहणियों के लिए भी प्रेरणा बनेगा जो भारतीय पारंपरिक कलाओं के संरक्षण एवं प्रचार-प्रसार में रुचि रखते हैं। इस कार्यशाला में प्रतिभागी अपराह्न 12 बजे से शाम 6.30 के मध्य कोई भी दो घंटे प्रशिक्षण हेतु सुविधानुसार चुन सकते हैं।



## विहान का 'थिएट्रिक्स 27 - रेजोनैक्ट' 1 से 17 अगस्त तक आरुषि में

**भोपाल।** विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप द्वारा थिएट्रिक्स 27- रेजोनैक्ट का आयोजन 1 से 17 अगस्त तक आरुषि संस्था में शाम 5 से रात्रि 8.30 बजे तक किया जाएगा। जिसमें मार्गदर्शन का काम श्वेता केतकर करेंगी। रेजोनैक्ट अभिनय की भीतर गूंजती भाषा है, रेजोनैक्ट एक नया प्रयोगात्मक विचार है। यह एक ऐसा अभिनय है जो केवल प्रस्तुति न होकर, भीतर तक गुंजायमान हो। यह कार्यशाला अभिनेता की आवाज, शरीर, सांस, स्मृति और लय को एक सामूहिक लय में साधने की प्रक्रिया है।

### रेजोनैक्ट के प्रमुख अभ्यास क्षेत्र होंगे

- स्वर, ताल, देह और दृश्य संरचना पर आधारित प्रशिक्षण।
- कविता, स्मृति और कथा के साथ मंचीय प्रयोग।
- सामूहिक रचना और लय आधारित थियेटर अभ्यास।
- अभिनय को करने की जगह महसूस करने की प्रक्रिया।

### संगीत केंद्र अनहद का आयोजन...

## भारत भवन में तीन दिवसीय संतवाणी समारोह का शुभारंभ कल से

समारोह में प्रतिदिन शाम 7 बजे से होगी संगीत सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में एक बार फिर अध्यात्म और संगीत का संगम देखने को मिल रहा है। संगीत केंद्र अनहद की ओर से शुक्रवार को तीन दिवसीय संतवाणी समारोह का शुभारंभ होगा। इस विशेष संगीत प्रसंग में देश के प्रसिद्ध कलाकार संत कवियों की वाणी पर आधारित प्रस्तुतियां देंगे। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि समारोह की खास बात यह है कि इसमें कालजयी संतों जैसे संत कबीर, संत रैदास, मीराबाई, तुलसीदास, सूरदास और नामदेव आदि की भक्तिपदों पर आधारित गीतों और रचनाओं की संगीतात्मक प्रस्तुतियां दी जाती हैं। इन संतों की वाणी भारतीय आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और मानवता की संवेदना को स्वर देती है। यही कारण है कि यह समारोह न सिर्फ संगीत का आयोजन है, बल्कि एक आध्यात्मिक यात्रा जैसा अनुभव भी दर्शकों को प्रदान करता है। समारोह में प्रतिदिन शाम 7 बजे संगीत सभा का आरंभ होगा।

### समारोह में कब क्या होगा

**1 अगस्त, शुक्रवार**
शाम 7 बजे - वाणी राव द्वारा भक्ति पदों का गायन
शाम 7.45 बजे सुलेखा भट्ट द्वारा भक्ति पदों का गायन

**2 अगस्त, शनिवार**
शाम 7 बजे सारंग फगरे द्वारा भक्ति पदों का गायन
शाम 7.45 बजे पंडित विनोद मिश्रा द्वारा भक्ति पदों की प्रस्तुति

**3 अगस्त, रविवार**
शाम 7 बजे पंडित भुवनेश कोमकली द्वारा भक्तिपदों की प्रस्तुति
शाम 7.45 बजे पंडित धनंजय जोशी द्वारा भक्ति पदों का गायन

### मनाली में एक महीने की ट्रेनिंग लेकर किया कारनामा



## माउंटेन शिंकुन पूर्व की 6081 मीटर ऊंची चोटी पर अंजना ने फहराया तिरंगा

**भोपाल।** राजधानी की अंजना यादव ने हिमाचल प्रदेश के लाहौल जिले में स्थित माउंटेन शिंकुन पूर्व 6081 मीटर पर बीते दिनों 20 जुलाई की सुबह 9:30 तिरंगा फहराकर देश का नाम रोशन किया। इसके लिए अंजना ने एक महीने से मनाली के अटल बिहारी वाजपेई संस्थान से रॉक क्लाइंबिंग स्नो क्राफ्ट ग्लेशियर की ट्रेनिंग ली और वे मनाली से जिस्पा गाई 13000 फीट की तीन दिन अपनी ट्रेनिंग की। उन्होंने विशेष चर्चा में हरिभूमि को बताया कि जिस्पा में एक्टिविटी की और हम लोग जिस्पा से रमजा 5000 मीटर, 8 दिन की स्नो क्राफ्ट और ग्लेशियर की ट्रेनिंग की और 20 जुलाई को शिंकुन ईस्ट 6081 मीटर पर तिरंगा लहराया। उन्होंने बताया कि अलग-अलग जिले से 62 लोग माउंटेन कोर्स करने आए थे। इनमें 10 महिलाएं और 52 पुरुष थे। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई को तिरंगा फहराने के लिए 22 जून को घर से मनाली के लिए निकली थीं और 27 जुलाई को घर लौटकर आ गई हैं।

### विश्व धरोहरों पर झंडा फहरा के दे चुकी हैं 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का संदेश

रायसेन जिले के सेमरी दीवानगंज सांची की बेटी अंजना यादव ने साहस का परिचय देते हुए कई बार अंतर्राष्ट्रीय चोटियों पर भारतीय तिरंगा फहराया है। इनमें यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रोस, ऑस्ट्रेलिया की माउंट कोस्ज्युसुको और मलेशिया की माउंट किन्ना बालू पर भी तिरंगा लहरा चुकी हैं। इसी साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में अंजना यादव ने जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध धरोहर भीम बैठिका, भोजपुर तथा बौद्ध स्तूप सांची तथा रायसेन किले की ऊंचाइयों पर झंडा फहराया कर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का संदेश दिया था।

### एनआईएफटी में ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025 की भव्य शुरुआत

## नए जुड़े 251 विद्यार्थियों को दिया समय प्रबंधन व व्यक्तिगत जीवन के संतुलन पर मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (एनआईएफटी) भोपाल के फाउंडेशन प्रोग्राम (डिजाइन/प्रौद्योगिकी) द्वारा तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम 2025 का शुभारंभ बुधवार को हुआ। यह कार्यक्रम 30 जुलाई से 1 अगस्त तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य छात्रों को संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से परिचित कराना है। फाउंडेशन प्रोग्राम की कोर्स कोऑर्डिनेटर चेतना पटियाल ने कार्यक्रम की शुरुआत नए छात्रों का स्वागत करते हुए की। इसके बाद एनआईएफटी भोपाल के निदेशक-प्रभारी अखिल सहाई ने छात्रों को संबोधित किया। विशेष सत्र में प्रोफेसर डॉ. शिंजू महाजन (शैक्षणिक मामलों की प्रमुख, एनआईएफटी मुख्यालय, नई दिल्ली) ने छात्रों को समय प्रबंधन एवं अकादमिक और व्यक्तिगत जीवन के संतुलन पर मार्गदर्शन दिया। साथ ही संस्थान के कैम्पस अकादमिक कोऑर्डिनेटर, डॉ. देबज्योति गांगुली द्वारा सभी छह विभागों फैशन एंड लाइफस्टाइल एक्सेसरी, फैशन डिजाइन, फैशन कम्युनिकेशन, टेक्सटाइल डिजाइन, निटवियर डिजाइन और फैशन टेक्नोलॉजी का परिचय कराया गया।

**एक अगस्त तक चलेगा यह कार्यक्रम**



# अगर करते हैं नाइट शिफ्ट जॉब


रात में प्राकृतिक तौर पर नींद आती है। लेकिन अगर आपकी जॉब नाइट शिफ्ट वाली है तो आपको अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ का विशेष ध्यान रखना होगा। एक रिसर्च स्टडी के आधार पर दिए जा रहे ये सजेशंस बहुत उपयोगी हो सकते हैं।

**सजेशन**
**डॉ. माजिद अलीम**



यह जानने के बावजूद भी कि रात सोने के लिए होती है और दिन काम करने के लिए, कई बार ऐसी मजबूरी आ जाती है कि नाइट शिफ्ट जॉब करनी पड़ती है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि रात में जागने से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान को कैसे पूरा कर सकते हैं। इसके लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, नेशनल स्लीप फाउंडेशन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली ने कई ऐसे उपाय सुझाए हैं, जिससे लोग रात में जगने के कारण अपने स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपायी कर सकते हैं।

**दिन में लें एंकर स्लीप:** अगर किसी वजह से आपके लिए रात में जागना मजबूरी है, तो रात में न सोने से होने वाले स्वास्थ्य की भरपायी करने के लिए दिन में कम से कम एक एंकर स्लीप जरूर लें। एंकर स्लीप का मतलब होता है 4-5 घंटे तक लगातार सोना। अगर आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो दिन में जब भी सोएं कोशिश करें कि 4-5 घंटे की नींद एक साथ लें। वास्तव में यही आपकी मुख्य नींद मानी जाएगी। कोशिश करें कि यह नींद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच हो। दरअसल, इस समय शरीर कुदरती रूप से थकता है और इस समय आने वाली नींद प्राकृतिक नींद के जैसे होती है यानी इसकी गुणवत्ता किसी हद तक रात की नींद के माफिक होती है।



**सोने का माहौल सुधारें:** अगर रात में नहीं सो पा रहे हैं तो सिर्फ इतना भर जरूरी नहीं है कि दिन में नींद लें बल्कि यह भी जरूरी है कि दिन में जब भी सोएं, आपके सोने का एक हेल्दी माहौल होना चाहिए। हेल्दी माहौल से मतलब है, दिन में जब सोएं तो सोने की जगह ऐसी हो, जहां अंधेरा हो, ठंडक हो और शांति हो। अगर जरा भी इन स्थितियों में कमी हो तो आंखों पर स्लीप मास्क और कानों में ईयर प्लग लगाकर सोएं। प्राकृतिक प्रकाश हमेशा नींद में सबसे बड़ी बाधा डालता है। इसलिए दिन के समय जहां सोएं अगर वहां पर प्राकृतिक रोशनी आ रही हो, तो कमरे में ब्लैक आउट कर्टेन लगाएं ताकि सोने का माहौल रात जैसा बन सके।

**भारी भोजन, कैफीन से परहेज करें:** अगर आप रात की शिफ्ट में काम करते हैं तो कॉफी, चाय या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल सिर्फ रात की शिफ्ट में काम करते वक्त शुरुआत के समय ही करें यानी, जब सोने जा रहे हों तो सुनिश्चित करें कि उसके 6 घंटे पहले तक ऐसी किसी चीज का सेवन न किया हो। अगर आपने दिन के समय सोने के पहले 6 घंटों में इन चीजों का इस्तेमाल किया तो नींद में खलल पड़ती है और तमाम कोशिशों के बाद भी संतोषजनक नींद नहीं आएगी। एक और बात का ध्यान रखें, जब भी रात में जगने के कारण दिन में सोना हो तो सोने के पहले भारी भोजन बिल्कुल न करें, बिल्कुल हल्का-फुल्का और सुपाच्य खाना खाएं ताकि वह नींद आने के पहले ही पच जाए और अगर न भी पचे तो नींद में खलल न डाले।

**संभव हो तो रात में पावर नैप लें:** रात की शिफ्ट के दौरान अगर संभव हो तो 20 मिनट या आधे घंटे की कम से कम एक 'पावर नैप' या नींद की तेज झपकी जरूर ले लें। क्योंकि अगर ऐसी एक झपकी ले ली जाए तो इससे न केवल रात में जगने के दौरान सतर्कता बनी रहती है बल्कि किसी हद तक दिन में सोते समय रात की नींद की कमी भी पूरी हो जाती है। 'पावर नैप' कुछ ही मिनटों की होने के बावजूद भी यह अच्छी गुणवत्ता की नींद देती है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें:** अगर लगातार नाइट शिफ्ट करनी पड़ रही है तो सिर्फ दिन के समय रात की नींद की भरपायी नहीं करनी होती बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। इसके लिए नियमित रूप से ध्यान करें, योगाभ्यास करें, नियमित रूप से हल्की कसरत करें और परिवार के साथ अपना गहरा जुड़ाव बनाए रखें।

रात में जगने के कारण दिन में नींद आने में दिक्कत हो तो अपने डॉक्टर से मिलें और उनकी सलाह से मेलाटोनिन सप्लीमेंट ले सकते हैं। *

**डॉक्टर्स एडवाइस**
**डॉ. सुशीला कटारिया**
**डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन**
**मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम**

बरसात के मौसम में ज्यादा गंदगी फैलने और जगह-जगह जलभराव से मच्छर बड़े पैमाने पर पनपते हैं। इस कारण मच्छरों के काटने से उत्पन्न होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया आदि के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इनसे बचने के लिए आपको सजग रहते हुए यहां बताए जा रहे उपायों पर अमल करना जरूरी है।

# बारिश के मौसम में रहें पूरी तरह सजग
# मच्छरजनित बीमारियों से करें बचाव

बारिश के मौसम में पाचन संबंधी, वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम के अलावा मच्छरों से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की आशंका भी बहुत बढ़ जाती है। मच्छरों के काटने से होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।

## डेंगू से रहें सचेत

एडीज इजिप्टी नामक मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर ज्यादातर सुबह या दिन के वक्त काटता है। एडीज के बारे में खास बात यह है कि यह स्वच्छ, लेकिन ठहरे हुए पानी में पनपता है। जैसे पानी की टंकी, गमलों और कूलर आदि में। डेंगू वायरल संक्रमण है। डेंगू वायरस के चार प्रकार होते हैं। डीईएन (डेन) वी 1, डीईएन वी 2, डीईएन वी 3 और डीईएन वी 4। एडीज के काटने पर यह वायरस व्यक्ति के रक्त में पहुंचकर उसे संक्रमित कर देता है। इससे व्यक्ति को डेंगू हो जाता है।

**लक्षणों को पहचानें:** तेज बुखार और जोड़ों में दर्द। त्वचा पर लाल निशान या चकत्ते पड़ना। सांस लेने में दिक्कत होना। मुंह, नाक और मसूड़ों से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) होना। सिरदर्द और शरीर में सूजन। आंखों में भारीपन महसूस होना। जी मिचलाना।

पेशाब का रंग लाल होना। पेट में दर्द और काले रंग का दस्त होना। उपरोक्त में से कुछ लक्षण दिखने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**टल सकती है गंभीर स्थिति:** डेंगू से पीड़ित व्यक्ति के रक्त में जब प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं, तो यह स्थिति गंभीर होती है। सामान्यतः एक व्यक्ति के शरीर में 1.5 लाख से लेकर लगभग 4.5 लाख तक प्लेटलेट्स काउंट होते हैं। डेंगू में प्लेटलेट्स की संख्या जब 50 हजार के नीचे चली जाती है, तब मरीज की जान पर खतरा मंडराने लगता है। ऐसी स्थिति में मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है, जहां उसे प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज कराया जाता है। तभी डेंगू की गंभीर स्थिति को टाला जा सकता है। डेंगू पीड़ित अनेक मरीजों का रक्त चाप (ब्लड प्रेशर) बहुत कम हो जाता है। कुछ लोगों के फेफड़ों की कार्यक्षमता भी कम हो सकती है। उपरोक्त लक्षणों और स्थितियों के मद्देनजर मरीज का इलाज अस्पताल में ही समुचित रूप से हो सकता है।




**इन बातों पर दें ध्यान:** अगर मरीज के शरीर के किसी अंग से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) हो तो इस हालत में उसे प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। डेंगू के संक्रमण में मरीज को किसी भी तरह की एंटीबायोटिक्स देने की जरूरत नहीं है। मरीज का बुखार उतारने के लिए उसे डॉक्टर के परामर्श से पैरासीटामोल की टैबलेट देना चाहिए और बुखार की स्थिति में मरीज के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखना लाभप्रद है। पीड़ित व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ जैसे जूस, सूप और नीबू पानी देते रहना चाहिए।



## ऐसे होता है मलेरिया

अन्य ऋतुओं की तुलना में बरसात के मौसम में मलेरिया के मामले कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। मादा एनॉफिलीज नामक मच्छर के काटने से व्यक्ति मलेरिया ग्रस्त होता है। आमतौर पर यह मच्छर शाम और रात में लोगों को कहीं ज्यादा काटता है। एनॉफिलीज मच्छर गंदे पानी जैसे सीवर लाइन और नालों या फिर जलभराव वाली जगहों में तेजी से पनपता है।



**मलेरिया के प्रकार:** मलेरिया प्लाजमोडियम के संक्रमण से होता है। यह चार प्रकार का हो सकता है- पहला, प्लाजोडियम वाइवैक्स, दूसरा पी. फाल्सीपेरम, तीसरा पी. ओवैल और चौथा पी. मलेरिई। अपने देश में पी. फाल्सीपेरम और पी. वाइवैक्स के मामले ज्यादा सामने आते हैं।

**मलेरिया के लक्षण:** मलेरिया होने पर ये लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- मरीज को ठंड लगती है। मरीज तेज बुखार से ग्रस्त हो जाता है। मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द होना। पी. फाल्सीपेरम मलेरिया में मरीज को बेहोशी तक आ सकती है। लिवर और किडनी की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सिरदर्द, जी मिचलाना और उल्टी होना।

**इलाज के बारे में:** मलेरिया के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर इस मर्ज की जांच करवा कर इसका इलाज शुरू करवाना चाहिए।

## चिकनगुनिया भी है कष्टकारी रोग

चिक वी नामक वायरस एडीज इजिप्टी मच्छर में होता है, जिसके काटने से चिकनगुनिया की समस्या उत्पन्न होती है। एडीज इजिप्टी मच्छर ज्यादातर दिन में काटता है।

**लक्षणों को पहचानें:** जोड़ों में बहुत तेज दर्द होना। मर्ज के ठीक हो जाने के बाद भी लोगों को सालों तक जोड़ों में दर्द की समस्या बनी रह सकती है। अनेक ऐसे मरीज होते हैं, जो कुछ दिनों के बुखार के बाद चलने-फिरने में अक्षम महसूस करते हैं। तेज बुखार और सिरदर्द। मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन होना। त्वचा के कुछ भागों पर लालिमा होना। रक्त परीक्षण और क्लीनिकल परीक्षण के जरिए चिकनगुनिया का पता लगाया जाता है।

**इलाज के बारे में:** चिकनगुनिया के मरीज का इलाज उसके लक्षणों के आधार पर किया जाता है। अभी तक इस मर्ज का कोई विशिष्ट इलाज उपलब्ध नहीं है। बुखार और दर्द से राहत पाने में पैरासीटामोल टैबलेट और अन्य दर्द निवारक दवाओं से मदद मिलती है। मरीज को आराम करने की सलाह दी जाती है।

ऐसे मरीज जिन्हें जोड़ों के दर्द में बिल्कुल राहत नहीं मिल पा रही है, उन्हें अंत में डाक्टर के परामर्श से स्टेरॉयड्स दवाओं को भी लेना पड़ सकता है।



मरीज को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसे तरल पदार्थों जैसे जूस, सूप, दूध, नारियल पानी और नीबू पानी पीना चाहिए। किसी व्यक्ति या केमिस्ट आदि के कहने पर दवा न लें। डॉक्टर के परामर्श पर ही दवाएं लें और उनके द्वारा सुझाए गए नुस्खों पर अमल करें।

मरीज के लक्षणों के लगातार बिगड़ने, उसके प्लेटलेट्स काउंट के निरंतर कम होने और सांस लेने में दिक्कत आदि समस्याएं जारी रहने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवाएं। इसमें देरी करना घातक हो सकता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### ऐसे करें मच्छरों से बचाव

**मच्छरों के** काटने से होने वाले मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसलिए आपको ही मच्छरों से अपना हरसंभव बचाव करना होगा। इसके लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं-



- अपने आवास के समीप जलभराव न होने दें।
- घर में कूलर, गमलों और बाल्टी आदि का पानी हरेक दिन बदलें।
- अपने आवास के खिड़की और दरवाजों को जरूरत पड़ने पर ही खोलें। इन पर जालियों का इस्तेमाल करें।
- मच्छरों को दूर भगाने वाले स्प्रे या दवाओं का इस्तेमाल करें।
- सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- पूरी बाजू और पूरा पैर कवर करने वाली ड्रेस पहनें।
- बाल्टी में या पानी की टंकी भरे पानी को खुला न छोड़ें।
- मॉस्किटो रेपेलेंट क्रीम और क्वायल्स का यूज करें।

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**

अगर सही तरीके से बारिश के मौसम में शशांकासन किया जाए तो इसके अनेक लाभ मिल सकते हैं। विशेष रूप से तन-मन का भारीपन दूर होता है। स्ट्रेस कम होता है, पाचनतंत्र सुधरता है। इस आसन को करने की विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

# तन-मन का भारीपन दूर भगाए शशांकासन

शशांकासन यानी हेयर पोज एक सरल लेकिन बेहद लाभकारी योगासन है। खासतौर पर मानसून के दिनों में, जब लगातार बारिश और उमस से मन और तन दोनों भारी महसूस होते हैं। उस समय यह आसन करने से मानसिक शांति और तन की थकान से राहत मिलती है।

**होते हैं कई लाभ:** शशांकासन में जैसा कि इसका नाम है, खरगोश के समान मुद्रा में झुकना पड़ता है। यह आसन करने के लिए वज्रासन में बैठकर आगे की ओर झुकते हैं तथा माथा जमीन पर टिकाते हैं। इस दौरान हाथ आगे की ओर फैले होते हैं। चूंकि बरसात के मौसम में वातावरण में उमस और भारीपन होता है, जिससे शरीर और मन दोनों थके महसूस होते हैं। ऐसे में शशांकासन करना विशेष रूप से लाभदायक होता है। इससे तनाव और चिड़चिड़ापन दूर होता है। शशांकासन मस्तिष्क में अतिरिक्त रूप से रक्तप्रवाह बढ़ाकर मन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है। चूंकि बारिश में पाचनतंत्र भी कमजोर हो जाता है। ऐसे में शशांकासन करने के दौरान पेट पर हल्का सा बनाया गया दबाव पाचन अंगों को सक्रिय करता है और इस मौसम में चूंकि अकसर जुकाम या सिरदर्द की समस्या होती है, इससे भी यह आसन माथे और चेहरे में रक्त संचार बढ़ाकर राहत देता है। शशांकासन से साइनस संबंधी परेशानियां भी दूर होती है। साथ ही इसे करने से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है। नमी और निष्क्रियता के कारण बारिश के दिनों में पीठ में जो अकड़न आ जाती है, उसे यह आसन दूर करता है। इस आसन के साथ एक अच्छी बात यह है कि अगर आप बारिश के कारण घर से बाहर किसी खुले वातावरण मे मसलन पार्क आदि में न भी जा सकें, तो भी यह आसन आराम से घर में किया जा सकता है। शांति और ध्यान के लिए यह आसन बिल्कुल आदर्श होता है।



**आसन करने की विधि:** सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं, दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और लंबी-लंबी सांस लें। सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और दोनों हाथ जमीन पर रखें। माथा जमीन से लगाएं, हाथ कंधे की सीध में रहें और सामान्य ढंग से सांस लेते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में बिताएं। फिर धीरे-धीरे वापस वज्रासन की मुद्रा में लौट आएं और स्थिर बैठ जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** शशांकासन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपको उच्च रक्तचाप की समस्या हो, पीठ में चोट लगी हो या चक्कर आ रहे हों तो तुरंत आसन रोक दें और अगली बार डॉक्टर या प्रशिक्षक की सलाह के बिना न करें। एक और बात का ध्यान रखें कि कभी भी शशांकासन भोजन के तुरंत बाद न करें। खाली पेट करें या कम से कम भोजन करने के तीन घंटे बाद करें। शशांकासन करने के लिए शांत, हवादार और साफ स्थान का चुनाव करें। मानसिक रूप से खुद पर ध्यान केंद्रित करें। शशांकासन दिन में सिर्फ एक बार वह भी सुबह करना चाहिए। इसे करते समय 3 से 5 बार दोहराया जा सकता है और हर बार 10 से 30 सेकंड की अवधि पर्याप्त होती है।

**पहले-बाद में क्या करें:** शशांकासन के पहले वज्रासन या ताड़ासन करना चाहिए। इससे रीढ़ सीधी करने और संतुलन बनाने में मदद मिलती है। इस आसन के पहले गहरी श्वास लेनी चाहिए ताकि फेफड़ों को तैयार किया जा सके और हल्की वार्मअप स्ट्रेचिंग भी जरूरी है ताकि मांसपेशियों को गर्म किया जा सके। लेकिन शशांकासन करने के पहले कभी भी भारी भोजन नहीं करना चाहिए। इससे पहले हार्ड वर्कआउट नहीं करना चाहिए। शशांकासन के बाद शवासन या मकरासन किया जा सकता है, इनसे मांसपेशियों को आराम मिलता है। प्राणायाम भी किया जा सकता है। *

# रोगनाशक गुणों से भरपूर सफेद पेठा

**औषधीय सब्जी / रेखा देशराज**

सफेद पेठा (ऐश गार्ड) को कई और नामों से जाना जाता है मसलन कुम्हड़ा, राख लौकी, विंटर मेलन आदि। यह महज सब्जी या पेठा बनाने के इस्तेमाल में आने वाला फल भर नहीं है बल्कि यह एक जीवन रक्षक बहुगुणी औषधि भी है। आयुर्वेद में इसे 'कूष्मांड' भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बेनिनकासा हिस्पिडा है। यह शरीर की ऊष्मा को संतुलित करता है, इस कारण मानसिक संतुलन बनाए रखता है। इसी गुण के कारण इसकी उपयोगिता बढ़ रही है, क्योंकि हाल-फिलहाल के सालों में शारीरिक बीमारियों से कहीं ज्यादा मानसिक बीमारियां लोगों में बढ़ रही हैं। इसलिए बाजार में सफेद पेठा की मांग काफी बढ़ गई है। यह त्रिदोष नाशक है। विशेषकर कफ के विकारों में यह अत्यधिक उपयोगी है।



**कई तरह से उपयोगी:** सफेद पेठा हल्का, ठंडा और पचने में आसान होता है। इसीलिए इसे सात्विक भोजन का विशेष हिस्सा माना जाता है। एसिडिटी, गैस, अपच जैसी समस्याओं में इसका इस्तेमाल राहत देता है। आयुर्वेदिक रसों में इसे पाचक औषधियों के साथ मिलाकर पाचन संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए दिया जाता है। यह तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा जैसी परेशानियों को दूर करने में लाभकारी है।

**इन रोगों में भी कारगर:** सफेद पेठा में नेचुरल शुगर नहीं होती है। यही कारण है कि इन दिनों लौकी से ज्यादा डायबिटीज के रोगी सफेद कुम्हड़े का जूस या सूप पीने को प्राथमिकता देते हैं। त्वचा और बालों के लिए भी इसका इस्तेमाल बहुत उपयोगी है। जो लोग ओवरवेट हैं और वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए सफेद पेठा बहुत कारगर है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और इसका सेवन करने से लंबे समय तक पेट भरा महसूस होता है। वजन घटाने के लिए यह परफेक्ट सब्जी है। *






## खबर संक्षेप



### ब्रेंडन टेलर जिम्बाब्वे टीम में शामिल

**हरारे।** ब्रेंडन टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के भ्रष्टाचार रोधी और डोपिंग रोधी नियमों के उल्लंघन के कारण लगाए गए साढ़े तीन साल के निलंबन को पूरा करने के बाद जिम्बाब्वे टेस्ट टीम में वापसी कर ली है। टेलर (39 वर्ष) को जनवरी 2022 में एक भारतीय व्यवसायी की ओर से 2019 में स्पॉट फिक्सिंग के लिए संपर्क किए जाने की सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रतिबंधित किया गया था। उन्हें बुलावायो के क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में सात से 11 अगस्त तक न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए जिम्बाब्वे टीम में शामिल किया गया है। टेलर को उस समय कोकीन के सेवन से जुड़ी डोप जांच में विफल होने के कारण भी एक महीने के लिए निलंबित किया गया था। उन पर 2019 में 15,000 अमेरिकी डॉलर लेने की बात स्वीकार करने के बाद प्रतिबंध लगा दिया गया था।

### तैराकी विश्व चैपिंयनशिप के 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर गांगुली



**सिंगापुर।** भारतीय तैराक शोआन गांगुली विश्व तैराकी चैपिंयनशिप के चौथे दिन पुरूषों की 200 मीटर मेडली में 38वें स्थान पर रहे। कर्नाटक के 20 वर्ष के गांगुली अपनी हीट में 2:05.40 सेकंड का समय निकालकर आठवें स्थान पर रहे और कुल 38वें स्थान पर समाप्त किया। इससे वह 16 तैराकों के सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लियोन मारचंड हीट में शीर्ष रहे। फ्रांच के इस तैराक ने 1:57.63 सेकंड का समय निकाला ।

### एलएसजी के गेंदबाज कोच बने भरत अरुण

**लखनऊ।** हाल में कोलकाता नाइट राइडर्स से अलग हुए पूर्व भारतीय गेंदबाजी कोच भरत अरुण को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने इसी पद पर टीम से जोड़ा है। हालांकि अभी तक



आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फ्रेंचाइजी के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'अरुण एलएसजी में शामिल हो गए हैं और जल्द ही औपचारिक घोषणा होने की उम्मीद है।' अरुण पिछले कुछ साल से केकेआर से जुड़े थे लेकिन 2025 में टीम के आठवें स्थान पर रहने के बाद शाहरुख खान के स्वामित्व वाली यह फ्रेंचाइजी अपने कोचिंग स्टाफ में बदलाव कर रही है। इसी तरह पिछले सत्र में सातवें स्थान पर रहने के बाद एलएसजी भी अपने सहयोगी स्टाफ में बदलाव कर रही है। राष्ट्रीय टीम के अब तक के सबसे बेहतरीन गेंदबाजी कोचों में से एक अरुण अपनी रणनीतिक कुशलता के साथ प्रतिभाशाली तेज गेंदबाजों को निखारने के लिए भी मशहूर हैं। एलएसजी अपने 'मेंटोर' जहीर खान के साथ अनुबंध बढ़ाएगी या नहीं, इसकी जानकारी का भी इंतजार है।

### नेरोका एफसी ने टीआरएयू एफसी से 1-1 से ड्रॉ खेला



**इम्फाल।** नेरोका एफसी ने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप ई के शुरूआती मुकाबले में 10 खिलाड़ियों की टीआरएयू एफसी से 1-1 ड्रॉ खेला। टीआरएयू क्लब के लिए खुनजामायुम राज सिंह ने दूसरे हाफ में 58वें मिनट में गोल दागा। वहीं अरूण कुमार सिंह (90+7वें मिनट) ने अंत में गोल दागकर प्रतिद्वंद्वी टीम को तीन अंक हासिल करने से महरूम कर दिया।

# मकाऊ ओपन : लक्ष्य, आयुष, तरुण क्वार्टर फाइनल में, करुणाकर-उन्नति का सफर समाप्त

एजेंसी ▶▶ मकाऊ

भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21.8, 21.14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

### शेट्टी ने हुआंग को केवल 31 मिनट में हराकर बाहर का दिखाया रास्ता





### ध्रुव और तनिषा की जोड़ी आगे बढ़ने में सफल

लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरुण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्तपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।

### करुणाकरण का सफर समाप्त

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21.18, 15.21, 15.21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। वहीं टी. हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंबाम को थाईलैंड के फुवानात एच और फुंगफा के ने 21.11, 21.14 से हराया।

### उन्नति नहीं बढ़ पाई आगे

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी । अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21.16, 21.10 से हराया। शंकर



सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमशः 21-18, 21-14 और 21-14, 21.16 से हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए। अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने 23-21, 21-11 से हराया। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक खिलाड़ी तसनीम मीर को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेइ ने 21-6, 21-14 से मात दी ।

## ओवल में आज महामुकाबला, नए शिखर पर पहुंचेगी भारत-इंग्लैंड की टक्कर

# बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में भारत दे सकता है इंग्लैंड को 'फाइनल पंच'

एजेंसी ▶▶ लंदन

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी ओवल टेस्ट में आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान और बेहतरीन आलराउंडर स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं। ओवल में इंग्लैंड की टीम को कप्तान स्टोक्स की प्रेरणादायक मौजूदगी की सबसे ज्यादा कमी खलेगी।



### बुमराह नहीं खेलेंगे पांचवा टेस्ट, आकाशदीप की हो सकती है एंट्री ?

**लंदन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड



ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।'

### कप्तान स्टोक्स बाहर, इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

**लंदन।** चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और प्रमुख तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं । मेजबान टीम श्रृंखला में 2.1 से आगे है। स्टोक्स की गैर



मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। स्टोक्स ने टीम की मोर्चे से अगुवाई करते हुए 17 विकेट लिए और 304 रन भी बनाए हैं । वह कंधे की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा ,' कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं । स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे।'' ईसीबी ने कहा,' इंग्लैंड ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जैकब बेथेल, सरें के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन , नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।'

#### इंग्लैंड अंतिम एकादश

ओली पोप (कप्तान), जाक क्रॉली, बेन डकेट, जो रूट, हैरी ब्रूक, जैकब बेथेल, जैमी स्मिथ, क्रिस वोक्स, गुस एटकिंसन, जैमी ओवरटन, जोश टंग ।

**मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3:30 बजे होगा शुरू**

## अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप

# हरदीप बने ग्रीको-रोमन वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन



एजेंसी ▶▶ एथेंस

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में गोल्ड जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदान रजा डेलरूज को क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

■ फाइनल मुकाबले में ईरान के यजदान रजा को हराया

### क्वालिफिकेशन राउंड में बाकतुर को हराया

*हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखिस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस योरास्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरूल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक गोल्ड पदक अपने नाम किया। हरदीप की ये जीत भारत के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा है।*

## सीएएफए नेशंस कप

# ताजिकिस्तान से भारत का पहला मुकाबला



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत को सीएएफए नेशंस कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप बी में रखा गया है, जहां उसका पहला मुकाबला 29 अगस्त को दुशांबे में मेजबान ताजिकिस्तान से होगा।

इस ग्रुप की अन्य दो टीम ईरान और अफगानिस्तान हैं। 8 सितंबर तक चलने वाला यह मध्य एशियाई क्षेत्रीय टूर्नामेंट, एएफसी एशियाई कप 2027 क्वालीफायर फाइनल राउंड से पहले भारत के लिए तैयारी का काम करेगा। भारत ग्रुप चरण के अपने अगले दो मैच 1 सितंबर को ईरान और चार सितंबर को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलेगा। इस टूर्नामेंट में आठ टीम भाग लेंगी। प्रत्येक ग्रुप की विजेता टीमें ताशकंद में फाइनल में जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दुशांबे में तीसरे स्थान के लिए भिड़ेंगी। ग्रुप ए के मैच ताशकंद में खेले जाएंगे। इस ग्रुप में मेजबान उज्बेकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, तुर्कमेनिस्तान और ओमान शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में भारत और ओमान दो मेहमान टीमें हैं। ईरान गत विजेता है, जिसने 2023 के फाइनल में उज्बेकिस्तान को 1-0 से हराया था।

### कोपा अमेरिका फेमिनिना : लगातार पांचवीं बार फाइनल में पहुंचा ब्राजील

**क्विटो (इक्वाडोर)।** पिछले चार बार के चैंपियन ब्राजील ने पहले आधे घंटे में तीन गोल करके उरुग्वे को 5-1 से हराकर लगातार पांचवीं बार कोपा अमेरिका फेमिनिना महिला फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अमांडा गुटिएरेस ने 11वें मिनट में ब्राजील की तरफ से पहला गोल किया। इसके दो मिनट बाद जियोवाना क्विरोज ने बढ़त दोगुनी कर दी जबकि स्टार खिलाड़ी मार्टा ने 27वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल करके ब्राजील की जीत सुनिश्चित कर दी। गुटिएरेस ने 65वें मिनट में फ्री किक पर एक और गोल किया, जबकि डुडिन्हा ने 86वें मिनट में टीम की तरफ से पांचवां गोल दागा। ब्राजील अगले शनिवार को होने वाले फाइनल में कोलंबिया से भिड़ेगा, जिसने सोमवार को अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 5-4 से हराया था।

## वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स

### भारत ने पाकिस्तान के साथ मैच खेलने से किया इनकार सेमीफाइनल में होनी थी भिड़ंत

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के सेमीफाइनल में भारत चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस के खिलाफ खेलने से एक बार फिर इनकार कर दिया है। ये मैच गुरुवार 31 जुलाई को होना था। भारतीय टीम का कहना है कि वे पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी तरह का मुकाबला नहीं खेलना चाहते। टीम ने पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ किसी भी द्विपक्षीय खेल संबंध के खिलाफ देश के रुख का हवाला दिया है।

#### ग्रुप स्टेज का मैच हुआ था रद्द


भारत चैंपियंस ने मंगलवार को वेस्टइंडीज चैंपियंस को सिर्फ 13.2 ओवर में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ मैच को लेकर उन्होंने पहले ही आपत्ति जताई थी। इससे पहले भी ग्रुप स्टेज का भारत-पाकिस्तान मैच रद्द कर दिया गया था। क्योंकि खिलाड़ियों और टूर्नामेंट के एक मुख्य स्पॉन्सर ने विरोध जताया था। वहीं गुरुवार को भारत ने एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर टूर्नामेंट का सेमीफाइनल में पाकिस्तान से खेलना था।

# 18 बॉल का 1 ओवर ,वाइड की झड़ी ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज हुआ शर्मसार

एजेंसी ▶▶ ललेस्टर

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 के एक मुकाबले में, जब एक गेंदबाज ने इतनी ज्यादा वाइड गेंद डाली की एक ओवर पूरा करने के लिए 18 गेंद डालनी पड़ी। दरअसल, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 में 14वां मुकाबला 29 जुलाई को ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस और पाकिस्तान चैंपियंस के बीच खेला गया।

इस मैच में ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस को 10 विकेट से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी। इस दौरान ऑस्ट्रेलियन टीम की ओर से एक ऐसा शर्मनाक ओवर देखने



को मिला, जिसमें 18 गेंदें फेंकी गई। दरअसल, पाकिस्तान की पारी के 8वें ओवर में गेंदबाजी करने आए जॉन हेस्टिंग्स को अपना ओवर पूरा करने के लिए 18 गेंदें डालनी पड़ गई। इन 18 गेंदों में 12 गेंदें वाइड रही और एक नो बॉल।

इस ओवर से कुल मिलाकर 20 रन आए, जिसमें 12 वाइड के अलावा एक नो बॉल, 2 सिंगल, एक बाई और एक चौका शामिल रहा। इस तरह पाकिस्तान चैंपियंस ने ऑस्ट्रेलिया चैंपियंस को महज 8 ओवर में 10 विकेट से धूल चटाते हुए पॉइंट्स टेबल में टॉप पर फिनिश किया।

## नेशनल बैंक ओपनः फर्नांडीज को माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में हराया

# संघर्ष के बाद कोको गॉफ की जीत, पहले राउंड में फर्नांडीज बाहर

एजेंसी ▶▶ मॉन्ट्रियल

शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई।

फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का



चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है।

चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।

### पुरुष एकल में मुसेट्टी-रूने की जीत

वहीं, पुरुषों में तीसरी वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी और पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूने ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बनाई। मुसेट्टी ने ऑस्ट्रेलियाई क्वालीफायर जेम्स डकवर्थ को 7-5, 6-1 से, जबकि रूने ने जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 7-6 (7), 6-3 से हराया। इस मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में सभी वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को पहले दौर में बाई मिली थी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर, दूसरे नंबर के कार्लोस अल्काराज, पांचवें नंबर के जैक ड्रेपर और छठे नंबर के नोवाक जोकोविच अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले रहे हैं। आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड, 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव, 14वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और गत विजेता 18वीं वरीयता प्राप्त एलेक्सी पोपिरिन भी अपने-अपने मैच जीतने में सफल रहे।

# पुलिस डायरी



## एडीजी के सुझाव से गरमाई सियासत...

हाल ही में पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एडीजी के सुझाव से सियासत गरमा गई। विपक्ष को भी आक्रामक होने का मौका मिल गया। दरअसल, एडीजी ने नव आरक्षकों के लिए कहा कि वह सोने से पहले रामचरितमानस का पाठ जरूर करें। एडीजी की सलाह के पीछे कारण यह है कि उनके पास प्रशिक्षण ले रहे पुलिसकर्मियों के ट्रेनिंग सेंटर चेंज को लेकर अधिक आवेदन आ रहे थे। उसमें अधिकांश आवेदन उन पुलिसकर्मियों के थे जो अपने घर के पास का सेंटर चाहते हैं। इसलिए साहब ने सुझाव दिया कि जब भगवान राम 14 वर्ष वनवास में रह सकते हैं, तो फिर अपनी ट्रेनिंग के दौरान आप घर से दूर क्यों नहीं रह सकते। इसके लिए रामचरितमानस का पाठ करें तो बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। फिर क्या था, विपक्ष के नेताओं ने कह दिया कि देश तो संविधान से चलता है, किसी धर्म ग्रंथ का पाठ व्यक्तिगत आस्था का विषय है। हालांकि एडीजी साहब अपनी सलाह पर आज भी कायम है, और उनको अपने इस सुझाव में कहीं कुछ गलत नहीं लगता।

## महिला आईपीएस का काम में नहीं लग रहा मन

पुलिस मुख्यालय में पदस्थ एक महिला आईपीएस का इन दिनों काम में मन नहीं लग रहा। कारण यह है कि उनकी अजीज दोस्त महिला अफसर का पिछले दिनों भोपाल से बाहर ट्रांसफर हो चुका है। दोनों की दोस्ती के चर्चे पीएचक्यू में रहे हैं, यह इसलिए क्यों सीनियर होते हुए भी महिला पुलिस अफसर, महिला एआजी के चेंबर में ही बैठती थी। दोस्ती इतनी पक्की थी कि लंच भी साथ में ही होता था। अब दोस्त से बिछड़ने के बाद मैडम अकेलापन महसूस कर रही हैं। हालांकि अधीनस्थ कर्मचारी महिला अफसर का ट्रांसफर होने से खुश हैं, क्योंकि दोनों महिला अधिकारी जब एक ही चेंबर में बैठती थीं, तो उनका स्टाफ स्वयं के काम से संबंधित कोई बात नहीं कर पता था।

## टीआई का पर्स और मोबाइल चोरी

राजधानी के पुराने शहर के एक थाना प्रभारी का मोबाइल और पर्स शासकीय वाहन से चोरी होने का मामला सामने आया है। थाना प्रभारी एक प्रकरण में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे थे, तभी थाना प्रभारी किसी चोर ने पर्स और मोबाइल चुरा लिया। पर्स में कितना माल था, यह कहना मुश्किल है। दरअसल, अपने ही थाना क्षेत्र में हुई मोबाइल और पर्स की चोरी के बाद थाना प्रभारी न शिकायत दर्ज करा सके और न ही किसी को कुछ बता सके। इतने सीनियर थाना प्रभारी के साथ हुई चोरी की इस घटना से यह बात तो तय हो गई कि अपराधियों में पुलिस का खौफ कम होने लगा है। यही कारण है कि उनके शासकीय वाहन से पर्स और मोबाइल चोरी हो गया।

## थानों को नहीं मिल रहे निरीक्षक

राजधानी के कुछ थाने अभी भी उप निरीक्षक थाना प्रभारी के भरोसे चल रहे हैं। सवाल इस बात का है कि रक्षित केंद्र में खाली बैठे कार्यवाहक निरीक्षक और निरीक्षक का आखिरकार क्या होगा। इनके बदले उप निरीक्षक थाने की कमान संभाले हुए हैं। थाना प्रभारी को थाने का प्रभार देने वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान नहीं है। दरअसल, बताया जाता है कि यह थाना प्रभारी या तो राजनेता के खास हैं या फिर फिर बड़े साहब से उनकी पटरी मेल खा रही है। इधर, कार्यवाहक निरीक्षक और उपनिरीक्षक जुगाड़ में लगे हैं कि सहायक उपनिरीक्षक के भरोसे चल रहे इन थानों की कमान उन्हें मिल जाए। कुछ कार्यवाहक निरीक्षकों का आरोप है कि यह उप निरीक्षक वरिष्ठ अधिकारियों के चहेते हैं, इसलिए उन्हें थाने की कमान सौंपकर रखी है।

प्रशांत शुक्ला/ प्रकाश भोमरकर

# हमीदिया-जेपी अस्पताल से शव घर पहुंचाने अब मिलेंगे सरकारी वाहन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के जिला अस्पताल जेपी और हमीदिया को बुधवार को एक-एक निःशुल्क सरकारी शव वाहन अलॉट किए गए हैं। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि अब मरीज या घायल की मौत होने की स्थिति में शव को अस्पताल से घर तक ले जाने के लिए परिजनों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

सरकारी अस्पतालों में निःशुल्क शव वाहन सेवा की शुरूआत की है। जेपी अस्पताल से दो शव वाहनों को विधायक भगवानदास सबनानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। फिलहाल राजधानी में यह सेवा दो वाहनों से शुरू की गई है, जल्द ही दो अतिरिक्त वाहन और अलॉट किए जाएंगे। इनकी तैनाती जरूरत और दबाव के हिसाब से की जाएगी। प्रारंभिक चरण में जेपी और हमीदिया अस्पताल को दो-दो शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। विधायक सबनानी ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शुरू की गई यह योजना पूरी तरह निःशुल्क है। हमीदिया और जेपी अस्पताल से पोस्टमॉर्टम के बाद शव को घर पहुंचाने तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

### हर ट्रिप के बाद सफाई और सैनिटाइजेशन होगा

हर ट्रिप के बाद शव वाहन की धुलाई की जाएगी और उसे विशेष मशीन से सैनिटाइज किया जाएगा, जिससे संक्रमण की संभावना समाप्त हो सके। यह परिजनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है।

तरुण सिंह परिहार, सीनियर मैनेजर, जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेज

# देहरादून में भारतीय वन सेवा 2023 बैच के अधिकारियों का दीक्षांत समारोह

मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी के पुत्र अथर्व तिवारी को मिला पदक और प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय वन सेवा के 2023 बैच के अधिकारियों की परीवीक्षा अवधि पूर्ण होने पर देहरादून स्थित प्रतिष्ठित इंदिरा गांधी वन अकादमी में बुधवार को दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। गरिमामय समारोह में मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी के पुत्र अथर्व तिवारी को परीवीक्षा अविधि पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र और पदक प्रदान किया गया। अथर्व तिवारी को (अरुणाचल प्रदेश, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश) कैडर आवंटित हुआ है। इस खास मौके पर अथर्व के माता-पिता श्रीराम तिवारी और डॉ. मंजू तिवारी भी उपस्थित रहे। अथर्व ने बचपन से ही देश सेवा का सपना संजोया था। यूपीएससी परीक्षा में सफलता पाने से पहले उन्होंने एमपी पीएससी परीक्षा भी क्लीयर कर ली थी। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश को गौरव की अनुभूति हुई है।

## राज्य निर्वाचन आयुक्तों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में ईवीएम शेयरिंग पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य निर्वाचन आयुक्तों की स्टैंडिंग कमेटी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से हुई बैठक में ईवीएम की पूलिंग, शेयरिंग पर चर्चा हुई। बैठक में राज्य निर्वाचन आयोग मप्र, हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर, बिहार, झारखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू, अरूणाचल प्रदेश, दिल्ली एवं सिक्किम के राज्य निर्वाचन आयुक्तों ने भाग लिया।

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार श्रीवास्तव ने राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से तैयार की गई ईवीएम शेयरिंग पॉलिसी तथा अन्य राज्य को किराए पर दी जाने वाली ईवीएम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि इस पॉलिसी के आधार पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग को 3000 ईवीएम किराए पर दी गई है। जम्मू-कश्मीर एवं महाराष्ट्र राज्य निर्वाचन आयोग को ईवीएम किराए पर दिए जाने के लिए एमओयू किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड और गुजरात से भी एमओयू किया जाना है। सिक्किम राज्य निर्वाचन आयोग ने भी इस संबंध में आग्रह किया है। स्टैंडिंग कमेटी की ओर से मप्र राज्य निर्वाचन आयोग की ईवीएम शेयरिंग पॉलिसी को मान्य किया गया। इस पॉलिसी को सभी राज्यों में लागू करने पर सहमति दी गई। राज्य निर्वाचन आयुक्तों की स्टैंडिंग कमेटी ने यह भी निर्णय लिया कि आयोग उनके पोर्टल में उपलब्ध ईवीएम, मतपेटियों की जानकारी उपलब्ध कराएंगे।

## राज्य वन बल प्रमुख होंगे विजय कुमार

**भोपाल।** वन विभाग के वन वल प्रमुख असीम श्रीवास्तव गुरूवार 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। इसके बाद उनकी जगह पर राज्य शासन नेभारतीय वन सेवा के अधिकारी विजय कुमार एन अम्बाडे को वन बल प्रमुख पीसीसीएफ हाफ के पद पर पदोन्नत करने का निर्णय लिया है। बुधवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया।

## आईपीएस सोनाली मिश्रा को दिल्ली भेजा

**भोपाल।** सोनाली मिश्रा, भापुसे (मप्र-1993), अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, चयन, भर्ती पुलिस मुख्यालय को रेलवे सुरक्षा बल, रेलये बोर्ड से महानिदेशक के पद पर नियुक्ति प्रदान करने के फलस्वरूप, राज्य शासन ने उनकी सेवाएं आगामी आदेश तक, केंद्रीय गृह मंत्रालय, नई दिल्ली को सौंपी हैं।

### आज दिल्ली में होने जा रहा आयोजन

# बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट में शामिल होंगे सीएम

मप्र को वैश्विक टैक्सटाइल मानचित्र पर स्थापित करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज गुरुवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम बीएसएल ग्लोबल आउटरीच समिट-2025 में सहभागिता करेंगे। यह टैक्सटाइल और उद्योगों का एक महत्वपूर्ण दो दिवसीय वैश्विक आयोजन है। यह समिट भारतीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करेगी। समिट में वैश्विक उद्योग जगत के निवेशक सहभागिता करेंगे। यह समिट वैश्विक सोर्सिंग और खरीद समुदाय की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप, सप्लाई चेन के प्रमुख हितधारकों को एक मंच प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारत मंडप में स्थापित मप्र राज्य पवेलियन का भ्रमण करेंगे।

### राउंडटेबल चर्चा में भाग लेंगे

मुख्यमंत्री वैश्विक टैक्सटाइल ब्रांड्स के प्रमुखों के साथ राउंडटेबल चर्चा में भाग लेंगे, जिसमें उद्योगों को मप्र में निवेश के लिए आमंत्रित किया जाएगा। समिट में मुख्यमंत्री डॉ. यादव वैश्विक कंपनियों जैसे वॉलमार्ट, एच एण्ड एम, ली एण्ड फंग, वाइल्डक्राफ्ट, ब्लैकबेरी जैसी अग्रणी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वन-ऑन-वन बैठकें करेंगे। इस दौरान ने समिट को राज्य की औद्योगिक क्षमता, निवेश संभावनाओं एवं टैक्सटाइल नीति पर संबोधित करेंगे। इस अवसर पर बीएसएल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स- 2025 का वितरण भी किया जाएगा।

### निवेश प्रोत्साहित करना उद्देश्य

समिट का मुख्य उद्देश्य वैश्विक टैक्सटाइल और गारमेंट उद्योग के दो प्रमुख स्तंभों अंतरराष्ट्रीय खरीदारों (जैसे वॉलमार्ट, एच एण्ड एम, ली एण्ड फंग) और स्थापित विनिर्माण कंपनियों को नेटवर्किंग, सहयोग और निवेश को प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत लाइफस्टाइल, टैक्सटाइल और अपैरल उद्योगों में ब्रांड्स और सोर्सिंग नेतृत्व सम्मानित होंगे।

## लाइफ स्टाइल

# जेआरडी टाटा का रोल करेंगे नसीर, जारी हुआ लुक



**मुंबई।** बॉलीवुड के उम्दा एक्टर नसीरुद्दीन शाह अपकमिंग सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' में जेआरडी टाटा का रोल करेंगे। हाल ही में नसीर के लुक ने सोशल मीडिया यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। यूजर्स को भी जेआरडी टाटा के लुक में नसीरुद्दीन शाह अच्छे लगे। नसीरुद्दीन शाह के नए लुक को लेकर यूजर्स ने अलग-अलग तरह के रिएक्शन दिए हैं। भारत रत्न से सम्मानित जेआरडी टाटा की 121वीं जयंती पर मंगलवार को सीरीज 'मेड इन इंडिया - ए टाइटन स्टोरी' से जुड़े कुछ फोटोज शेयर किए गए। इसमें नसीरुद्दीन शाह जेआरडी टाटा के गेटअप, लुक में नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# तनीषा

## नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें

फिल्म 'सैयारा' के निर्माताओं पर यह इल्जाम लग रहे हैं कि वह लोगों को नकली प्रदर्शन करने के लिए उन्हें पैसे दे रहे हैं। इस पर तनीषा मुखर्जी ने प्रतिक्रिया दी है। 18 जुलाई को रिलीज हुई मोहित सूरी की फिल्म सैयारा साल कबड़ी हिट फिल्मों में से एक साबित हुई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

नए कलाकारों अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत इस फिल्म की कहानी ने युवा दर्शकों को आकर्षित किया है। सिनेमाघरों में लोगों की प्रतिक्रियाओं के भावुक वीडियो वायरल हो रहे हैं। जहां कई लोगों ने फिल्म की तारीफ की है, वहीं कुछ लोगों ने इस पर संदेह भी जताया है, जिसके बाद अभिनेत्री तनीषा मुखर्जी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल यूट्यूब पर एक चैनल 'द बार्बर शॉप विद शांतनु' में दावा किया गया कि सिनेमाघरों में भावनात्मक चीजें नकली और बनावटी होते हैं। वक्ता ने आरोप लगाया कि फिल्म देख कर सिनेमाघरों में लोग जो प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं वह झूठी हैं। उन्होंने कहा 'इस बेतुकी सैयारा फिल्म के साथ क्या हो रहा है? मेरे विचार से, इस फिल्म के निर्माता ने कई युवाओं को सिनेमाघरों में जाकर रोने का भावनात्मक प्रदर्शन करने के लिए 500 रुपए दिए हैं। इस तरह फिल्म का प्रचार हो रहा है। तनीषा मुखर्जी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए इसे नकारात्मक बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा 'पूरी तरह से असहमत। समय बदल रहा है और ये लोग अतीत में ही उलझे हुए हैं। नए लोगों को प्यार दें और उनकी तारीफ करें। यह आदमी बकवास कर रहा है।




## हॉलीवुड मसाला

# टूडो को डेट कर रहीं कैटी



**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की पॉप सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो इन दिनों सुर्खियों में हैं और इसकी वजह है दोनों की साथ में डिनर डेट। मॉन्ट्रियल में दोनों को एक हाई-एंड रेस्टोरेंट में एक साथ डिनर करते और बाद में पार्क में टहलते देखा गया, जिससे सोशल मीडिया और इंटरनेशनल मीडिया में उनके बीच डेटिंग को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है। कैटी पेरी इन दिनों अपने 'लाइफटाइम्स टूर' के लिए कनाडा में हैं और इसी दौरान वो मॉन्ट्रियल पहुंचीं।



# इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर नोलन नहीं थे पहली पसंद

**लॉस एंजिल्स।** आपको ओपेनहाइमर, इंसेप्शन, इंटरस्टेलर और बैटमैन जैसी हॉलीवुड फिल्में तो याद ही होंगी। इन फिल्मों की गिनती हॉलीवुड की कुछ एक चुनिंदा फिल्मों में होती है। इन सभी फिल्मों को बनाया है हॉलीवुड के दिग्गज निर्देश, निर्माता और स्क्रीनराइटर क्रिस्टोफर नोलन ने। क्रिस्टोफर नोलन की सुपरहिट फिल्म इंटरस्टेलर के लिए क्रिस्टोफर पहली पसंद नहीं थे। बल्कि स्टीवन स्पीलबर्ग को 2006 में इस फिल्म का निर्देशन सौंपा गया था। जबकि स्क्रिप्ट राइटिंग का काम जोनाथन नोलन को मिला था। लेकिन 2012 में स्पीलबर्ग फिल्म से अलग हो गए। इसके बाद जोनाथन नोलन ने अपने भाई क्रिस्टोफर नोलन को इस फिल्म के बारे में बताया और इस तरह से क्रिस्टोफर 'इंटरस्टेलर' से जुड़े और ये एक शानदार फिल्म बनकर तैयार हुई।





# परम सुंदरी का गाना परदेसिया रिलीज

**नई दिल्ली।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की अपकमिंग फिल्म परम सुंदरी का पहला गाना परदेसिया रिलीज हो गया है। यह एक लव सॉन्ग है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। इसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की केमिस्ट्री जबरदस्त लग रही है। दोनों के रोमांस ने परम सुंदरी फिल्म के लिए लोगों की एक्साइटमेंट को दोगुना कर दिया है। परदेसिया गाने को सोनू निगम और कृष्णकली साहा की अपनी मधुर आवाज से सजाया है, जिससे इंटरनेट पर हलचल मच गई है। इस गाने को सचिन-जिगर की जोड़ी ने कंपोज किया है और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे है। फिल्म दुनियाभर के सिनेमाघरों में 29 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, जिसमें फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर किया गया है।



# नई फिल्म के लिए फरहान से मिलाया हाथ

**मुंबई।** सनी देओल ने हाल ही में गदर 2 और जाट जैसी बेहतरीन फिल्मों में कम किया है। इन फिल्मों की कामयाबी के बाद वह काफी मशहूर हुए हैं। अब वह लगातार कई फिल्में साइन कर रहे हैं। फिलहाल सनी देओल के पास लाहौर 1947, रामायण और बॉर्डर 2 जैसी बड़ी फिल्में हैं। खबर है कि सनी देओल ने फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ एक नई फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रोजेक्ट एक एक्शन थ्रिलर है। सनी देओल पहली बार एक्सेल एंटरटेनमेंट के साथ काम करने जा रहे हैं। बताया जाता है कि दोनों के बीच कुछ वक्त से बातचीत चल रही है। वे एक बड़े बजट की एक्शन थ्रिलर फिल्म पर साथ काम करने के लिए तैयार हैं। सनी देओल को स्क्रिप्ट पसंद आई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930